

महिलाएं तय करें कि राजद व उसके सहयोगी सत्ता में न लौटें - 12





भारत-रूस के कारोबारी रिश्तों को उड़ान यूपी अहम किरदार- 12



यूएन में नेतन्याहू ने दिखाए तेवर बोले-गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करके रहेंगे - 13



यह दबाव लिए बिना परिस्थितियों का लुत्फ उठाने के बारे में है : हरमनप्रीत - 14


आज का मौसम

35.0° अधिकतम तापमान

28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.59 सूर्यास्त 06.00

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी उपरांत 12:04 षष्ठी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 27 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 38, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 5 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### स्वदेशी 4जी का आज लोकार्पण करेंगे मोदी

**भोपाल।** बीएसएनएल अपने रजत जयंती वर्ष में स्वदेशी 4जी युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 27 सितंबर को ओडिशा के झारसुगुड़ा से देश को बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी सेवा राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 97,500 मोबाइल टावरों का उद्घाटन किया जाएगा। यह सेवा टीसीएस और तेजस नेटवर्क के साथ सी-डॉट कोर पर आधारित है। यह तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी है और 5जी में अपग्रेड करने की क्षमता भी रखती है।

### प्रदूषण निधि का 75 % उपयोग करना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत शामिल शहरों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे अब तक वितरित की गई राशि का कम से कम 75 प्रतिशत उपयोग करें, तभी उन्हें वित्त वर्ष 2025-26 के लिए धन आवंटित किया जाएगा। कार्यक्रम के क्रियान्वयन की निगरानी कर रही समिति ने 29 अगस्त को बुलाई गई एक बैठक में कहा कि एनसीएपी के तहत 130 शहरों को वितरित कुल 13,236.80 करोड़ में से केवल 769.83 करोड़ रुपये (74%) का ही उपयोग किया गया है।

### प.बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ को दी जमानत

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती अनियमितता मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को शुक्रवार को जमानत दे दी। इस मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में नौकरी के लिए नकदी मामले के मुख्य आरोपी चटर्जी को प्राथमिक स्कूल भर्ती में अनियमितताओं के मामले में जमानत दी गई। सीबीआई ने पिछले साल 27 दिसंबर को आरोप-पत्र दायर किया था। यह घोटाला हजारों करोड़ रुपये का है।

### कैदी के दिल से निकाली गईं तीन सुइयां

**इंदौर।** इंदौर के एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने 29 वर्षीय कैदी के दिल में धंसी तीन सुइयों को जटिल सर्जरी से निकालकर उसे नया जीवन दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये सुइयां एयरगन से दागी गई थीं। उसका अब तक जिंदा रहना करिश्मे से कम नहीं है। शल्य चिकित्सक डॉ. सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि मरीज को छाती के बाई तरफ चुभन और दर्द की शिकायत थ।

# निकायों में होगी तीन हजार भर्ती, महिलाओं को दिवाली पर फ्री सिलेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**यूपी कैबिनेट के फैसले**

- स्कॉलरशिप से वंचित छात्रों के लिए 647.38 करोड़ रुपये



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 22 प्रस्तावों को पेश किया गया। इन प्रस्तावों में पर्यटन, शिक्षा, खनन, कृषि, बुनियादी ढांचा, और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों को मजबूत करने की योजनाएं शामिल रहीं।

शुक्रवार शाम लोक भवन में हुई इस बैठक में राज्य के निकायों में तीन हजार कर्मियों की भर्ती का रास्ता भी साफ किया गया। निवेशकों को प्रोत्साहन देने की योजनाओं के साथ दिवाली में उज्जवला योजना के तहत लगभग 1.85 करोड़ महिलाओं को फ्री में सिलेंडर और साल 2024 में विभिन्न कारणों से छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह गए लगभग पांच लाख बच्चों को छात्रवृत्ति देने को मंजूरी दी गई। इस हेतु 647.38 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

कैबिनेट ने स्थानीय निकायों में लगभग तीन हजार पदों पर भर्ती नीति को मंजूरी दी है। निकायों में कॉडर पुनर्गठन के बाद बढ़े इन पदों के लिए मानक तय करने का प्रस्ताव भी पारित किया है। इससे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेशकों को अनुदान प्रदान करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई। विभिन्न विभागों के निवेश प्रोत्साहन योजनाओं को मंजूरी दी गई है।

### मोटा अनाज खरीद नीति को मंजूरी

खरीफ विपणन साल 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान क्रय नीति निर्धारण को स्वीकृति दी गई। 1 अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक पश्चिमी उप्र. में, 15 अक्टूबर से 28 फरवरी 2026 तक पूर्वी उप्र. में, धान क्रय किया जाएगा। इस साल कॉमन धान का क्रय मूल्य 2369 रु./क्विंटल तथा ग्रेड ए धान के लिए 2389 रु./क्विंटल तय किया गया है। 60 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। मक्का क्रय 2400 रुपये क्विंटल, बाजरा 2775 रुपये क्विंटल, ज्वार (हाइब्रिड) 3699 रुपये तथा ज्वार का खरीद मूल्य 3749 रुपये क्विंटल तय किया गया है।

### मृतक आश्रित को उसी कैडर में नौकरी

सुप्रीम कोर्ट में दायर मृतक आश्रित संबंध में अपील ''प्रेमलता बनाम उप्र. सरकार'' के आधार पर मृतक आश्रित योजनांतर्गत जो व्यक्ति जिस कैडर अंतर्गत मृत होगा उसके आश्रित को उसी कैडर अंतर्गत नौकरी मिलेगी, उदाहरण के तौर पर समूह ग आश्रित को उसी श्रेणी में, समूह घ आश्रित को उसी श्रेणी में नौकरी मिलेगी। इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

### ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेस वे का प्रस्ताव पास

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस वे तक लिंक एक्सप्रेस वे वाया फर्रुखाबाद 90 किमी का ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेस वे प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नए शहर प्रोत्साहन परियोजना अंतर्गत रामपुर, अयोध्या, लखनऊ, बागपत विकास प्राधिकरण को धनराशि प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है।

### तीन नए निजी विवि की स्थापना को मंजूरी

**लखनऊ।** कैबिनेट ने प्रदेश में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ बनाने के लिए तीन नए निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने का निर्णय लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि संभल के चन्दौसी क्षेत्र में राधा गोविंद विवि की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए, उप्र. निजी विवि (पंचम संशोधन) अध्यादेश, 2025 लाने का निर्णय लिया गया। यह विश्वविद्यालय 22.05 एकड़ भूमि पर स्थापित होगा। झांसी में गांधी विवि की स्थापना के लिए आशय-पत्र निर्गत किया गया है। यह विवि 20.21 एकड़ भूमि पर स्थापित होगा। फतेहपुर में ठाकुर युगराज सिंह विवि की स्थापना को आशय-पत्र जारी किया गया है।

# बरेली में बवाल, पुलिस पर पथराव और फायरिंग के बाद लाठी चार्ज

## आई लव मोहम्मद के पोस्टर पर कार्रवाई के विरोध में जुटी थी भीड़

- शरारती तत्वो ने गलियों और छतों से पुलिस पर किया पथराव
- उपद्रवियों पर काबू पाने को पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले
- पथराव-फायरिंग में पुलिस कर्मियों को लगे छर्रे, 10 घायल
- बवाल के बाद शहर के तमाम बाजार हुए बंद, कई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली में जिला पंचायत रोड पर लाठीचार्ज के बाद मची भगदड़ में सड़क पर छूटे लोगों के जूते-चप्पल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाने पर कानपुर में हुई कार्रवाई के विरोध में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद जुटी भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने शहर में पांच जगहों पर भारी बवाल किया।

उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर फायरिंग की। दुकानों में तोड़-फोड़ और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिए। बिहारीपुर पुलिस चौकी के पास पुलिस पर फायरिंग की। पथराव और छर्रे लगने 10 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ लाठी चार्ज किया। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बवालियों से कई असलहे भी बरामद किए गए हैं। घटना के बाद आधे से ज्यादा शहर के बाजार बंद हो गए। कानपुर की घटना के विरोध में मौलाना तौकीर रजा खां ने जुमे की नमाज के बाद समुदाय के लोगों के साथ इस्लामिया इंटर स्कूल के ग्राउंड पर धरना प्रदर्शन का एलान किया था। इसकी अनुमति पुलिस-प्रशासन ने नहीं दी थी। जिले में धारा 163 लागू होने के बावजूद शुक्रवार दोपहर लोगों का हुजूम इस्लामिया पहुंचने लगा। इसी बीच भीड़ की शक्ल में उपद्रवियों ने पुलिस के सामने नारेबाजी और तकरीर शुरू कर दी। उपद्रवी बेकाबू होते दिखे तो पुलिस ने उन्हें रोकने-समझाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया गया। कई दुकानों में तोड़-फोड़ भी की। हालात काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। उपद्रवियों ने गली और छतों से पुलिस पर पथराव किया।

> उपद्रवियों ने पथराव और फायरिंग कर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की। बवाल में 10 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने लाठी चार्ज करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे भीड़ तितर-बितर हुई। घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई गई है। उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है। कई लोगों को गिरफ्तार किया है। असलहे बरामद किए हैं। इस घटनाक्रम में शामिल किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।
>
> **-अजय कुमार साहनी**, डीआईजी बरेली

# ट्रंप ने अब दवाओं पर लगाया 100 % टैरिफ

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

- दवाओं पर शुल्क उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में लगा रहीं संयंत्र
- किचन कैबिनेट, फर्नीचर और भारी ट्रकों पर भी आयात कर लगाने की घोषणा की



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह एक अक्टूबर से आयातित वस्तुओं पर भारी कर लगाएंगे, जिनमें दवाइयों पर 100 प्रतिशत, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी (सिंक और सामान रखने के लिए उसके साथ बनी हुई अलमारी) पर 50 प्रतिशत, अपहोल्स्टर्ड फर्नीचर पर 30 प्रतिशत और भारी ट्रकों पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक पोस्ट में यह घोषणा की। ट्रंप ने इन शुल्कों को लगाने का कोई कानूनी आधार नहीं दिया। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि आयातित किचन कैबिनेट और सोफों पर कर राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य कारणों से जरूरी है।

ट्रंप ने कहा कि दवाओं पर शुल्क उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में संयंत्र लगा रही हैं। लेकिन यह स्पष्ट नहीं कि पहले से मौजूद कारखानों पर कर कैसे लागू होगा। अमेरिका ने 2024 में लगभग 233 अरब डॉलर की दवाएं आयात कीं। ऐसे में दवाओं की कीमत दोगुनी होना स्वास्थ्य खर्च और इलाज की लागत को बढ़ा सकता है। इस घोषणा ने सभी को चौंकाया है क्योंकि पहले ट्रंप ने कहा था कि दवाओं पर कर धीरे-धीरे लागू होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस का कहना है कि इस साल की शुरुआत में शुल्क की धमकी से जॉनसन एंड जॉनसन, एस्ट्राजेनेका, रोशे, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब और एली लिली जैसी कंपनियों ने अमेरिका में निवेश का एलान किया। कनाडाई चेंबर ऑफ कॉमर्स ने चेतावनी दी है कि शुल्क से दवाओं की कीमत तुरंत बढ़ेगी, बीमा व्यवस्था और अस्पतालों पर दबाव बढ़ेगा और मरीजों को दवाओं से वंचित होना पड़ सकता है।

### भारतीय दवा कंपनियों पर होगा सबसे ज्यादा असर

उल्लेखनीय है कि भारत से बड़ी मात्रा में अमेरिका को दवाओं का निर्यात होता है। अमेरिका में अधिकांश सस्ती और जेनेरिक दवा भारत से ही जाती हैं। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले का सबसे अधिक असर भारतीय दवा कंपनियों पर पड़ेगा। इससे पहले अमेरिका ने अगस्त में दो बार में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया था।

# आसमान में आखिरी बार गरजा मिग-21



मिग-21 के सेवामुक्ति समारोह के दौरान संबोधन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

चंडीगढ़, एजेंसी

- छह दशक सेवा के बाद वायुसेना से गौरवपूर्ण विदाई
- रक्षामंत्री राजनाथ ने इसे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया

छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे प्रसिद्ध लड़ाकू विमान मिकोयान-गुरेविच मिग-21 ने शुक्रवार को अंतिम बार भारतीय आकाश में उड़ान भरी और इसकी विदाई इतिहास और स्मृतियों में दर्ज हो गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिग-21 को एक शक्तिशाली विमान और राष्ट्रीय गौरव बताते कहा कि इस विमान ने हमारे आत्मविश्वास को आकार दिया है।

मंत्री ने कहा कि मिग-21 केवल एक विमान या मशीन ही नहीं, बल्कि यह भारत-रूस के मजबूत संबंधों का प्रमाण भी है। सिंह ने समारोह में कहा कि मिग-21 ने हमारी सैन्य विमानन यात्रा में कई गौरवपूर्ण क्षण जोड़े। उन्होंने कहा कि विश्व के सैन्य विमानन के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में कोई लड़ाकू विमान नहीं बनाया गया है। कहा कि 11,500 से अधिक मिग-21 विमान बनाए गए और उनमें से 850 लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने। यह संख्या इसकी लोकप्रियता, विश्वसनीयता और बहुआयामी क्षमता का प्रमाण है।

उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध, 1999 के कारगिल संघर्ष और 2019 के बालाकोट हवाई हमलों में इस विमान की भूमिका को याद किया। कहा कि इतिहास में ऐसे कई मौके आए हैं जब मिग-21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की है। इस मौके पर राजनाथ सिंह के अलावा वायुसेना के पूर्व प्रमुख एवाई टिपनिस, एसपी त्यागी और बीएस धनोआ तथा वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी मौजूद थे।

# जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक गिरफ्तार

लेह, एजेंसी



- सुरक्षा कारणों से लेह में बंद की गईं मोबाइल इंटरनेट सेवाएं

लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर केंद्र शासित प्रदेश में हुए हिंसक प्रदर्शन के दो दिन बाद शुक्रवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हिंसक प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 अन्य घायल हो गए थे।

लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने अपराह्न 2.30 बजे वांगचुक को हिरासत में ले लिया। वांगचुक पर लगाए गए आरोपों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन प्रशासन के सूत्रों ने संकेत दिया है कि जलवायु कार्यकर्ता के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लेह क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं। लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से मुखर रूप से बोलने वाले वांगचुक, (लद्दाख को) राज्य का दर्जा तथा लेह और कारगिल के निवासियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों के वास्ते पांच साल से चल रहे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।

### लेह में लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू लागू

**लेह।** लेह शहर में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी कर्फ्यू जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। स्थिति शांतिपूर्ण रही। गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय टीम ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एलएबी के प्रतिनिधियों, उपराज्यपाल, नागरिक और पुलिस अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं।

# सुप्रीम कोर्ट ने दी हरित पटाखे बनाने की मंजूरी

- दिल्ली एनसीआर में बिक्री पर रहेगी रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रमाणित विनिर्माताओं को इस शर्त पर हरित पटाखे बनाने की शुक्रवार को अनुमति दे दी कि उनकी बिक्री दिल्ली-एनसीआर में बिना मंजूरी के नहीं की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों के विनिर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध पर नए सिरे से विचार करने को भी कहा। पीठ ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अंतिम निर्णय से पहले दिल्ली सरकार, सभी हितधारकों से परामर्श का निर्देश दिया।

# यूपीईएसएससी अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय का इस्तीफा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (यूपीईएसएससी) की अध्यक्ष प्रोफेसर कीर्ति पांडेय ने पद से त्यागपत्र दे दिया है। शासन ने त्यागपत्र स्वीकार करते हुए आयोग के वरिष्ठ सदस्य रामसूचित को वैकल्पित कार्यभार सौंपा है। प्रो. पांडेय ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। हालांकि, उनके निर्णय पर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं।

ऐसे समय में जब कई परीक्षाएं संभावित हैं। आयोग के अध्यक्ष के त्यागपत्र देने से परीक्षा संबधी तैयारियों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी के अनुसार एक सितंबर 2024 को प्रो. कीर्ति अध्यक्ष नियुक्त हुई थीं।

**जवाबदेही तय होगी** | मुख्यमंत्री ने 3,96,602 छात्र-छात्राओं को वितरित की 89.96 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति

# बख्शे नहीं जाएंगे छात्रवृत्ति रोकने वाले अफसर : योगी

- पांच लाख छात्रों को दिवाली से पहले मिलेगी स्कॉलरशिप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में एक छात्रा को छात्रवृत्ति देते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सख्त चेतावनी दी कि छात्रवृत्ति रोकने वाले अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थानों की लापरवाही से अनुसूचित जाति-जनजाति के पांच लाख से अधिक छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए।

डाटा अपलोड न होने के कारण स्कॉलरशिप रोक दी गई थी, मगर अब सरकार ने दिवाली से पहले सभी के खाते में छात्रवृत्ति भेजने का फैसला किया है। आईजीपी में शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने 3,96,602 छात्र-छात्राओं को 89.96 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप वितरित की। उन्होंने साफ कहा कि जिन अफसरों की वजह से बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं मिली, उनकी जवाबदेही तय होगी। भविष्य में ऐसी गलती दोहराने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। योगी ने कहा कि 2017 से पहले छात्रवृत्ति में भारी गड़बड़ियां होती थीं। राशि समय पर नहीं मिलती थी और भेदभाव भी होता था। लेकिन 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद 2016-17 और 2017-18 की छात्रवृत्ति हर बच्चे तक पहुंचाई गई। सीएम ने जोर देकर कहा कि अब डीबीटी से पैसा सीधे खाते में जाता है, न कोई बिचौलिया, न भ्रष्टाचार। सीएम ने बताया कि 2017-18 से 2024-25 तक एससी-एसटी वर्ग के 1.23 करोड़ छात्रों को 9,150 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। सामान्य वर्ग के 58.90 लाख छात्रों को 5,945 करोड़ रुपये और पिछड़े वर्ग के 2.07 करोड़ छात्रों को 13,535 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। मंत्री नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, अनुसुचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### स्कॉलरशिप दोगुनी बजट की कमी नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017-18 में 1,648 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती थी, 2025-26 में यह बढ़कर 3,124 करोड़ रुपये हो गई है। यानी स्कॉलरशिप दोगुनी हो चुकी है। 2017 से अब तक 2 करोड़ से ज्यादा छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल चुका है।

न्यूज ब्रीफ

### महाकुंभ की टीम को एक्सीलेंस अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज महाकुंभ का फायर एंड सेफ्टी मॉडल देशभर के अन्य राज्यों में बड़े आयोजनों के लिए एक रोल मॉडल बनता जा रहा है। अपने कौशल, रणनीति और क्विक रेस्पॉन्स से प्रयागराज महाकुंभ को आग की बड़ी दुर्घटनाओं और जन हानि से बचाने वाली इस टीम को महाराष्ट्र में सम्मान से नवाजा गया है। महाराष्ट्र तीसरा राज्य है, जिसने प्रयागराज के फायर सेफ्टी मॉडल पर टीम को सराहा और सम्मानित किया है। महाराष्ट्र के मुंबई में गोरेगांव में इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स इंडिया की ओर से आयोजित इंटरनेशनल स्तर के समारोह में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान अगुवाई करने वाली अग्निशमन और आपात सेवा की टीम को फायर सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनीयर्स इंडिया के डायरेक्टर जनरल यू.एस छिल्लर ने यह अवॉर्ड टीम को दिया। टीम में जिन लोगों को सम्मानित किया गया, उसमें महाकुंभ में टीम की अगुवाई करने वाले आईपीएस पद्मजा चौहान, महाकुंभ के फायर सेफ्टी के नोडल अफसर प्रमोद कुमार शर्मा और चीफ फायर ऑफिसर अंकुश मित्तल शामिल हैं।

### रेलवे स्टेशनों पर चलाया क्लीन फूड अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर और उत्तर रेलवे प्रशासन ने शुक्रवार को प्रदेश के 25 से अधिक स्टेशनों पर क्लीन फूड अभियान चलाया। जिसमें स्टेशनों पर कैंटीन, स्टॉल, भोजनालयों, रसोईघर का अफसरों ने निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सामग्रियों की एक्सपायरी डेट, लाइसेंस आदि की जांच की गयी। वहीं क्वालिटी कंट्रोल के लिए खाद्य सामग्रियों के नमूने भी एकत्रित किये गये। मौजूदा समय में रेलवे स्वच्छता पखवारा मना रहा है। इसी के तहत स्टेशनों पर क्लीन फूड अभियान चलाया गया है।

### सिविल सेवा योजना की प्रवेश परीक्षा आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित सिविल सेवा परीक्षा योजना में शामिल होने के लिए रविवार को 450 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 850 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया था। यह प्रवेश परीक्षा बाबूगंज स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई। योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन छात्रों को मिलता है जिन्होंने सिविल सेवा में जाने के लिए संस्कृत साहित्य विषय का चयन किया है। उन्हें नि:शुल्क शिक्षा, अध्ययन सामग्री के साथ तीन हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है। यह जानकारी योजना के संयोजक डॉ. शीलवन्त सिंह ने शुक्रवार को दी।

### कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ सुरक्षित कार्यस्थल-सशक्त नारी अभियान और सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से संरक्षण संबंधी कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रति प्रतिभागियों और आमजन को जागरूक करना था। अभियान के पहले दिन विभिन्न आयोजनों में प्रदेश की लगभग 50 हजार महिलाओं ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री योगी की महिला सशक्तिकरण मुहिम में कॉलेज छात्राएं, अधिवक्ता, श्रमिक संगठन और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे। मिशन शक्ति-5.0 का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।

### 8.25 लाख लोगों ने दिए सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 अभियान के तहत शुक्रवार तक 8.25 लाख प्रदेशवासियों ने अपने सुझाव साझा किए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 6.3 लाख तो वहीं नगरीय क्षेत्रों से लगभग 1.75 लाख प्रदेशवासी जुड़ चुके हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्ध जनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघटनों, मीडिया एवं आमजन से संवाद किया। इस दौरान विगत 8 वर्षों की विकास यात्रा पर जानकारी साझा करने के साथ भविष्य की विकास रूपरेखा पर चर्चा की गई। सर्वाधिक 4.5 लाख सुझाव 31-60 आयु वर्ग के लोगों द्वारा दिए गए हैं, जबकि 3.5 लाख सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों ने दिए हैं।

## छापेमारी में डाक विभाग का मेल ओवरसीयर घूस लेते गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को मऊ के मोहम्मदाबाद गोहना पोस्ट ऑफिस में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने विभाग के मेल ओवरसीयर त्रिभुवन यादव को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ लखनऊ में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया।

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक ग्रामीण डाक सेवा ब्रांच के पोस्टमाटर दीपक दास ने शिकायत की थी। आरोप था कि एक माह के अवकाश के लिए ऑन लाइन आवेदन किया था। जिसे ऑन लाइन मैसेज के माध्यम से स्वीकृत कर दिया गया था। इसके बाद भी सब डिविजनल इंस्पेक्टर (एसडीआई) अभिषेक राय ने अवकाश को स्वीकृति देने और ड्यूटी से मुक्त करने के बदले में 10 हजार रुपये की मांग की। यह रकम दीपक से मेल ओवरसीयर त्रिभुवन यादव के माध्यम से मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई मुख्यालय लखनऊ से टीम तैयार की गई। गुरुवार को टीम ने छापा मारकर आरोपी मेल ओवरसीयर त्रिभुवन यादव को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

## 2007 की भर्ती में घालमेल, 54 लैब टेक्नीशियन रडार पर

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने तैनात टैक्नीशियनों की जांच रिपोर्ट शासन को भेजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में वर्षों पुरानी एक और भर्ती अब संदेह के घेरे में आ गई है। वर्ष 2007 में हुई 572 लैब टेक्नीशियन पदों की भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और भाई-भतीजावाद का खुलासा हुआ है। एक ही परिवार के नियुक्ति पाने वाले आठ टेक्नीशियन समेत 54 टेक्नीशियन प्रारंभिक जांच में संदेह के घेरे में आ चुके हैं। जांच रिपोर्ट शासकीय कार्यालय में पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष का कहना है कि मामला संज्ञान में

- स्वास्थ्य विभाग की नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा

नहीं हैं, जांच रिपोर्ट देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अंतर्गत कार्यरत लैब टैक्नीशियनों की नियुक्ति संबन्धी जांच के दौरान कई खुलासे हुए। जिला फतेहपुर के जगनंदन सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, किरन कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, सोशल सिंह, संजय कुमार सिंह, रंजीत सिंह और सर्वेश सिंह कुल टेक्नीशियन को एक ही परिवार से जुड़ा माना गया है, इसके अलावा बस्ती जिले के



राकेश प्रताप मणि और चंद्रभान प्रताप मणि दो सगे भाइयों को भी संदेह के घेरे में रखा गया है। हरदोई में मल्लावां के राजेश कुमार व उपेन्द्र कुमार को भी संदेह की सूची में शामिल किया गया है।

इसके अलावा जिनके पिता का नाम या पता एक ही है यानी एक परिवार से कई लोगों के चयनित होने का प्रमाण मिले हैं। इनमें भगवती मिश्रा के दो पुत्र संतोष मिश्रा और अंबुज कुमार शुक्ल शामिल हैं यानी पिता मिश्र और पुत्र शुक्ल। संदेह सूची में शामिल विवेक कुमार मिश्र, जितेंद्र कुमार मिश्र और विरेन्द्र कुमार मिश्र, तीनों का गृह जनपद इलाहाबाद है, मगर पता केवल जितेन्द्र कुमार का ही है, पिता के नाम एक हैं। शंभू नाथ दिवेदी के दो पुत्र प्रकाश चंद्र द्विवेदी व विकास चंद्र द्विवेदी, एक ही घर के पते पर नागेन्द्र कुमार यादव व पंकज यादव, बस्ती निवासी मोती लाल के नौकरी पाए दो पुत्र महेन्द्र कुमार व अरूण कुमार, गोंडा निवासी कुंवर बहादुर सिंह के दो पुत्र सुनील कुमार सिंह और ध्रुव कुमार सिंह के पते बदले हुए हैं, हरदोई निवासी शिवराज सिंह के दो पुत्र संजीव कुमार व राजकुमार सिंह, कानपुर देहात के राम प्रकाश के दो पुत्र ज्ञान प्रताप व भानू प्रताप मणि के पते अलग-अलग हैं। कौशांबी जिले तैनात टेक्नीशियन धीरेन्द्र कुमार सिंह, रामबाबू सिंह, युवराज सिंह और शिव सिंह के अलावा फतेहपुर के गुलाब सिंह के चार पुत्र संतोष कुमार सिंह, जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह और अतुल कुमार सिंह को संदेह के दायरे में शामिल किया गया है।

## धान क्रय लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन सेमीकंडक्टर निवेश को हरी झंडी

### यूपी कैबिनेट ने लिए आर्थिक, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे संबंधी फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में सभी 22 प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कैबिनेट के फैसलों की विस्तृत जानकारी साझा की। खन्ना ने बताया कि सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी मिली है, जो राज्य के आर्थिक, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में नई दिशा प्रदान करेंगे।

**2025-26 के लिए धान क्रय नीति की घोषणा :** खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए मूल्य संवर्धन योजना के अंतर्गत धान क्रय नीति की घोषणा की गई है। इसके तहत पश्चिमी उप्र. में 1 अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक और पूर्वी उप्र. में 15 अक्टूबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक धान की खरीद की जाएगी। गत वर्ष कॉमन धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2300 रुपये प्रति क्विंटल था, जो इस वर्ष बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसी प्रकार, ग्रेड ए धान के लिए पिछले वर्ष 2330 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले इस वर्ष 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कुल 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें वर्तमान में 3100 क्रय केंद्र कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इनकी संख्या बढ़ाकर 700 अतिरिक्त केंद्र जोड़े जाएंगे, ताकि किसानों को अधिक सुविधा मिल सके।

#### मक्का का 2400 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित

मोटा अनाज की खरीद नीति भी मंजूर की गई, जो 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। मक्का की खरीद के लिए 2400 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 2225 रुपये प्रति क्विंटल से 175 रुपये की वृद्धि दर्शाता है। प्रदेशभर 75 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे और 15 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य है।

#### बाजरा का 2775 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय

बाजरा की खरीद के लिए 2775 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय किया गया है, जो पिछले वर्ष के 2625 रुपये से 150 रुपये अधिक है। बाजरा की खरीद 33 जिलों में होगी। 300 क्रय केंद्रों के माध्यम से 2 लाख 20 हजार मीट्रिक टन बाजरा खरीदा जाएगा।

#### 50 हजार मीट्रिक टन ज्वार खरीद का लक्ष्य

ज्वार की खरीद नीति में भी वृद्धि की गई है। हाईब्रिड ज्वार के लिए 3699 रुपये प्रति क्विंटल तथा मालदांडी ज्वार के लिए 3749 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है। 80 क्रय केंद्रों से 50 हजार मीट्रिक टन ज्वार खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

#### खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर विशेष जोर

बैठक में ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाने वाले फैसलों पर विशेष जोर दिया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) न्यास तृतीय संशोधन नियमावली 2025 को मंत्रिपरिषद ने अपना अनुमोदन दे दिया है। इस संशोधन से राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। संशोधन के तहत जिला खनिज फाउंडेशन निधि (डीएमएफ) का 70 प्रतिशत हिस्सा प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में व्यय किया जाएगा।

#### संत कबीर टेक्सटाइल और अपैरल पार्क योजना

रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाली संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना को भी मंत्रिपरिषद ने अनुमोदित कर दिया है। प्रत्येक पार्क के लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी, जिससे प्रति पार्क 1500 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह योजना टेक्सटाइल उद्योग को मजबूत बनाएगी।

#### लेटर ऑफ कंफर्ट जारी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति 2024 के तहत मेसर्स वामासुंदरी इन्वेस्टमेंट्स (दिल्ली) प्राइवेट लिमिटेड को सेमीकंडक्टर परियोजना की स्थापना के लिए संशोधित लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया गया है। इस परियोजना में 2706.12 करोड़ रुपये के निवेश को केंद्र और राज्य सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर इकाई की स्थापना को बढ़ावा देगी, जिससे भारत को सेमीकंडक्टर उत्पादों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठेगा। साथ ही, यह परियोजना 3780 युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित करेगी।

## विकसित यूपी बनाने में पंचायतों की होगी बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री

### 57 हजार ग्राम प्रधानों व सदस्यों के साथ योगी ने किया वर्चुअल संवाद



विकसित उप्र-2047 अभियान को लेकर ग्राम प्रधानों के साथ वर्चुअल संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वर्चुअल संवाद में प्रदेश के 57 हजार ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों से कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में सबसे बड़ी भूमिका पंचायतों की होगी। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और यदि गांव समृद्ध होंगे तो यूपी देश का नंबर एक प्रदेश बनेगा।

मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रधानों को 'विकसित यूपी @2047' संकल्प से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पंच प्रण' की शपथ भी दिलाई। इस दौरान अभियान से जुड़ी एक लघु फिल्म दिखाई गई और सुझाव देने के लिए समर्थ पोर्टल व क्यूआर कोड की जानकारी दी गई।

सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अव्यवस्था का शिकार था। गरीबी और पलायन आम लोगों की नियति बन चुके थे। लेकिन बीते आठ वर्षों में यूपी की तस्वीर बदल गई है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 35 लाख करोड़ रुपये और प्रति व्यक्ति आय 43 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि आपके सुझावों पर आधारित विजन डॉक्यूमेंट अगले 22 वर्षों का रोडमैप तय करेगा।

- कहा- गांव समृद्ध होंगे तो यूपी देश का नंबर एक प्रदेश बनेगा

#### सर्वोत्तम सुझावों को मिलेगा सम्मान

योगी ने ग्राम प्रधानों से पंचायत बैठकों में अभियान पर चर्चा करने और गांव-गांव लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले से 3 और प्रदेश स्तर पर 5 सर्वोत्तम सुझावों को पुरस्कृत किया जाएगा। कहा कि ग्राम प्रधानों से प्राप्त सुझावों पर आधारित विजन डॉक्यूमेंट बनेगा, जो 22 वर्षों का रोडमैप तय करेगा।

#### ग्राम प्रधानों ने सुनाई बदलाव की कहानी

- **श्रावस्ती :** टड़वा महंत के प्रधान शिवकुमार राजभर ने कहा कि पूरा गांव अभियान से जुड़ गया है और मुख्यमंत्री के दौरे से हर घर में उत्साह है।
- **कौशांबी :** उखैया खास की प्रधान सीमा निर्मल ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों और बीसी सखी योजना ने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है।
- **बरेली :** भरतौल की प्रधान प्रवेश ने गांव को मॉडल ग्राम बताते हुए कहा कि यहां सबसे पहले मॉडल राशन की दुकान खोली गई थी।
- **अलीगढ़ :** तलेसरा के प्रधान गजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव से 13 स्वतंत्रता सेनानी जुड़े हैं, जिनकी स्मृति में स्टेडियम और अमृत सरोवर बने हैं।
- **अयोध्या :** सनाहा की प्रधान रीना पांडेय ने कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को गांव की बड़ी उपलब्धि बताया।

## शिक्षकों ने बनाया संघर्ष मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सभी शिक्षक संगठनों को एक मंच पर लाने की मुहिम तेज कर दी गई है। नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय शिक्षक भवन पर बैठक का आयोजन कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष बासवराज गुरिकर, महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, संगठन सचिव अर्जुन सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी और अखिल भारतीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय, प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी शामिल रहे।

- संसद सत्र के दौरान जंतरमंतर पर करेंगे बड़ा प्रदर्शन
- टेट को लेकर शिक्षकों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

शिक्षकों ने अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चे का गठन कर सामूहिक रूप से शिक्षकों की लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट के टेट अनिवार्यता के संबंध में आए फैसले से शिक्षकों की सेवा सुरक्षित रखने की आगामी रणनीति पर हुई इस बैठक में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर ने भी अपनी सहमति प्रदान की।

बैठक में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध राज्य संगठन, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार 2017 में शिक्षा अधिकार अधिनियम में किए गए संशोधन को निरस्त कर देश के सभी शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि केंद्र सरकार देश के शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने की दिशा में कदम नहीं बढ़ाती है तो संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान देश के शिक्षक दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन करेंगे।

## प्रवेश द्वार पर ही मिलेंगे अनारक्षित रेल टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के चार स्टेशनों पर रेलवे यात्रियों को प्रवेश द्वार पर ही अनारक्षित टिकट उपलब्ध करायेगा। इसका सबसे बड़ा फायदा ट्रेनों में रोजाना सफर करने वाले मुसाफिरों को मिलेगा। यात्रियों को टिकट खरीदने के लिए कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। बल्कि एक डिवाइस के जरिए रेलवे कर्मचारी स्टेशनों की एंट्री प्वाइंट पर ही लोगों को टिकट उपलब्ध करा देंगे। जिसका भुगतान नकद या फिर क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकेगा। वहीं टिकट काउंटर पर पूर्व की भांति व्यवस्था लागू रहेगी।

दरअसल, त्यौहारों के मौसम में प्रदेश के चार स्टेशनों लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में भारी संख्या में यात्री पहुंचते हैं। इनमें अनारक्षित टिकट से यात्रा करने वालों की संख्या काफी अधिक होती है। टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों की वजह से टिकट लेने में लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि लोग कई बार बिना टिकट ही ट्रेन की सवारी करते हैं। इन सब समस्याओं के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (एमयूटीएस) को एंट्री गेट पर संचालित करने का फैसला किया है। जल्द ही यह व्यवस्था लागू कर दी जायेगी।

- चार स्टेशनों पर जल्द सुविधा देने की तैयारी
- लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज से होगी शुरुआत

उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया है कि प्रदेश के चार बड़े स्टेशनों पर एमयूटीएस लागू किया जायेगा। इसमें एंट्री गेट पर ही कर्मचारी स्टेशन पर प्रवेश कर रहे यात्रियों का टिकट बना देंगे। जिससे यात्रियों को काउंटर पर जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। महिलाओं और बुजुर्गों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। यात्री स्टेशन पर एंट्री से पहले टिकट लेंगे और ट्रेन से यात्रा करेंगे। इससे बिना टिकट यात्रा पर भी लगाम लगेगी।

#### पुरानी व्यवस्था रहेगी लागू

रेलवे प्रशासन कर्मचारियों के जरिये मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली यानी मोबाइल अनरिजर्वड टिकटिंग सिस्टम लागू करने जा रहा है, लेकिन पहले से चल रहा मोबाइल यूटीएस एप और काउंटर पर टिकट लेने की व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा।

#### पुरानी और नई व्यवस्था में अंतर

चार स्टेशनों पर शुरु होने जा रहा मोबाइल अनरिजर्वड टिकटिंग सिस्टम कर्मचारियों के जरिये संचालित होगा, जबकि मोबाइल अनरिजर्वड टिकटिंग सिस्टम एप लोग स्वयं संचालित किया करते थे।

मिशन शक्ति | 10 दिवसीय आयोजन के लिए एक करोड़ 45 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत

## 25 शक्तिपीठों व मंदिरों में होगा देवी गायन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति विशेष अभियान के छठे चरण में प्रदेश में 25 शक्तिपीठ स्थलों-देवी मंदिरों पर देवी गीतों की परम्परा पर आधारित देवी गीत गायन एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ का आयोजन होगा। इस पर लगभग एक करोड़ 45 लाख रुपये का अनुमानित व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत शक्ति आराधना



का आयोजन कराया जायेगा। उनमें मां विंध्यवासिनी देवी (विंध्याचल), मिर्जापुर ज्वाला देवी सोनभद्र, सीता समाहित स्थल भदोही, आलोपी देवी प्रयागराज, कंदवासिनी देवी कौशाम्बी, पाटेश्वरी देवी-देवीपाटन बलरामपुर, ललिता देवी (नैमिषारण्य), सीतापुर, शाकुम्भरी देवी सहारनपुर, कात्यायनी देवी मथुरा, मां शीतला चौकिया धाम जौनपुर, बेलहा देवी जनपद प्रतापगढ़, विशालाक्षी देवी वाराणसी शामिल हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार चण्डिका देवी उन्नाव, देवकाली मंदिर औरैया, मां तरकुलहा देवी धाम गोरखपुर, मां शीतला माता स्थल मऊ, ललिता देवी प्रयागराज, शिवानी देवी चित्रकूट, गायत्री शक्तिपीठ हमीरपुर, बैरागढ़ माता कोंच जालौन, कुष्माण्डा देवी घाटमपुर कानपुर देहात, शीतला माता मंदिर मैनपुरी, चामुण्डा माता मंदिर जनपद फिरोजाबाद, चन्द्रिका देवी मंदिर व संकटा देवी मंदिर लखनऊ में देवी गीत गायन कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 25 स्थलों पर 10 दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं यात्रा व्यय पर एक करोड़ 25 लाख रुपये का व्यय अनुमानित है। वॉलिन्टियर पर ढाई लाख रुपये, अन्य व्यवस्थाओं पर 12 लाख 50 हजार रुपये तथा अभिलेखीकरण पर पांच लाख रुपये की धनराशि व्यय हेतु अनुमानित है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की ओर से 23 सितम्बर, 2025 को जारी करा दिया गया है।

## नवरात्र में कलाकार करेंगे सुर साधना

### प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर सरकार आज से कराएगी आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के नेतृत्व में नवरात्र के दौरान कई जनपदों में स्थानीय कलाकार 'सुर साधना' करेंगे। यह आयोजन शनिवार से होगा। इसके जरिए योगी सरकार पंजीकृत कलाकारों को मंच मुहैया कराएगी।

यह आयोजन राजधानी लखनऊ, वाराणसी, झांसी, मथुरा, गोरखपुर, आगरा, सीतापुर, अयोध्या समेत अन्य जनपदों में होगा। लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क व कुड़िया घाट समेत प्रदेश के दो दर्जन से अधिक धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर यह आयोजन होगा। सरकार लोक नृत्य के कलाकारों को 15 हजार, लोकगायकों को 10 हजार और अन्य विधाओं के कलाकारों को पांच हजार रुपये पारिश्रमिक स्वरूप भी देगी। सुर साधना में कलाकारों द्वारा लोकगायन, भजन-कीर्तन, लोकनृत्य व लोकनाट्य प्रस्तुति, कठपुतली व जादू, शास्त्रीय गायन व वादन, किस्सागोई, दास्तानगोई व काव्य पाठ आदि होगा। इसमें स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

#### इन स्थानों पर होगा आयोजन

जनेश्वर मिश्र पार्क व कुड़िया घाट लखनऊ, कुसुमवन सरोवर मथुरा, झांसी का किला, रामघाट चित्रकूट, नया अस्सी घाट वाराणसी, त्रिवेणी घाट प्रयागराज, शिल्पग्राम व बटेश्वर धाम आगरा, डाइट ऑडिटोरियम विकास भवन बदायूं, नैमिषारण्य धाम सीतापुर, रामगढ़ताल गोरखपुर, राम की पैड़ी अयोध्या, सामौर बाबा धाम फिरोजाबाद, सीता समाहित स्थल भदोही, पाल्हमेश्वरी देवी मंदिर आजमगढ़, विंध्यवासिनी देवी मंदिर विंध्याचल, प्रेम मंदिर वृंदावन, शुक्र तीर्थ मुजफ्फरनगर, देवीपाटन मंदिर बलरामपुर, गढ़मुक्तेश्वर हापुड़, मां शाकुंभरी देवी मंदिर सहारनपुर, शीतला माता मंदिर मैनपुरी।

अमृत विचार www.amritvichar.com


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

**बीज मंत्र...ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।**

# प्रीति, प्रांशु को 25 सौ रुपये प्रति माह मिलेंगे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- 19 सितंबर को बच्चों को तमंचे के नोक पर बंधक बनाने का मामला
- मिशन शक्ति 5.0के तहत तहसील में किया गया सम्मानित

**अमृत विचार।** 19 सितंबर को छिबरामऊ के कांशीराम कालोनी में बच्चों को तमंचे के बल पर बंधक बनाए जाने और इस मामले में किशोरी प्रीति द्वारा साहस का परिचय देने को लेकर उसे व उसे भाई को मिशन शक्ति 5.0 के तहत सम्मानित किया गया।

बता दें कि दीपू नामक युवक ने प्रीति (15), भाई प्रांशु (5) को तमंचे के बल पर बंधक बना लिया था। तब किशोरी किसी तरह से बाहर निकल आई और पुलिस को भीतर की भौगोलिक स्थिति की जानकारी दी थी। इस पर पुलिस ने छह घंटे से अधिक की मशक्कत करके प्रांशु को मुक्त करा लिया था जबकि आरोपी को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया था। मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी छिबरामऊ विष्णुकांत तिवीरी तथा मिशन शक्ति केंद्र के कर्मियों ने धनराशि संकलित करके परिवार के लिए सिलाई मशीन खरीदी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी अलका रानी ने परिवार के नाबालिग बच्चों प्रीति व प्रांशु के लिए माननीय मुख्यमंत्री बाल सहायता योजना से 2500-2500 रुपये प्रति माह की सहायता राशि स्वीकृत कराई। इस धनराशि का भुगतान प्रति माह बच्चों के बालिग होने तक जारी रहेगा। इसके अलावा जनपदीय शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी आनंद दुबे ने इच्छित विद्यालय में बच्चों के निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था के साथ ही पाठ्य पुस्तकों की भी व्यवस्था करा दी है। कांशीराम आवास योजना जिसमे बच्चे किराए पर रहते हैं उसमें उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी की ओर से एक आवास आवंटित कराया गया। साहसिक कार्य के लिए पुलिस ने प्रीति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। तहसील में आयोजित कार्यक्रम में सीए सुरेश कुमार के अलावा महिला कल्याण विभाग अधिकारी अंकुश कुश्वाहा, वन स्टाप सेंटर प्रभारी विनीता कुमारी आदि मौजूद रहे।



बच्चों को सिलाई मशीन आदि प्रदान करते विभिन्न विभागों के अधिकारी। अमृत विचार

# शक्ति, भक्ति का संदेश देता नवरात्र

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

- जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने माता रानी की आरती उतारी

**अमृत विचार।** मोहल्ला बस्तीराम के प्राचीन शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर के पास दुर्गा पंडाल में नवरात्र के पावन अवसर पर भक्तिमय वातावरण में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने माता रानी की विधिवत आरती उतारी और प्रसाद का भोग लगाया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, यह पर्व हमें शक्ति, भक्ति और एकता का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक सद्भाव मजबूत होता है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा, व्यापारियों का समुदाय हमेशा धार्मिक परंपराओं का सम्मान करता है। संकल्प लें कि हम ऑनलाइन की वजाय स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देंगे, ताकि यहां रोजगार के अवसर पैदा हों। रेखा शर्मा, ममता शाक्य, राधा शाक्य, ज्योति शाक्य ने उत्साह के साथ माल्यार्पण कर प्रिया का जोरदार स्वागत किया। उन्हें अखिलेश शर्मा प्रदीप राजकुमार ने मां दुर्गा की सुंदर प्रतिमा भेंट की। इटावा और जलालाबाद से आए कलाकारों ने देवी गीतों पर शानदार नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में उषा उपाध्याय, सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, प्रभाकर गुप्ता एवं प्रियांशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



आरती उतारतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### नगर में आज निकलेगी राम बारात

**सौरिख, कन्नौज।** श्री रामलीला सनातन कमेटी के अध्यक्ष शिवेंद्र प्रजापति उर्फ भूरे ने बताया की नगर में शनिवार को निकलने वाली राम बारात 101 झांकियां रहेंगी। तैयारियां पूरी कर ली गई है। बारात शाम 6 :00 बजे से सौरिख कोल्ड स्टोरेज से शुरू होकर पूरे नगर में भ्रमण करके जनकपुरी पहुंचेगी। झांकियां इलाहाबाद, बनारस, फर्रुखाबाद, मैनपुरी ,एटा ,अलीगढ़, शाहजहांपुर , पीलीभीत से आ रही हैं।

### बहवलपुर में अरसे से लग रहा मेला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बहवलपुर में 60 वर्ष से लगातार संतोषी माता का मेला लगता चला आ रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष व प्रबंधक बैकुंठनाथ सक्सेना एडवोकेट ने बताया, हर वर्ष चैत्र एवं शारदीय नवरात्र के दौरान बुधवार, गुरुवार व शुक्रवार को इस मेला का आयोजन अत्यंत प्राचीन संतोषी माता मंदिर के सामने किया जाता है। इस वर्ष यह 120 वां मेला है। दो दशक पहले यहां आयोजित होने वाले ढोला एवं नौटंकी में आसपास के सैकड़ो गांव की भीड़ पूरी रात जमी रहती थी। मेला के आयोजन में उनके भाइयों त्रिलोकीनाथ सक्सेना, द्वारिकानाथ सक्सेना व विश्वनाथ सक्सेना का पूरा सहयोग रहता है। मेला में अंतिम दिन शुक्रवार को समाजवादी महिला सभा की जिला सचिव रंजन सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पूजा अर्चना की।इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### ट्रेन से कट कर अज्ञात युवक की मौत

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कैलाश कोल्ड स्टोरेज के सामने रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया पर किसी ने पहचाना नहीं। इस पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सन्मार्ग देवी पंडाल में रंगोली बना दिखाया हुनर

## शहर के एसबीएस इंटर कालेज खेल मैदान में हो रहा दुर्गा महोत्सव

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सन्मार्ग के पण्डाल में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सबसे बेहतर रंगोली बनाने वाली टीम को पुरस्कृत किया गया।

दुर्गा महोत्सव की पांचवी शाम पंडालों में जयकारों संग तालियां गूंजती रही। शहर के सन्मार्ग, फर्श मोहल्ला, हरदेवगंज, कुतुलूपुर सहित कई पंडालों की रौनक देखते ही बनी। सभी पंडालों में मां का भव्य श्रृंगार कर आरती के बाद धार्मिक कार्यक्रमों का दौर शुरू हुआ जो पूरी रात चलता रहा। सरायमीरा के काली दुर्गा मंदिर, हरा चौधरी सराय, कांशीराम कॉलोनी, पठकाना मोहल्ला नगरकोट सहित सभी पंडालों में धार्मिक आयोजनों का दौर चल रहा।

सन्मार्ग और कुतुलूपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भी श्रोताओं की खासी भीड़ उमड़ रही है। पंडालों में पधारे आचार्य संगीतमय कथा का रसपान कराकर इत्रनगरी को भक्तिरस में सराबोर कर रहे है। देवी मंदिरों में भी भक्तों की खासी भीड़ रही। खासकर शहर के सिद्धपीठ मां फूल मति मंदिर में सुबह से देर रात तक पूजा पाठ करने लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शुक्रवार को भक्तों देवी मां के चौथे स्वरूप की पूजा अर्चना की।



सन्मार्ग के दुर्गा पण्डाल में बच्चों की ओर से बनाई गई रंगोली देखते कमेटी के लोग।

### रंगोली में निखरा प्रतिभाओं का हुनर

**कन्नौज।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन शुक्रवार को शहर के एसबीएस खेल मैदान पर सन्मार्ग की ओर से चल रहे श्रीदुर्गा उत्सव में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें शहर के कई स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। किसी ने रंगोली के माध्यम से माता रानी की भक्ति करने का संदेश दिया तो किसी ने स्वच्छता का संदेश देती रंगोली बनाई। यहां निर्णायक की भूमिका में पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. मधुलिका बाजपेई ने बनी रंगोली का अवलोकन कर निर्णय सुरक्षित कर समिति को सौंप दिया।

# मां भगवती के जागरण में उमड़ा हुजूम

संवाददाता मानीमऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नवरात्र पर मां भगवती के जागरण के आयोजन में बाहर से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। जागरण में कई तरह की झाकियों का प्रदर्शन किया गया और बीच बीच में महिला पुरुषों ने मां के कीर्तन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गुरुवार को मानीमऊ क्षेत्र के उग्गापुरवा के अतुल पाल प्रति वर्ष मां भगवती का जागरण कराते हैं। कानपुर की मां भगवती दुर्गा जागरण ग्रुप के कलाकार दीपक मिश्रा रागनी शर्मा दिव्यांशी पारुल आदि कलाकारों ने मां भगवती के कीर्तन सुना कर पंडाल में बैठे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

झाकियों को देख दर्शक पूरी रात मां भगवती की भक्ति का आनंद लेते रहे। सुबह प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



जागरण में झांकी का प्रदर्शन करते कलाकार। अमृत विचार



भगवती के जागरण में मौजूद भक्त। अमृत विचार

# संदिग्ध अवस्था में युवक का शव फंदे पर लटका मिला

**कन्नौज।** नगर कोटि मंदिर के पीछे नलकूप की कोठरी के बाहर कुण्डे में युवक का शव फंदे पर लटका मिला।

सदर कोतवाली के मोहल्ला पठकाना निवासी शिवम् पाल (29) पुत्र प्रेम चंद्र का शव शहर के नगर कोटि मंदिर के पीछे नलकूप की कोठरी के छज्जे में फंदे से लटका मिला। वह गुरुवार की रात से ही गायब था। परिजन उस की खोज कर रहे थे। तभी खोजते हुए सुबह परिजन नगर कोटि मंदिर के पीछे नलकूप की कोठरी के पास पहुंचे तो वह फंदे से लटका था । घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। इसके बाद शव को परिजनों ने उतार कर जिला अस्पताल सुबह करीब 06 बजे पहुंचाया। डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मृतक के बहनोई मनीष चंद्र पाल पुत्र राम रतन पाल निवासी सदर कोतवाली के मोहल्ला सफदरगंज ने दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंची। परिजनों ने हत्या किये जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

# लोडर ने स्कूटी में मारी टक्कर किशोरी की मौत, तीन घायल

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के बरुआ सबलपुर मोड पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** एन एच 34 के बरुआ सबलपुर गांव के सामने स्थित मंदिर के पास तेज रफ्तार लोडर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। घटना में मंदिर में पूजा करने जा रही किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।

गुरुवार की देर रात करीब 9 बजे प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम बरुआ सबलपुर गांव निवासी कुसुम पुत्री सत्यपाल अपने परिजनों के साथ प्रेमपुर में चल रहे मां दुर्गा महोत्सव में जा रही थी। उसी दौरान मैनपुरी जनपद के नवीगंज निवासी ज्ञानेंदप्रकाश व गिरीश चंद्र स्कूटी से गांव वापस लौट रहे थे। जीटी रोड पर पहुंचते ही छिबरामऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी में पीछे टक्कर मार दी। हादसे के बाद अनियंत्रित हुई पिकअप ने कुसुम व उसके परिजनों को भी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने गंभीर रूप से घायल कुसुम, राममूर्ति व स्कूटी सवार ज्ञानेंद्र प्रकाश व गिरीश चंद्र को सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया। यहां डाक्टर ने कुसुम को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। उधर हादसे की सूचना पर मृतका कुसुम व घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए।

# त्रिपाठी नगर वासियों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला त्रिपाठी नगर (वार्ड नं. 25) के बाशिंदों ने जलभराव की समस्या से निजात न मिलने तक आगामी चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है।

निराश होकर मोहल्ले वासियों ने सामूहिक निर्णय लिया है कि जब तक जलभराव का स्थायी समाधान नहीं होगा, वे आगामी सभी चुनावों का बहिष्कार करेंगे। निवासियों ने मांग की है कि बाहरी गलियों का पानी उनके मोहल्ले में न छोड़ा जाए और नाले की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि समस्या का पूर्ण समाधान होने तक किसी भी नेता का मोहल्ले में प्रवेश वर्जित रहेगा।

# नेक्स्ट जेन जीएसटी के रूप में त्योहारों पर उपहार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- जीएसटी रिफार्म को लेकर पत्रकारों से की बातचीत

**अमृत विचार।** प्रभारीमंत्री रजनी तिवारी,प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कमलावती ने कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव' की शुरुआत हो गई है।

वे यहां पत्रकारों से वार्ता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब या तो टैक्स-फ्री होंगे या 5% की सबसे कम स्लैब में आएंगे। घर बनाने, गाड़ी खरीदने, बाहर खाने या परिवार के साथ छुट्टियां मनाने जैसे सपनों को पूरा करना अब आसान होगा।

हेल्थ इंश्योरेंस पर भी जीएसटी को शून्य कर दिया गया है। जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब देश को अनेक तरह के टैक्स और टोल के जंजाल से मुक्ति मिली थी। इससे ग्राहकों और व्यापारियों, कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है।

इनकम टैक्स में छूट और नए जीएसटी रिफार्म को मिलाकर देखें, तो देशवासियों के सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचेंगे। आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत पर जिला गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कमलावती रही वहीं मंच पर मंत्री रजनी तिवारी,जिला अध्यक्ष वीर सिंह, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत उपस्थित रहे। वही आत्मनिर्भर भारत पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।



पत्रकारों से बात करतीं प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती, जिलाध्यक्ष वीर सिंह। अमृत विचार

सतर्कता — डीएम, एसपी ने जिला मुख्यालय व थाना क्षेत्रों में पुलिस ने किया रूट मार्च

# नव दुर्गा महोत्सव, जुमे को लेकर पुलिस अलर्ट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ सड़कों पर निकली पुलिस

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नवरात्र, जुमे की नमाज़ एवं आगामी त्योहारों को देखते हुए पैदल मार्च किया। इसी तरह जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पूरे जिले के थाना कोतवाली क्षेत्रों में दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पुलिस ने रूट मार्च किया गया। लोगों को शांति व्यवस्था के साथ त्योहार मनाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी कन्नौज आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सदर कोतवाली पुलिस व पीएसी के साथ नवरात्रि, जुमे की नमाज़ एवं आगामी त्योहारों को देखते हुए पैदल मार्च किया। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी शहर में निकले। गर क्षेत्र में प्रमुख मार्गों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशासन व पुलिस द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यह भी कहा कि कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मुस्लिम बाहुल्य और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन की मदद से विशेष सतर्कता बरती। कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से जुमा की नमाज सम्पन्न हुई। कहा कि इसी तरह की सर्तकता लगातार रहेगी। इस में पुलिस किसी भी तरह की लापरवाही न बरते।



कन्नौज शहर में पैदल मार्च करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार व कोतवाली पुलिस। अमृत विचार

### सोशल मीडिया पर की जा रही कड़ी निगरानी

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में त्योहारों को देखते हुए जनपद में सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की जा रही है। किसी भी तरह की सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर पुलिस संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

# कल धूमधाम से निकलेगी भगवान श्रीराम की बारात

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री रामलीला कमेटी द्वारा 28 सितंबर रविवार को श्रीराम बारात के आयोजन की तैयारियां चल रही है।

नई बस्ती जीटी रोड स्थित एक आवास पर हुई श्री रामलीला कमेटी की बैठक में अध्यक्ष देवकी नंदन मिश्रा ने कहा कि रविवार को भगवान श्रीराम की भव्य बारात का आयोजन हो रहा है। इसमें जीवंत समेत 51 झांकियों को शामिल किया जायेगा। बारात में बाबा महाकाल, लिल्ली घोड़ी, नाग नागिन, इलाहाबाद की झांकी, बरसाने की होली, भोले बाबा के नंदी, काली अखाड़ा आकर्षण को केन्द्र रहेंगे।

इस मौके पर महामंत्री श्यामू चौहान, टीटू अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष सर्वेश चौरसिया, पंकज दुबे, टिंकू दीक्षित, अनुराग अग्निहोत्री, सनी अग्निहोत्री, रिषी शुक्ला, अनुराग त्रिपाठी साहित्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता जलालाबाद कन्नौज

**अमृत विचार।** राज्य परियोजना से आई टीम ने पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर का औचक निरीक्षण कर और जमीनी हकीकत जानी।

शुक्रवार को राज्य परियोजना टीम के नोडल अधिकारी अंकित श्रीवास्तव, स्वाती देव व बीईओ गुगरापुर शिवेंद्र वर्मा ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर का औचक निरीक्षण किया। टीम ने विद्यालय के अभिलेखों की भी जांच की। इसके बाद बाल संसद, मीना मंच, स्मार्ट क्लास, स्पोर्ट किट, पीटीएम एसएमसी आदि के विषय में जानकारी कर बच्चों से पूछताछ की। छात्र-छात्राओं से कंप्यूटर पर ट्राईएंगल, स्क्वायर, कलर, कक्षा, विद्यालय का नाम आदि को लिखवाकर देखा। सही कार्य करने पर छात्र-छात्राओं की सराहना की। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



विद्यालय में अभिलेखों की जांच करती टीम। अमृत विचार

New DASTAK Classes
दस्तक, आपके सफलता की
The classes are known for preparing students for various exams like
SSC, BANK, UPSI, UPP
Address: Sharada Nagar Crossing No 9, Infront of Anurag Hospital, Kakadeo Kanpur Uttar Pradesh.
CONTACT: 7607780084, 7080270066
Vikash Pathak

अमृत विचार
कानपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025
कन्नौज-फर्रुखाबाद

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने लगाई फांसी हालत गंभीर

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिससे उसकी हालत गंभीर है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बराविकू निवासी दीपक (18) पुत्र सरवन ने अपने घर में ही संदिग्ध हालत में गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आनन फानन में उसको फांसी के फंदे से नीचे जमीन पर उतारकर गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए उसको लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बालिका कढ़ाई मे गिरकर झुलसी

**कायमगंज।** कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी गोपाल की आठ वर्षीय पुत्री आराध्या सब्जी की कढ़ाई मे गिरकर गंभीर रूप से जल गई। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि घर में तेरहवीं का खाना बनाया गया था वहीं कढाई में सब्जी बना कर रखी गयी थी लेकिन किशोरी वहीं पर खेल रही थी तभी अचानक उसका पैर फिसलने से वह कढ़ाई में गिर गई और गंभीर रूप से जल गयी। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### दारोगा अच्छे लाल पाल लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद।** बीते दिन एक सट्टा कारोबारी के द्वारा सट्टा पर्ची लिखने का एक वीडियो प्रसारित हुआ था, जिस पर सट्टा कारोबारी आरोप लगा रहा था कि हलका इंचार्ज मोहम्मदाबाद अक्षय लाल पाल को वह 15 हजार महीने देता है लिहाजा खुलकर सट्टा लगाओ डरने की कोई बात नहीं। मामले का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने दारोगा अच्छे लाल पाल को लाइन हाजिर कर दिया है।

### चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया

**कायमगंज।** गांव मऊ रशीदाबाद पहाड़ी में गुरुवार रात चोरों ने धावा बोलकर चार घरों को निशाना बनाया। तीन जगह नाकाम रहने के बाद एक घर से तांबे और पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। आरिफ के घर से चोर बर्तन व अन्य सामान चुरा ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

# हत्या व लूट के आरोपी को गोली मारकर दबोचा

## नकदी समेत करीब पांच लाख के जेवरात मिले, 50 हजार का घोषित था इनाम, 23 सितंबर को कुतलूपुर में हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के मोहल्ला कुतलूपुर में दिनदहाड़े हत्या व लूट को अंजाम देने के आरोपी को पुलिस ने गंगधरापुर के निकट टीले के पास गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा व चोरी की बाइक के अलावा लूटा गया माल बरामद किया है। आरोपी ससुर अब तक फरार है। दो दिन पहले ही डीआईजी ने दोनों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया था।


मुठभेड़ स्थल पर मौजूद एएसपी विनोद कुमार, कोतवाली प्रभारी व एसओजी टीम।

बता दें कि कुतलूपुर निवासी सुनीता पत्नी अर्जुन श्रावास्तव के यहां बीते तीन माह से मकान में टायल लगाने का काम कर रहे जसवंत उर्फ पंकज चौहान निवासी नथाई प्रेमनगर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर व उसका दामाद सूरज कश्यप पुत्र रामू कश्यप निवासी ग्राम पखरापुर थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव हाल निवासी लखनऊ ने 22 सितंबर को दिन दहाड़े सुनीता की हत्या कर दी थी। इसके बाद मकान की पहली मंजिल पर पहुंचकर उसकी पुत्री कोमल को बंधक बनाकर अलमारी में रखी पांच लाख रुपये की नकदी व जेवरात समेत करीब 30 लाख रुपये का माल लूट लिया था। इसके बाद दोनों फरार हो गये थे। पुलिस इन दोनों की तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी न होने पर एसपी ने दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था। इस के बाद कानपुर जोन के डीआईजी हरीश चंदर ने गुरुवार को 25-25 हजार रुपये का इनाम और बढ़ा दिया था। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिये एसपी ने पांच टीमें गठित की थीं। शुक्रवार को सदर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह की पुलिस टीम, एसओजी प्रभारी देवेश पाल की टीम व त्रिदीप कुमार की टीम संदिग्ध की तलाश में थी। इसी बीच सदर कोतवाली के गांव गंगधरापुर के निकट मंदिर के पास रोड से एक व्यक्ति पुलिस को बाइक से दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस व एसओजी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कई राउंड गोलियां दागीं। इस दौरान आरोपी सूरज के पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर गया। एसओजी व कोतवाली पुलिस ने घटना की सूचना एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय को दी तो वह भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने घायल हुए शातिर को जिला अस्पताल भेजा। यहां डॉ. पंकज ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया। उधर घटना की जानकारी पर फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए हैं। अब पुलिस को जसवंत की तलाश है।


आरोपी सूरज कश्यप जिला अस्पताल में भर्ती, मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### 19 मुकदमें दर्ज हैं शातिर सूरज पर

- पुलिस मुठभेड़ के बाद पैर में गोली मार कर गिरफ्तार किये गये शातिर अपराधी सूरज पर पहले से 19 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। इसी के चलते वह अपने गांव को छोड़ कर लखनऊ में मकान खरीद कर रहने लगा। वह इधर उधर काम करने के अलावा अपराध से धन जुटाता था।

### मुठभेड़ होने के दौरान पुलिस ने रोक दी रोड

- **कन्नौज।** जिस समय मुठभेड़ हो रही थी उस समय कई राउंड गोलियां दोनों ओर से दागी गई। इसी बीच रोड से कुछ लोग बाइक लेकर निकल रहे थे तो पुलिस ने उनको रोक दिया। जब बदमाश के पैर में गोली लग गई और उसे गिरफ्तार कर लिया तो पुलिस ने रास्ता खोला।

## कुपोषण से लड़ने में मोटे अनाज की महत्वपूर्ण भूमिका

**जलालाबाद, कन्नौज।** कृषि विज्ञान केंद्र में पोषण माह पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कुपोषण से बचाव के बारे में श्री अन्न का समीकरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

शनिवार को केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला ने 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताया कि कुपोषण से लड़ने में मोटे अनाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें फाइबर, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम व विटामिन जैसे पोषक तत्व भरपूर होते हैं। जो शरीर के विकास के लिए आवश्यक है। इसके अलावा पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। इससे खाद्य सुरक्षा बढ़ती है और किसानों को भी लाभ होता है। बताया कि पोषण केवल थाली भर खाना नहीं है बल्कि बच्चों में स्वस्थ शारीरिक और मानसिक विकास सीखने की क्षमता का विकास और भविष्य के अवसरों की नींव रखता है। बच्चों के भोजन में मौसमी फल, हरी सब्जियां, दाल, मोटे अनाज, जैसे ज्वार, बाजरा, मडुआ, काकुनी, सावा भोजन में शामिल करना चाहिए।

## महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण को लेकर किया गया जागरूक

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5 के तहत महिला सुरक्षा व को लेकर कार्यक्रम हुआ।

सीओ कुलवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कवक एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की। छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 108 समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई। सीओ ने छात्राओं से इन नंबर्स को याद रखने और अपनी नोटबुक के पहले पन्ने पर लिखने को कहा। कहा कि किसी भी संकट की घड़ी में ये नंबर महिलाओं और बच्चियों के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकते हैं। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार समेत अन्य विभाग के लोग मौजूद रहे।


महिला सशक्तीकरण को लेकर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते सीओ व अन्य।

## तिर्वा, समधन और गुरसहायगंज निकायों में जांच की रफ्तार धीमी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का नहीं मिल पा रहा लाभ
- अधिशाषी अधिकारी व लेखपाल की रिपोर्ट का है डूडा को इंतजार

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर पात्र की रहने के लिए अपनी छत होनी चाहिए। इसको लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) चल रही है। जिले में आवेदन भी खूब आए हैं लेकिन नगर निकायों व लेखपालों की ओर से जांच रिपोर्ट न आने के चलते जरूरतमंदों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। सबसे अधिक हालत नगर पंचायत तिर्वागंज, समधन व नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज की खस्ता है। यहां से आवेदन के सापेक्ष रिपोर्ट बहुत कम पहुंचीं हैं।

जरूरतमंदों का तर्क है कि महीने भर बाद सर्दी शुरू हो जाएगी तो खुले में, किराए, कच्चे घर या फिर झोपड़ी में लोग रात गुजारने को मजबूर होंगे। आवास योजना के लिए अब तक जनपद से कुल 13,797 परिवारों ने आवेदन किए हैं जिसमें 4,502 आवेदकों की ही जांच हो सकी है जिसमें 1,432 ही लोग पात्र मिले हैं। वर्ष 2025-26 के तहत आए आवेदनों में डूडा ने कुल 10,615 की जांच के लिए सूची संबंधित निकायों व तहसीलों को भेजी है।

**कुछ निकायों में 10 फीसदी भी जांच नहीं हुई:** तिर्वागंज नगर पंचायत से आवेदन के सापेक्ष 10 फीसदी जांच रिपोर्ट भी नहीं आईं हैं। 668 आवेदन आए जिसमें 459 जांच के लिए भेजे गए जिसमें 59 की ही रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसी तरह समधन नगर पंचायत में 1703 आवेदन के सापेक्ष 121 की ही जांच हुई जबकि 1321 आवेदकों की सूची समधन में भेजी गई। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज से 1556 आवेदन हुए और 1078 जांच के लिए भेजे गए जिसमें महज 175 की जांच हो सकीं हैं। सिकंदरपुर, सौरिख व छिबरामऊ की प्रगति भी 50 फीसदी से कम ही है। नगर पंचायत तालग्राम ने प्राप्त हुए सभी 622 आवेदनों की सूची के बाद जांच कराकर रिपोर्ट डूडा को भेज दी है हालांकि अब तक आवेदन 897 हुए हैं।

**नए वित्तीय वर्ष को 6 महीने गुजरे:** नया वित्तीय वर्ष 2025-26 अप्रैल से शुरू हुआ है। 06 महीने गुजर गए हैं लेकिन अभी आवेदनों की जांच ही पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में जरूरतमंदों को लाभ समय पर मिलना मुश्किल दिख रहा है। चर्चा है कि कुछ निकायों में चेयरमैन व ईओ के बीच तनातनी भी है इसका खामियाजा जरूरतमंदों को भुगतना पड़ रहा है।

## नहीं माने दंगाई तो पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछार छोड़ी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मॉक ड्रिल के दौरान सिखाये दंगाइयों से निपटने के तौर तरीके

**अमृत विचार।** दंगाइयों से निपटने के लिये पुलिस लाइन में पुलिस ने मॉक ड्रिल किया।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड के बाद मॉक ड्रिल का आयेजन किया गया। इस दौरान दंगा होने के दौरान दंगाइयों से किस तरह निपटा जाये। मॉक ड्रिल के दौरान मांगों को लेकर दंगाइयों ने प्रदर्शन किया। पुलिस व प्रसाशनिक अधिकारियों ने उनको समझाने का प्रयास किया पर वह नहीं माने। पुलिस ने हलका बल प्रयोग किया तो दंगाइयों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इससे पुलिस को पहले आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इसके बाद भी जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो पुलिस को गोली चलानी पड़ी। इससे कई दंगाई घायल हुए। इसके बाद दंगाई भाग निकले। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस को बुलाया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी को अस्पताल भेजा गया।


पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल के दौरान दंगाइयों से निपटती पुलिस।

# रैली निकाल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया गया संदेश

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मिशन शक्ति के विशेष अभियान के पांचवें चरण के दूसरे दिन साइकलोथॉन का आयोजन किया गया। स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ से यह रैली शुरू हुई। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।


साइकलोथॉन रैली को हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी।

रैली के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता फैलाना था। टीम ने विभागीय पैम्फलेट बांटे और टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। साथ ही लिंगानुपात, स्कूल ड्रॉपआउट, बाल विवाह, लैंगिक शोषण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया। यह अभियान शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 22 सितंबर 2025 से शुरू होकर 90 दिन तक चलेगा।

## घर से गायब नव विवाहिता प्रेमी के साथ गिरफ्तार

**अमृतपुर।** राजेपुर क्षेत्र की युवती की शादी पांच माह पूर्व फर्रुखाबाद की गई थी। बीते दिवस वह अपने मायके से गायब हो गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राजस्थान से प्रेमी इंद्रजीत के साथ बरामद कर लिया गया। जब उसे थाने लाया गया तो वह प्रेमी के साथ जाने पर अड़ी हुई थी। उसने बताया कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है जिससे वह वहां रहना नहीं चाहती। प्रेमी का कहना था कि हम दोनों सजातीय हैं और कई वर्षों से गांव में रिश्तेदारी होने के चलते हमारा आना जाना था। हम अब आपस में साथ रहकर जीवन बिताना चाहते हैं।

# जेएस कॉलेज में छात्राओं को किया जागरूक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वाभिमान सशक्त नारी समृद्धि प्रदेश के अंतर्गत पांचवे चरण के अंतर्गत जेएस इंटर कॉलेज नवाबगंज में थाना पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पत्रक वितरित किए गए।


पत्रक दिखाते विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार यादव व अन्य लोग। अमृत विचार

कस्बा इंचार्ज गिरीशचन्द्र ने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रकाश डाला और समझाया कि किस प्रकार के संदिग्ध लिंक को खोलने से बचना चाहिए। एसआई गीतम सिंह ने बच्चों को सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी समस्या में पुलिस की सहायता के लिए 112 नंबर का उपयोग किया जा सकता है, जो फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सेवाओं के लिए भी है। घरेलू हिंसा के लिए 181 नंबर पर कॉल करने की सलाह दी गई।

महिला आरक्षी रेनू ने 1098, 1090 और 1930 जैसे अन्य हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी, जिनका उपयोग साइबर क्राइम से संबंधित शिकायतों के लिए किया जा सकता है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार यादव (टीटू) ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 सितंबर से नवरात्रि के साथ ही मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ किया था।

उन्होंने छात्राओं से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने और किसी भी मानसिक परेशानी से बचने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों द्वारा बताए गए नंबरों का उपयोग कर सभी समस्याओं से मुक्ति पाने की बात कही। इसके साथ ही सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नवाबगंज थाने के पुलिस कर्मी कांस्टेबिल अर्जुन कुमार, महिला सिपाही व विद्यालय के छात्र व सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**महापंचायत** | किसानों की धान, मक्का ,बाजरा, तिलहन की फसलें पूरी तरीके से में बर्बाद हो गई

# बाढ़ प्रभावित किसानों ने की क्षेत्र के सर्वे की मांग

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन चौधरी हरपाल गुट के तत्वावधान में कोतवाली क्षेत्र के गांव टिलिया शिव मंदिर पर बाढ़ प्रभावित किसानों की एक महापंचायत का आयोजन किया गया।


महापंचायत में मौजूद भाकियू नेता ज्ञानचन्द्र व अन्य।

जानकारी देते हुए यूनियन के मण्डल प्रभारी ज्ञान चंद्र ने बताया कि बीते लगभग दो माह से बाढ़ तराई क्षेत्र में कहर मचाए हुए हैं । जिससे किसानों की धान, मक्का ,बाजरा, तिलहन की फसलें पूरी तरीके से में बर्बाद हो गई । प्रशासन द्वारा इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की सही तरीके से सर्वे कराई जाए। जिससे किसानों को उनकी बर्बाद फसलों का मुआवजा मिल सके । इसके साथ ही क्षेत्र में तमाम सड़कें बाढ़ के पानी से कट गई हैं। जिसे तत्काल सही कराया जाए। तराई क्षेत्र में बीमारियां फैल रही हैं, प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कराया जाए । कायमगंज से सिनौली मार्ग पर बूढ़ी गंगा का पुल ऊंचा करके बनाया जाए। रोड पर बूढ़ी गंगा का पुल भी ऊंचा किया जाए। क्षेत्र में आवारा गायों को पकड़वाया जाए। जिससे किसानों की फसलें बर्बाद होने से बच सकें। अकबरपुर गढ़िया रकवा को बाढ़ प्रभावित घोषित किया जाए। कंपिल से शमसाबाद बांध बनवाया जाए । जिससे कि किसानों की फसलें बर्बाद होने से बच सकें । बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मच्छर मारने की दवाई का छिड़काव कराया जाए । रामचरण राजपूत जिला प्रभारी, डॉ राम प्रकाश राम प्रकाश राजपूत जिला उपाध्यक्ष, त्रिकाल गिरी नागा बाबा, महिपाल सिंह, चंद्र सिंह जाट पूजा आदि मौजूद रहे ।

### निचले इलाकों में जलभराव

- **अमृतपुर।** अमृतपुर तहसील क्षेत्र में गंगा का बाढ़ का पानी कम हो गया है, जिससे कई प्रभावित गांवों को कुछ राहत मिली है। हालांकि, कई निचले इलाकों में बसे गांवों में अभी भी समस्या बनी हुई है।महमदपुर गढ़िया गांव में स्कूली बच्चों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी कक्षा तीन के छात्र आयुष ने बताया कि उन्हें साइकिल से जमापुर कस्बे में कोचिंग जाने के लिए एक महीने से अधिक समय से पानी से होकर गुजरना पड़ता है। कक्षा छह के छात्र आशीष ने बताया कि गांव के स्कूल में भी पानी भरा हुआ है ।

## देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी पर युवक को पकड़ा

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज नगर के मुख्य बाजार मार्ग स्थित शिव मंदिर पर गुरुवार शाम एक युवक जो अपने आपको कथावाचक बताता है। उसने देवी संतोषी माता और देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करना शुरू दिया।

अभद्र टिप्पणी करने पर मौजूद लोगों से उसकी नोंकझोंक होने लगी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दुर्गा महोत्सव के दौरान युवक द्वारा की गई देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी से नगर के लोगों में गुस्सा देखने को मिला। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। कस्बा प्रभारी गीतम सिंह के अनुसार युवक से पूछताछ जारी है।

# इलाज को ले जाते समय युवक की मौत, कोहराम

संवाददाता फर्रुखाबाद

- कार की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे
- सचिन की शुक्रवार सुबह लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई

अमृत विचार। नवाबगंज में गुरुवार दोपहर एक बाइक और कार की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक, सचिन कुमार की शुक्रवार सुबह इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के कलौली महबुल्लापुर निवासी सचिन कुमार अपने साथी रोहित कुमार और अरुण कुमार के साथ कन्नौज के दौलताबाद से नवाबगंज कस्बे में बाजार करने आए थे। बाजार से लौटते समय बिजली घर के पास उनकी बाइक एक कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सचिन कुमार, रोहित कुमार और अरुण कुमार बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी में घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर शुक्रवार सुबह परिजन सचिन को लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। सचिन का शव घर पहुंचते ही मां अनीता देवी सहित परिजनों में मातम छा गया। मृतक अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था।

## 'घटी जीएसटी मिला उपहार' वाले लगाए स्टीकर

**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य प्रांशु द्विवेदी ने एक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने शहर के मुख्य बाजार में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती की जानकारी दी।

अभियान के तहत घटी जीएसटी मिला उपहार वाले स्टीकर भी प्रतिष्ठानों पर चिपकाए गए। प्रांशु द्विवेदी ने व्यापारियों से आह्वान किया कि वे जीएसटी दरों में कटौती से होने वाले लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि दीपावली से पहले केंद्र सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। इस जनसंपर्क अभियान में पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मयंक बुंदेला, धीरेंद्र वर्मा, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### लक्ष्मी ने दौड़ में पाया प्रथम स्थान

**महेवा ।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत उझियानी स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित ब्लॉक स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्कूल एवं उच्च प्राथमिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया । खेल प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय लुधियानी महेवा की छात्रा लक्ष्मी ने 400 मीटर व 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और लम्बी कूद में मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त करके जनपद स्तर के लिए चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस के लिए धर्मवीर सिंह अनुदेशक,आशीष कुमार एवम मनोज कुमार अनुदेशक को समस्त स्टॉफ एवम प्रधानाध्यापक रेनू कुमारी ने सफल छात्रों को बधाई दी है।

### श्री हरि रिसोर्ट का हुआ भव्य शुभारंभ

**इटावा।** कचौरा मार्ग पर श्री हरि रिसोर्ट का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रिसोर्ट में बुजुर्ग सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिलुआ हनुमान मंदिर के महंत हरभजन दास महाराज और केदारेश्वर मंदिर के महंत भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। देश सेवा कर चुके पूर्व फौजी राजकिशोर ने बताया कि वह गरीब और असहाय लोगों के लिए निशुल्क मैरिज होमउपलब्ध कराएगें

### दुष्कर्म व एससीएसटी के आरोपी को जमानत

**इटावा ।** विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट संजय कुमार ने दुष्कर्म व एससीएसटी एक्ट के आरोपी के जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के अभाव में उसकी जमानत स्वीकार की है। बताया गया है कि फ्रेड्स कालोनी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली युवती ने आरोप लगाते हुए उसकी जसवंत नगर कस्बा के मोहल्ला फक्कड पुरा निवासी अभिषेक सिंह से जसवंत नगर में मुलाकात हुई थी। उसके बाद उसकी अभिषेक से बात चीत होने लगी। उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शरीरिक संबंध बनाए। बादमें अभिषेक की शादी तय हो गई तो वह उससे दूरी बनाने लगी। इसके बाद भी अभिषेक उसे बुलाता और वीडियों वायरल करने की धमकी देता था। 12 जून 2025 को उसने उसे दतावली रोड स्थित एक क्लब में बुलाया और उसे तीन दिन रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म व एससीएसटी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने अभिषेक को गिरफ्तार कर जेलभेज दिया। आरोपी की ओर से कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता तुषार गुप्ता ने उसकी ओर से पैरवी कर दलीलें पेश की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में अभिषेक की जमानत मंजूर कर ली।

### दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

**इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देसरमऊ में विगत दिवस सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की सैफई पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। मोहसिन 22 वर्ष निवासी इकदिल विगत दिवस सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। युवक की आज उपचार के दौरान मौत हो गई।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**इटावा।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बलराम सिंह चौराहा पर कार और बाइक के बीच हुई भिड़न्त में बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बलराम सिंह चौराहे पर कार और बाइक के बीच टक्कर में बाइक सवार अब्दुल पुत्र लल्ला निवासी काशीराम कालोनी सिविल लाइन और मुजीब पुत्र आदिल हुसैन निवासी बाइस ख्वाजा के पीछे अबुधाबी स्थित अंसारी कालोनी कोतवाली इटावा घायल हो गए। घायल युवकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ट्रेन से कटकर युवक घायल

**इटावा।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी यार्ड के पास किसी ट्रेन की चपेट में आने से गौरव निवासी एटा घायल हो गया। थाना जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ईएमटी 108 से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की सूचना घायल युवक के परिजनों को दी।

# नगर पालिका लिपिक ने यमुना में लगाई छलांग

## गोताखोरों की टीम नदी में कर रही तलाश, खबर लिखे जाने तक नहीं लगा सुराग, घर में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता इटावा



यमुना में तलाश करते गोताखोर, इंसेट में मौजूद भीड़ व मृतक का फ़ाइल फ़ोटो।



राजीव यादव के परिजनों को ढांढस बंधाते भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता व अंशुल दुबे।

**अमृत विचार ।** कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एंव नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक राजीव यादव ने गुरुवार की सुबह पुल से यमुना नदी में छलांग लगी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे सुसाइड नोट में इसका जिम्मेदार नगर पालिका के पांच लोगों को ठहराया। जानकारी होने पर पुलिस व प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे और उनकी तलाश कराई। लेकिन खबर लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं लगा । गोताखोरों की टीम उनकी तलाश में जुटी है।

कर्मचारी नेता राजीव यादव बाइक से यमुना पुल पर पहुंचे कुछ लोगों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने और नदी में कूद गए। राजीव यादव के नदी में कूदने की सूचना पर बड़ी संख्या में नगर पालिका के कर्मचारी और अन्य लोग यमुना पुल पर पहुंचे। कर्मचारी नेता राजीव यादव के नदी में कूदने की सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, उपजिलाधिकारी सदर विक्रम राघव, कोतवाल यशवंत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

एसडीएम सदर विक्रम राघव ने बताया कि राजीव यादव को नदी में खोजने के लिय स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन चला रहीं हैं । श्री यादव 31 अक्टूबर 2025 को रिटायर होने वाले थे। राजीव यादव के पुत्र सिद्धार्थ यादव ने बताया कि मेरे एक दोस्त ने उनकी मोटरसाइकिल यमुना नदी के पुल के पास खड़ी देखी तो मुझे फोन किया। जब मौके पर हम लोग पहुंचे तो उनकी बाइक और चप्पल देखी, वहां आसपास मौजूद लोगों ने बताया की एक व्यक्ति ने नदी में छलांग लगाई है। घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें साफ पता चलता है कि इन आरोपियों की वजह से मेरे पिता काफी आहत थे, जिसके वजह से उन्होंने ऐसा कदम उठाया है। हम चाहते हैं कि हमारे पिता सकुशल मिल जाएं। अगर वह नहीं मिलते हैं, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग है, इन सभी नामजदों को कड़ी सजा मिले।

### सुसाइड नोट में चेयरमैन समेत पांच को बताया दोषी

**इटावा।** वरिष्ठ लिपिक राजीव यादव ने यमुना में छलांग लगाने से पहले मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित सुसाइड नोट में लिखा है कि वह नगर पालिका परिषद इटावा में वरिष्ठ लिपिक पद पर कारित है। हमने अध्यक्ष ज्योति गुप्ता से कार्यालय अधीक्षक के पद पर प्रमोशन मांगा, उन्होने जब प्रमोशन नहीं दिया तो मैने उच्च न्यायालय इलाहाबाद की शरण ली कोर्ट का आदेश भी उनके द्वारा न मानने पर उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही उच्च न्यायालय में प्रचलित है। मुझे ईओ संतोष मिश्रा से चार नोटिस दिलाकर पिछले एक माह से मानसिक उत्पीड़न किया गया। मेरा माह अगस्त 2025 का वेतन भी कई पत्र लिखने के बाद भी नहीं दिया गया। जिससे मेरी बीमारी का इलाज न होने के कारण मेरी मानसिक व शारीरिक हालत खराब है। इसलिये मैं चेयरमैन ज्योति गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष संटू गुप्ता, ईओ संतोष मिश्रा, सेवा निवृत्त पेशकार अतर सिंह सेंगर, सेवा निवृत्त कार्यालय अधीक्षक सुनील वर्मा से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं। जिसकी पूरी जिम्मेदारी इन पांचों लोगों की होगी।

# पुलिस ने पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का अहसास



पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करतीं सीओ आयुषी सिंह अमृत विचार

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

- नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों का चालान भी किया गया

**अमृत विचार।** त्योहारों और यहां चल रहे रामलीला महोत्सव के मद्देनजर सीओ आयुषी सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर को स्थानीय पुलिस ने नगर की सड़कों और बाजार में पैदल मार्च कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया साथ ही पैदल मार्च के दौरान यहां बाजार में खरीदारी करने आई महिलाओं से क्षेत्राधिकारी ने रूबरू होकर मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला आपातकालीन सहायता नंबरों के बारे में जानकारी दी।

सीओ ने दुकानदारों से सीधा संवाद स्थापित किया और कहा कि कहीं भी कोई संदिग्ध या अराजक प्रतीत हो तो तुरंत थाने को सूचित करें वहीं दुकानदारों से अपील की कि आप सभी लोग सहयोग करें और किसी भी तरीके से सड़क पर अतिक्रमण न होने दें अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। वहीं यातायात नियमों का पालन न करते पाए गए वाहन चालक और वाहनों का चालान भी किया गया। पैदल मार्च में थाना प्रभारी निरीक्षक जसवंतनगर संजय सिंह, इंस्पेक्टर बलरई दिवाकर सरोज, इंस्पेक्टर बढ़पुरा के के मिश्रा,उनि. ललित चतुर्वेदी उनि. जितेंद्र चौधरी उनि. शिवशंकर सिंह उनि. उमेश पटेल आदि पुलिस अधिकारी कांस्टेबल शामिल रहे।

# छात्रों के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण स्काउट गाइड

कार्यालय संवाददाता इटावा



शिविर में उपस्थित अतिथि, आयोजक व छात्र।

- इस्लामिया में आयोजित सोपान जांच शिविर में स्काउट गाइड ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम

**अमृत विचार।** जिला विद्यालय निरीक्षक एंव भारत स्काउड गाइड इटावा जिला मुख्यायुक्त के निर्देश पर जिला सचिव रविंद्र यादव द्वारा इस्लामिया इंटर कालेज में तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन हुआ जिसमे स्काउट गाइड ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

प्रधानाचार्य इस्लामिया कालेज/ सहायक जिला आयुक्त गुफरान अहमद के सहयोग से डॉ. सुनील कुमार सिंह जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स एवं शशि प्रभा के नेतृत्व में इस्लामिया इंटर कॉलेज इटावा में तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्काउट गाइड द्वारा टेंट पिचिंग फूड प्लाजा गैजेट मेकिंग आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का निरीक्षण सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल मयंक शर्मा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश यादव, प्रधानाचार्य डॉ. दीपक सक्सेना, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. उमेश यादव तथा जिला सचिव रवींद्र यादव ने किया। प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न देकर स्वागत करते हुए कहा कि स्काउट गाइड छात्र छात्राओं के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे छात्रों की शारीरिक क्षमता के साथ शिविर से प्राप्त प्रमाण पत्र भी अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम का संचालन डा. कुश चतुर्वेदी ने किया। शिविर में इस्लामियां इंटर कॉलेज, कर्मक्षेत्र इंटर कॉलेज तथा आर्यकन्या इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज इटावा के स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया।

# भारतीय संस्कृति में प्रकृति मानव के समान

संवाददाता जसवंतनगर इटावा



मुख्य अतिथि का स्वागत करते डॉ. ब्रजेश चंद्र यादव। अमृत विचार

- चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी में पर्यावरण शिक्षाविदों ने रखे अपने विचार

**अमृत विचार ।** चौ.सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी के तत्वावधान में शुक्रवार को पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य हरित कौशल एवं सतत विकास विषय पर एक दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां वीणावादिनी की वंदना से हुआ। सीएसएसजीआई ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंधक डॉ. ब्रजेश चंद्र यादव और एमडी अनुज मोंटी यादव ने आए हुए सभी शिक्षाविदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि डॉ. यशोधरा शर्मा, प्राचार्य, एम.बी.डी. राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आवलखेड़ा (आगरा) रहीं, जबकि डॉ. राजीव चौहान, पर्यावरणविद्, इटावा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ यशोधरा शर्मा ने कहा कि प्रकृति और मानव का आपसी संबंध ही सृष्टि के संचालन का आधार है भारतीय संस्कृति में प्रकृति को मानव के समान महत्व दिया गया है। डॉ राजीव चौहान ने कहा कि सभी प्रजातियों का अपना महत्व है किंतु बढ़ती वैश्विक उष्मीकरण समस्या हमारे पर्यावरण पर सीधा प्रभाव डालती है। डॉ. शैलेन्द्र शर्मा प्राचार्य, चौ. चरण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हेवरा ने कहा कि ऋग्वेद के प्रारंभिक सूत्रों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश निहित है और भारतीय संस्कृति में जन्म से मृत्यु तक प्राकृतिक संरक्षण का संदेश हमारे संस्कारों में शामिल है। डॉ. श्यामपाल सिंह, प्राचार्य, राजकीय पंचायत राज डिग्री कॉलेज, इटावा ने वायुमंडल में बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को गंभीर चिंता का विषय बताया। डॉ. उदयवीर सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र, के.के. महाविद्यालय, इटावा ने कहा कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हम पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुँचाते हैं। डॉ. रिपुदमन सिंह पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर ने कहा कि विकास को सतत बनाने के लिए हरित कौशल आवश्यक हैं और यह विकास आने वाली पीढ़ी को प्रभावित नहीं करे। चौ० सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन एवं प्रबंधक प्रो डॉ. बृजेश चन्द्र यादव ने कहा कि संस्थान शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग है। निदेशक डॉ. संदीप पाण्डेय, अशांक हनी यादव, प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र यादव, विभागाध्यक्ष नितिन आनंद, डॉ. आस्था त्रिपाठी, डॉ. यादवेन्द्र सिंह, सुशील यादव एवं समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. ऋषीपाल सिंह ने किया।

### मारपीट की घटनाओं में सात लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में सात लोग घायल हो गए।

थाना सैफई क्षेत्र के अंतर्गत सरवरपुरा रोड पर दबंगों ने मारपीट कर प्रदीप निवासी मघईयापुर सैफई को घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घुमरिया में मारपीट की घटना में पूनम पत्नी कैलाश बाबू नि व रीशू पत्नी विकास बाबू घायल हो गईं। थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर निवासी राम नरेश को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत विद्याराम कालोनी में मारपीट की घटना में नीतू निवासी गदोखर थाना नगला खंगर फीरोजाबाद घायल हो गई। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत गंगापुरा निवासी शारदा देवी गांव में मारपीट की घटना में घायल हो गई। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेड़ा में मारपीट की घटना में दीक्षा घायल हो गई

# हत्यारोपी गिरफ्तार, शराब के नशे में हुआ था झगड़ा

कार्यालय संवाददाता इटावा

- गुरुवार को रक्तरंजित शव घर में पड़ा मिला था, हत्यारोपी ने हत्या करने की बात स्वीकार की

**अमृत विचार।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव बीरमपुर निवासी प्रदीप शाक्य पुत्र अहिवरन सिंह की उसके घर में चारपाई पर सिर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। घटना स्थल पहुंचे पुलिस अधिकारियों और फोरेंसिक टीम ने घटना से संबंधित साक्ष्य और नमूने एकत्रित किए थे। उन्हीं के आधार पर देर शाम को पुलिस ने आरोपी पप्पी उर्फ देवेंद्र पुत्र रामदास निवासी ग्राम हनुमंत खेड़ा थाना जसवंतनगर को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर पहले उसने कुछ नहीं बताया। कड़ाई से पूछताछ में गिरफ्तार देवेंद्र टूट गया और उसने प्रदीप की हत्या का जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मृतक और हम आपस में रिश्तेदार और गहरे दोस्त थे। बुधवार सुबह दिन से हम लोग साथ रहे और हम लोगों की शराब पार्टी चलती रही। बुधवार रात को ही प्रदीप के घर में शराब के नशे के दौरान हम दोनों में झगड़ा हो गया और हमने क्रोध में आकर प्रदीप के सिर पर ईंट के प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तार अभियुक्त की निशान देही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ईट और उसकी खून से सनी शर्ट को बरामद किया है। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर गिरफ्तार अभियुक्त पप्पी उर्फ देवेंद्र को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

### वाद विवाद में जान्हवी तिवारी ने मारी बाजी

**बकेवर।** जनता कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी ने की।

प्रतियोगिता के प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी तार्किक बुद्धि क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल डॉ ए के पांडे,डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. गोपीनाथ मौर्य एवं डॉ. दिव्यांश पाण्डेय ने प्रतिभागियों के प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन करते हुए परिणाम घोषित किए। जिसमें प्रथम स्थान बीएससी गणित तृतीय सेमेस्टर की छात्रा जान्हवी तिवारी ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई और उन्हें आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# छात्रवृत्ति पाकर खिले छात्रों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता इटावा



छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र के साथ मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

- 50 छात्रों को दिए गए छात्रवृत्ति के प्रमाणपत्र, खाते में पहुंची छात्रवृत्ति

**अमृत विचार ।** पूर्व दशम व दशमोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति वितरित की गई। राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी। पहली बार इतनी जल्दी अक्टूबर के महीने में छात्रवृत्ति का वितरण किया गया है।

जिला मुख्यालय पर विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री का संबोधन सुनाया गया। इसके साथ ही सदर विधायक सरिता भदौरिया ने जिले के 150 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति से संबंधित सर्टिफिकेट दिए। छात्रवृत्ति इन छात्र-छात्राओं के खातों में भेज दी गई है। सदर विधायक ने कहा कि सरकार छात्रों के हित में कार्य कर रही है। नई योजनाएं बनाई गई है और योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति के रूप में जो रकम मिली है उसका खर्चा पढ़ाई के लिए करें। निरंतर पढ़ें और आगे बढ़े। देश व समाज के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

छात्रों को ही देश के भविष्य का निर्माण करना है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक सक्सेना, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी प्रदीप तिवारी मौजूद रहे।

**मिशन शक्ति फेज 5** | डॉ . राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज गीजा में छात्राओं को दिए सुरक्षा के टिप्स

# कोई परेशान करे तो डरें नहीं, 181 पर फोन करें

संवाददाता सैफई इटावा



छात्राओं को जानकारी देतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छात्राओं को सुरक्षित रहने और जागरूक बनाने के लिए शुक्रवार को थाना सैफई पुलिस की एंटीरोमियो टीम ने डॉ. राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज गीजा पहुंचकर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। टीम ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया और कहा कि कभी कोई परेशान करे तो डरें नहीं बल्कि 181 पर फोन करें।

मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 और एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देश पर चल रहे एंटीरोमियो अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर अपराध शिकायत के लिए 1930 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही उन्हें समझाया गया कि अनजान व्यक्ति को ओटीपी न बताएं।

थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र कुमार राठी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे किसी भी परिस्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकती हैं। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करना है, ताकि वे निडर होकर आगे बढ़ सकें। इस दौरान, महिला उप निरीक्षक सुमनपाल,महिला कांस्टेबल आरती, महिला कांस्टेबल साक्षी महिला कांस्टेबल अलका महिला कांस्टेबल सोनम पटेल ने भी छात्राओं को जानकारी दी।

### रेलवे क्रासिंग के बीच में फंसी प्राइवेट बस

**भरथना।** दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक अन्तर्गत भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे क्रासिंग संख्या 20वीं पर शुक्रवार की सुबह 7 बजे एक प्राइवेट बस रेलवे क्रासिंग के बीचोंबीच खड़ी हो गयी। बस बकेवर की तरफ से चल कर भरथना कस्बा के ओर जाने को उक्त रेलवे क्रासिंग को पार कर रही थी। तभी रेलवे ट्रैक के बीचों बीच खराब हो गई । इसके चलते रेल कर्मी रेलवे क्रासिंग बन्द नहीं कर सके,इस बीच सुपरफास्ट ट्रेन दूरंतो एक्सप्रेस को रेलवे ट्रैक से गुजरना था। जिसकी सूचना से रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेल कर्मियों ने अन्य सहयोगियों की मदद से रेलवे क्रासिंग के बीचों बीच रेलवे ट्रैक पर खड़ी बस को धक्का दे कर रेलवे क्रासिंग से बाहर निकाला तब कहीं जाकर क्रासिंग बन्द हो सकी । इसके बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। तब कहीं जाकर रेलवे कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# स्वामीशरण भापए के प्रदेश अध्यक्ष बने



पत्रकारों के साथ नवनियुक्त अध्यक्ष स्वामी शरण श्रीवास्तव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** भारतीय पत्रकार एसोसिएशन की बैठक आर एस पब्लिक स्कूल लखना में पत्रकार करुणा शंकर दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से स्वामी शरण श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में सुनिश्चित किया गया की श्री श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जाकर भारतीय पत्रकार एसोसिएशन का गठन सुनिश्चित करें तथा शीघ्र ही प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की गठन की औपचारिकता पूरी करें। करुणा शंकर दुबे ने कहा श्री श्रीवास्तव एक जुझारू एवं कर्मठ पत्रकार हैं । इस अवसर पर सर्वसम्मति से अजय गुप्ता लखनऊ को कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी नामित किया। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष डॉक्टर मौसम अली, वरिष्ठ महामंत्री राकेश कुमार सिंह राठौड़, तरुण तिवारी, महामंत्री रिंकू तिवारी, महामंत्री देशराज सिंह राठौड़ रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मिशन शक्ति के प्रचार को वाहन रवाना

**औरैया।** मिशन शक्ति 5 .0 के अन्तर्गत शासन की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तीकरण एवं स्वाबलंवन हेतु शासन द्वारा संचालित आयोजनों के प्रसार- प्रचार हेतु 14 मिशन शक्ति प्रचार वाहनों को जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट प्रांगण से विभिन्न क्षेत्रों हेतु रवाना किया। इन प्रचार वाहनों द्वारा जनपद स्तरीय संकेतों यथा जनसंख्या अनुपात, जन्म मृत्यु दर, लिंगानुपात स्कूल ड्रापआउट छात्रों, बाल विवाह, लैगिंक शोषण, संस्थागत प्रसव, साक्षरता दर तथा महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे उनके दुष्परिणाम और प्रभाव को ध्वनि के माध्यम से आमजन तक पहुंचाया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी का क्षेत्रवार रूटचार्ट प्रति दिन के हिसाब से बनाया जाये और निगरानी रखी जाये कि प्रचार वाहनों द्वारा निर्धारित रूटचार्ट पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नीरज प्रसाद, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो अक्टूबर को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**औरैया।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर (गांधी जयन्ती) के दिन जनपद औरैया की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग के थोक व फुटकर अनुज्ञापनों के बिक्री की बन्दी घोषित की गयी है। इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

### समृद्धि शताब्दी पर महाअभियान शुरू

**औरैया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने हेतु विकसित उत्तर प्रदेश@ 2047 समृद्धि शताब्दी पर महाअभियान की शुरुआत की है। जिसके क्रम में पंचायती राज विभाग के माध्यम से जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ पंचायत सचिवालय/पंचायत भवनों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से प्रदेश के विकास हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट का निर्माण कर उस पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# हिस्ट्रीशीटर के साथी का खेत में मिला शव

## बुधवार रात गोलीबारी के बाद से गायब हो गया था, एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

- एसपी ने तीन टीमें गठित कर राजफाश के दिए निर्देश
- गोलीबारी में घायल हिस्ट्रीशीटर का सैफई में चल रहा इलाज

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत घसारा के मजरा गांव में घाटमपुर बंबा पुलिया के पास बुधवार रात हुई गोलीबारी में हिस्ट्रीशीटर विपिन यादव घायल हो गया था और उसका दोस्त शिवा गायब हो गया था। अगले दिन शिवा का शव खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


शिवा।


जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

बुधवार रात करीब एक दर्जन हमलावरों ने बाइक पर जा रहे दो युवकों पर फायरिंग कर हमला किया। जिन पर हमला किया गया वे हरनारायनपुर गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर विपिन यादव और उसके साथी आशा गांव निवासी शिवा ठाकुर थे। हमले में विपिन यादव के कंधे और छाती में गोली लगी थी । विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर अस्पताल भेज दिया। उसके साथी शिवा भदौरिया का पता नहीं चल सका था। हमलावर विपिन की होंडा बाइक और मोबाइल समेत छछुद गांव के पास छोड़कर फरार हो गए। घायल की पत्नी आरती देवी ने सूचना पुलिस को दी। इसलके बाद पुलिस ने घायल विपिन को सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद उन्हें पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया था। घटना के दौरान विपिन का साथी शिवा भदौरिया लापता हो गया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी रही। शुक्रवार सुबह 8 बजे किसान अखिलेश तिवारी के खेत में शिवा का शव मिलने पर हड़कंप मच गया । ग्रामीणों की भीड़ बड़ी संख्या में एकत्रित हो गई। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने फोर्स के साथ पहुंचकर धान की फसल के खेत में पड़े शव को निकलवाकर उसकी जेब से दो मोबाइल और 2 सौ रुपए बरामद किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । जानकारी पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती और अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा, सीओ पीयूष मिश्रा आदि ने जांच पड़ताल की। एसपी ने बताया खेत से मिले शव की पहचान शिवा भदौरिया निवासी आशा के रूप में हुई। तीन टीमों का गठन कर इस कांड का अनावरण शीघ्र करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि 24 सितंबर रात हुई गोलीबारी के मामले में 4 नामजदों और आठ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखा जा चुका है। घायल विपिन यादव जो हिस्ट्रीशीटर है उस पर 14 संगीन मुकदमें दर्ज हैं। जिसका उपचार पीजीआई सैफई में चल रहा है। घायल का दोस्त शिवा था जो उसे घर छोड़ने जा रहा था जो अविवाहित था। मृतक का बड़ा भाई शिवम नौकरी करता है। मां प्रतिभा भदौरिया का रो-रोकर बुरा हाल है।

### घटना के बाद खेत में मिला युवक का शव

- **अछल्दा।** थाना क्षेत्र के ग्राम घसारा में गोलीकांड की घटना के बाद बड़ा घटनाक्रम सामने आया। घटना के 36 घंटों बाद ही गांव के खेतों से एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान शिवा भदौरिया पुत्र परशुराम भदौरिया निवासी आशा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही एएसपी आलोक मिश्रा, सीओ पुनीत मिश्रा व थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालात को देखते हुए गांव में तनाव की स्थिति बनी रही। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने पीएसी तैनात कर दी है।

### हत्यारों के एनकाउंटर की उठाई मांग

- अछल्दा के घसारा गांव में हुई वारदात से आक्रोशित परिजन अब सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मृतक शिवा ठाकुर के चाचा के लड़के गुड्डू ने प्रशासन से अपील की है कि हमलावरों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़कर एनकाउंटर करे ताकि भविष्य में कोई और इस तरह की वारदात का शिकार न हो। परिजनों का कहना है कि परिवार ने अपना चिराग खो दिया है और अब न्याय केवल तभी मिलेगा जब आरोपियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाएगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो परिजन आंदोलन करने को मजबूर होंगे।


स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# ट्रेनों के ठहराव को लेकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** अछल्दा में भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राजनैतिक भारत) के नेतृत्व में किसानों और नागरिकों ने अछल्दा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में रेल मंत्री भारत सरकार से कोरोना काल के दौरान बंद किए गए ट्रेनों के ठहराव को अछल्दा स्टेशन पर पुनः बहाल करने की मांग की गई है।

यूनियन ने विशेष रूप से सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस (15483/15484), कानपुर-अलीगढ़ सुपरफास्ट मेमू (04189/04190) और संगम एक्सप्रेस (14163/14164) का ठहराव बहाल करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि इन ट्रेनों का पहले अछल्दा स्टेशन पर नियमित ठहराव होता था, जिससे छात्रों, मरीजों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलती थी। ठहराव बंद होने के कारण अब आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री सूरज भान, पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल, इंद्रपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, लल्लन और नीरज सहित कई किसान व नागरिक मौजूद रहे। सूरज भान ने चेतावनी दी कि यदि ट्रेन ठहराव की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।


कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

# भगवती जागरण में जमकर झूमे श्रोता

**कंचौसी, औरैया।** कस्बा में नहरपुल पर शिव मंदिर प्रांगड़ में आयोजित नौ दुर्गा महोत्सव में मंदिर में गुरुवार को आयोजित मां भगवती जागरण में रात भर श्रोता झूमते व जयकारे लगाते रहे। नरेन्द्र नादान जागरण ग्रुप की ओर से आए कलाकारों ने विभिन्न झांकियों सहित देवी गीत, पचरा गाकर पूरी रात श्रोताओं को भक्तिसागर में डुबोये रखा।

कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। शिव मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने तूने मुझे बुलाया शेरावालिए, प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी तो चुनरी के रंग लाली हमार मइया के आदि भजन व गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ ही राधा कृष्ण, महाकाल, महाकाली और शंकर पार्वती की आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन झीझक ने दीप प्रज्वलन करके किया।

# स्कूलों में कमियों पर डीआईओएस नोटिस करें जारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सीएम डैशबोर्ड के कार्यों की विधिवत समीक्षा करते हुए सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि वह प्राप्त लक्ष्य को 27 सितंबर तक पूर्ण करते हुए प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित छात्रवृत्ति से संबंधित विद्यालयों में लंबित आवेदन पत्रों को 27 सितम्बर तक विद्यालय से संपर्क कर स्वीकृति/ निरस्त करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में पाई गई कमियों के आधार पर संबंधित विद्यालयों को नोटिस जारी करें।

उन्होंने आवारा गोवंशों को पकड़वाकर संरक्षित किए जाने को प्रमाणित करने के लिए संरक्षित गोवंशों की प्रतिदिन के अनुसार ईयर टैगिंग करने संबंधी सूचना निर्धारित प्रपत्र पर उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधितों को दिए और कहां यदि सूचना निर्धारित प्रपत्र पर प्राप्त होने की दशा में सूचना को शून्य मानते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की बैठक में सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि वह विभागीय लक्ष्यों को 27 सितंबर 2025 को प्रत्येक दशा में पूर्ण करते हुए प्रगति सुनिश्चित करें जिससे पोर्टल पर प्रगति सुनिश्चित हो और जनपद की रैंकिंग में आशातीत बढ़ोतरी हो।



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

- संरक्षित किए जाने वाले गोवंशों की ईयर टैगिंग शत-प्रतिशत की जाए

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, वनाधिकारी सीपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनायक शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह , अधिशाषी अभियंता विद्युत सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने सीयू वेयर हाउस किया निरीक्षण

- **औरैया।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम, वीवीपैट, सीयू वेयर हाउस का त्रैमासिक आन्तरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधितों को निर्देशित किया कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई जाए तथा सुरक्षा कर्मी पूरी सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए ड्यूटी सुनिश्चित करें, जिससे सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई लापरवाही दृष्टिगत न हो। उन्होंने सुरक्षा और निगरानी की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे संचालित रखा जाए जिससे भवन के आसपास होने वाली गतिविधियां कैमरे में कैद हो सके और आवश्यकता पड़ने पर उचित कार्यवाही की जा सके। जिलाधिकारी ने जिला सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि कक्षों सहित परिसर की साफ- सफाई को दुरुस्त रखा जाए और समय समय पर दीमक आदि की रोकथाम हेतु छिड़काव कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक नीरज प्रसाद , अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह, नायब तहसीलदार प्रकाश चौधरी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राविन्द्र, भाजपा जिला महामंत्री कुलदीप दुबे, कांग्रेस पार्टी जिला सचिव शोभित त्रिपाठी, समाजवादी पार्टी कार्यालय प्रभारी रवीन्द्र राठौर, बसपा जिलाध्यक्ष कमल गौतम आम आदमी पार्टी प्रतिनिधि अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# फफूंद में नवदुर्गा महोत्सव में झांकियों ने बांधा समां

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नगर में शिव शक्ति सेवा समिति ने दिबियापुर रोड पर आयोजित नवदुर्गा महोत्सव में भव्य आरती का आयोजन किया। सुबह की आरती और पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया।

धार्मिक आयोजन में माताओं और बहनों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। नगर फफूंद के लोग नवदुर्गा पंडाल में एकत्रित होकर माता रानी की आरती का अलौकिक आनंद लेते रहे। इसके साथ ही महोत्सव के दौरान प्रस्तुत की गई राधा-कृष्ण और शंकर-पार्वती की सजीव झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इन मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति और श्रद्धा का संचार किया। कार्यक्रम की सफलता में आयोजन समिति के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सि मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना नागरिकों का सशक्तिकरण: अनीता गुप्ता


कार्यक्रम के दौरान शामिल पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- 25 सितम्बर से 25 दिसंबर तक विभिन्न कार्यकम होंगे

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक दिवसीय जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता रहीं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना सशक्त भारत की आधारशिला है। आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिकों के सशक्तिकरण का माध्यम है। इसका उद्देश्य किसान, युवा और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी को बढ़ावा देना है। स्वदेशी का अर्थ केवल वस्तुओं का उपयोग नहीं है, बल्कि यह हमारी भाषा, संस्कृति, पहनावे और रीति-रिवाजों से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर सामाजिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर बल देते हैं। उनका आत्मनिर्भरता का आह्वान देश भर में विभिन्न आयामों में गूंज रहा है। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया गया कि आत्मनिर्भरता का यह संदेश आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के माध्यम से देश के हर नागरिक तक पहुंचा कर और उन्हें स्वदेशी उत्पादों के उपयोग तथा स्वदेशी जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करे। भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने कहा कि जिले में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का संयोजक जिला उपाध्यक्ष विकास गौर को बनाया गया और सह संयोजक जिला मंत्री इंद्रपाल सिंह पाल, भूरे चौबे , प्रतिमा अवस्थी बनाये गए हैं। 25 सितंबर से आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान शुरू होकर 25 दिसंबर को समाप्त होगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यकम ,सम्मेलन,गोष्ठी आयोजित होगी। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

**जागरूकता** | बालिका सुरक्षा ,आत्मरक्षा एवं सशक्तिकरण पर केंद्रित रहा मिशन शक्ति कार्यक्रम

# जैतापुर में बेटियों ने दिया स्वावलंबन का संदेश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- पुलिस एवं शिक्षा विभाग ने दी योजनाओं की जानकारी
- बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मन मोहा

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जैतापुर में एक जागरूकता कार्यक्रम एवं मिशन शक्ति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग से जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रक्षा चौहान तथा चौकी इंचार्ज इंडियन ऑयल गणेश गुप्ता के साथ साथ अन्य महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने बालिका सशक्तिकरण, स्वावलंबन और सम्मान से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर विभिन्न विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बालिकाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज के हर वर्ग को इसमें सहयोग करना चाहिए। चौकी इंचार्ज गणेश गुप्ता ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान से बेटियों में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ रही है। हम सभी का कर्तव्य है कि उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करें, जिससे वे निडर होकर शिक्षा प्राप्त कर सकें और अपने सपनों को पूरा करें। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रक्षा चौहान ने बताया कि 21 से 30 सितंबर तक जिले भर में बालिका स्वावलंबन, शिक्षा और सुरक्षा पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बेटियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने प्रधानाध्यापक रंजना सिंह द्वारा मिशन शक्ति के क्षेत्र में किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रशान्त अवस्थी ने किया।


बच्चों को जागरूक करते पुलिसकर्मी।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान अभिषेक यादव, बेसिक शिक्षा विभाग से जिला समन्वयक समेकित शिक्षा कुलदीप सचान, प्रधानाध्यापक रंजना सिंह, सहायक अध्यापक उपासना गुप्ता, निशांत बिश्नोई, गौरव यादव, रविशंकर, पंकज कटियार तथा हिमांशु त्रिपाठी सहित भारी संख्या में बच्चों के अभिभावक व ग्रामीण तथा महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहीं।

### लैंगिक समानता के बारे में किया जाएगा जागरूक

**औरैया।** मिशन शक्ति चरण 05 के अंतर्गत जनपद में लैंगिक समानता को बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देशन में दिनांक 27 सितम्बर को लैंगिक समानता पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का आयोजन खानपुर चौराहे के पास किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कराते हुए कार्यक्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित करे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं तथा बालिकाओं के उत्थान एवं स्वावलंबन हेतु शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, जननी सुरक्षा आदि के साथ साथ महिला उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित जानकारी भी दी जाए।

# गोविंदपुरी स्टेशन के आउटर के पास मिला असिस्टेंट बैंक मैनेजर का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) डिप्टी पड़ाव शाखा के असिस्टेंट बैंक मैनेजर का शव शुक्रवार सुबह गोविंदपुरी स्टेशन के आउटर पर मिलने से हड़कंप मच गया। गुरुवार रातभर उनकी तलाश में जुटे परिजनों को जब जीआरपी से जानकारी हुई तो रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। 13 दिन पहले ही असिस्टेंट मैनेजर ने मूसानगर से आकर कानपुर में ज्वाइन किया था। परिजनों ने बताया कि स्टेशन किसी से मिलने गए होंगे, जबकि जीआरपी का कहना है कि ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है।

मूलरूप से औरैया के रहने वाले 44 वर्षीय राजेश कुमार सिंह किदवई नगर ओ-ब्लाक स्थित केडीए रेजीडेंसी में रहते थे। परिवार में पत्नी सुबोधनी और एक बेटा ओजस है। सुबोधनी उन्नाव जीआईसी में शिक्षिका हैं। छोटे भाई दीपेश सिंह यादव ने बताया कि राजेश की तैनाती मूसानगर की शेरपुर शाखा में थी। अभी एक सप्ताह पहले ही यहां आकर ज्वाइन किया था। रोज की तरह बैंक गए थे। अमूमन छह बजे तक घर आ जाते थे, लेकिन गुरुवार रात आठ बजे तक नहीं आए।


राजेश कुमार।

- गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप
- मूलरूप से औरैया के रहने वाले थे राजेश कुमार सिंह

कुछ देर इंतजार करने के बाद मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन बात नहीं होने पर बैंक में पता किया तो जानकारी हुई कि एक घंटे पहले ही जा चुके हैं। इसके बाद संभावित ठिकानों व लोगों से पता लगाने की कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद तलाश शुरू की। रातभर खोजबीन होती रही, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह गोविंदपुरी जीआरपी ने स्टेशन के आउटर के पास शव मिलने की सूचना दी। सूचना पर बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे।

परिजनों का कहना है कि किसी से मिलने गए होंगे, तभी ट्रेन हादसे का शिकार हो गए, जबकि जीआरपी का कहना है कि अगर किसी से मुलाकात करने के लिए कोई आएगा तो स्टेशन पहुंचेगा, न कि आउटर पर जाएगा। जिस जगह पर शव मिला है, वहां खड़े होने लायक स्थान नहीं है। ऐसी जगह असिस्टेंट मैनेजर किसी से मिलने क्यों जाएगा। जीआरपी के अनुसार राजेश ने आउटर पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। बेटे की मौत से पिता चतुर सिंह, मां सियादुलारी बिलखते रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दबंगों के भय से दंपति ने बच्चों संग गांव छोड़ा

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के मिहुना गांव के एक दंपति ने बच्चों सहित दबंगों के भय से गांव छोड़कर मायके में शरण ले रखी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मिहुना निवासी रामदेवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के दबंग भाई उसके पति रामलखन से 5000 रुपये गुण्डा टैक्स मांग रहे हैं। मना करने पर 20 अगस्त को मारपीट की विरोध करने पर मेरे साथ अश्लील हरकतें की और गंदी-गंदी गालियां दी। शिकायत के बाद पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है। दंपति ने बताया कि वह एक माह से मायके में शरण लिए है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### मिशन शक्ति के तहत गोष्ठी का आयोजन

**पौथिया (हमीरपुर)।** मिशन शक्ति के तहत पौथिया गांव में आईएम पब्लिक स्कूल में गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सीओ प्रतिज्ञा सिंह ने भारतीय न्याय संहिता एवं नागरिक सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं के लिए संचालित विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज, प्रधान वंदना सचान, आरक्षी रश्मि तिवारी, अंशिका, प्रधानाचार्य धीरेंद्र द्विवेदी, शिक्षक श्यामजी, संतोष दीक्षित, कामता साहू, आरती श्रीवास्तव, प्राची सिंह, लालबहादुर यादव, सुमन, लक्ष्मी द्विवेदी, कनक सिंह, शिवकुमार दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### मजदूरी के रुपये मांगने पर मजदूर को मारा पीटा

**बिवांर (हमीरपुर)।** मजदूरी के रुपये मांगने से नाराज दो भाइयों ने लाठी डंडा चाकू से हमला कर मजदूर को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों भाइयों के खिलाफ थाना में पीड़ित ने तहरीर दी है। रोहारी गांव निवासी प्रताप पुत्र रामसनेही अनुरागी ने बताया बच्चा व वृंदावन पुत्र लुक्का कुशवाहा से मजदूरी के रुपये मांगे तो नाराजगी जाहिर कर अभद्रता करने लगे। दोनों भाइयों ने रात में घर का दरवाजा बंद कर जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज करते हुए अभद्रता करने लगे है विरोध के किए जाने पर दोनों भाइयों ने लाठी डंडे व चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुत्र शैलेंद्र के बीच बचाव करने पर करने पर मारा-पीटा। थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सीओ ने पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**मौदहा (हमीरपुर)।** नवरात्र और आगामी पर्व विजयदशमी के साथ जुमे को देखते हुए क्षेत्राधिकारी विनीता पहल की अगुवाई में कोतवाली पुलिस के साथ कस्बे के भीड़-भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान जहां लोगों से शांति और सदभाव पूर्व माहौल में त्योहार मनाने की बात कही, तो वहीं लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए संदिग्धों की भी जांच की। इस दौरान कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह के साथ कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

### महिला के साथ युवक ने की छेड़खानी

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत पर काम कर रही एक महिला के साथ गांव की एक दबंग व्यक्ति ने अश्लील हरकतें करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला के द्वारा चीखने चिल्लाने और शोर मचाने पर आरोपी व्यक्ति गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़ा हुआ। पीड़िता ने कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की शाम करीब 4:00 बजे वह खेत में काम कर रही थी। तभी गांव का एक दबंग व्यक्ति उसके पास आया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। बताया कि जब उसने विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी व्यक्ति उसके साथ गाली गलौज कर मौके से भाग गया। मामले में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 29 को

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार 29 सितंबर दिन-सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कंपनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

# डीएपी वितरण में भेदभाव किसानों ने काटा हंगामा

## पुलिस ने लाठियां पटक किया शांत, टोकन से वितरित की खाद

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



खाद लेने के लिए समिति के बाहर लगी किसानों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्रय विक्रय सहकारी समिति में डीएपी खाद आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। किसानों ने वितरण में भेदभाव का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पाकर पुलिस ने लाठियां पटक कर शांत कराकर लाइन लगवाई। नायब तहसीलदार समिति में पहुंचकर टोकन दिलाकर खाद का वितरण कराया।

शुक्रवार को वितरण के लिए कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति में 1500 बोरी डीएपी आई थी। खाद आने की जानकारी मिलने पर किसानों का रेला उमड़ पड़ा। किसानों ने वितरण में भेदभाव का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। समिति के सचिव शुभम त्रिपाठी ने हंगामा से पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन बात न बनते देख पुलिस ने लाठियां पटक कर किसानों को शांत कराकर लाइन लगवाई। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार निगम ने किसानों को टोकन देकर खाद का वितरण शुरू कराया ।एक कूपन में दो से तीन बोरी खाद दी गई। जिससे किसान संतुष्ट नजर नहीं आए। किसान सुमनकली, राजू वर्मा, शिवम, विजय करन, वंदना ने बताया कि सुबह से भूखे प्यासे लाइन में लगे हैं। अभी तक खाद नहीं नसीब हुई है। किसानों ने आरोप लगाया कि सचिव मनमाने ढंग से वितरण कर रहा। कूपन महज दिखावा है। कूपन के नाम पर किसानों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। असली खेल बगैर कूपन के अंदर खाने हो रहा है। सचिव शुभम त्रिपाठी ने किसानों के आरोपों को निराधार बताया। कहा कि प्रशासन की निगरानी में खाद वितरण हो रहा है। लेखपाल अशोक कुमार मौके पर मौजूद रहकर वितरण करा रहे हैं। किसानों की खतौनी के आधार से वितरण किया जा रहा है। एडीओ सहकारिता सुरेश चंद्र ने कहा कि किसान संयम रखें। खाद की कोई कमी नहीं है। जल्द ही सभी समितियां में डीएपी उपलब्ध होगी। सभी जगहों पर एनपीके पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं। दलहन तिलहन बोने में किसान एनपीके खाद का प्रयोग करें।

## चौकी इंचार्ज पर हत्या की रिपोर्ट अज्ञात में दर्ज करने का आरोप

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के ग्राम बड़ा कछार के एक पीड़ित ने एसपी को शिकायत सौंपकर सुरौली पुलिस चौकी इंचार्ज पर हत्या की रिपोर्ट को अज्ञात हत्या में दर्ज करने का आरोप लगाया है। जबकि उसने हत्या आरोपियों के नाम बताए थे। पीड़ित ने चौकी इंचार्ज के धमकाने का ऑडियो भी सोशल मीडिया में वायरल किया है। अमृत विचार ऑडियो की पुष्टि नहीं करता।

बड़ा कछार निवासी शिवमंगल का आरोप है कि उसके पुत्र रामलखन की 25 मई की रात हत्या करके लाश को घर के बाहर फेंक दिया था। सुरौली पुलिस चौकी इंचार्ज ने सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दी है। जबकि उसके पुत्र की हत्या गांव के ही लोगों ने की थी। अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने पर जब उनसे शिकायत की, तो दरोगा ने उसे धमकाया। पीड़ित ने ऑडियो भी वायरल किया है। पीड़ित ने गांव के चार नाम देकर पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि घटना की अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। मामले की विवेचना चल रही है। विवेचना में दोषी पाए जाने पर नाम जोड़े जाएंगे। चौकी इंचार्ज द्वारा धमकाने की जानकारी नहीं है।

# बंधक बनाकर युवक को बेरहमी से पीटा

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

- पीड़ित बोला जबरन मजदूरी कराने को लेकर की मारपीट

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव में जबरन मजदूरी करने को लेकर हुए विवाद के चलते एक दबंग ने गांव के ही एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसे बंधक बनाकर बेरहमी से लाठियों से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव के निवासी प्रताप सिंह पुत्र राजकरण सिंह ने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को वह अपने घर के बाहर टहल रहा था। तभी उसी दौरान गांव का एक दबंग व्यक्ति उसके पास आया और उससे जबरन मजदूरी करने के लिए कहने लगा। बताया कि जब उसने उक्त व्यक्ति के यहां मजदूरी करने से मना कर दिया तो उक्त दबंग ने उसे रस्सी से बंधक बनाकर एवं लाठियों से बेरहमी से पिटाई कर उसे घायल कर दिया तथा उसे जान से मारने की धमकी दी। बताया कि उसके परिजनों व ग्रामीणों ने उसे दबंग के चंगुल से मुक्त कराया। इसके बाद कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकरण को संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## लोडर की टक्कर से युवक घायल

**बिवांर (हमीरपुर)।** हमीरपुर राठ हाईवे पर थाना मुस्करा के चिल्ली गांव में दौड़ लगा रहे युवक को लोडर ने टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने लोडर का पीछा किया तो चालक ने तेज गति से लोडर भगाकर थाना बिवांर में शरण ली।

कानपुर के शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी चालक सुशांत पुत्र सुरेश चंद तिवारी सुबह करीब आठ बजे लोडर लेकर कानपुर की ओर जा रहा था। तभी थाना मुस्करा के चिल्ली गांव में सड़क में दौड़ लगा रहा युवक लोडर से टकराकर घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोटें आईं हैं।

लेकिन चालक सड़क छोड़कर खेत की मेड़ से निकाल कर भागने में सफल रहा। चालक ने लोडर को बिवार थाना के अंदर घुसेड़ कर अपने को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## लाइनमैन के बेटे ने फांसी लगा दी जान

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बे में वार्ड नौ में निर्माणाधीन कमरे में 18 वर्षीय युवक ने कुंडे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

अलीगढ़ निवासी विद्युत लाइनमैन ओम प्रकाश कस्बे में वार्ड नौ में कई वर्षों से मकान खरीदकर रह रहे हैं। गुरुवार शाम अज्ञात कारणों के चलते उसके 18 वर्षीय पुत्र अंकित ने दूसरी मंजिल में निर्माणाधीन कमरे में लगे कुंडा से लटककर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक नीचे न आने पर परिजनों ने देखा तो फंदे पर लटक रहा था। पिता ने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक युवक पढ़ाई के साथ लाइट फिटिंग का काम करता था। मृतक दो भाई व एक बहन थे, मृतक के पिता ओमप्रकाश सुमेरपुर में विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। कोतवाली निरीक्षक राम आसरे सरोज ने बताया कि परिजनों ने पुत्र के आत्महत्या करने का कारण नहीं बताया है। जानकारी की जा रही है।



अंकित



दुर्गा पंडाल में शिव की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

## स्कंदमाता माता की पूजा अर्चना कर लगाए जयघोष

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- दुर्गा पंडालों में कलाकारों ने प्रस्तुत की मनमोहक झांकियां

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन शुक्रवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता के स्वरूप की पूजा और आराधना की गई। देवी को सुगंधित पुष्प के साथ नैवेद्य और मिष्ठान आदि का भोग लगाकर आरती की गई। जिलेभर के देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। भोर में मंगला आरती के बाद दर्शन पूजन का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। मंदिरों के बाहर नारियल, चुनरी प्रसाद के दुकान लोगों ने फूल माला लेकर देवी को अर्पित किया।

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन देवी मंदिरों सहित देवी पंडालों में मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की गई। भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। पांचवें दिन पांचवें स्वरूप बुद्धि और ऐश्वर्य की अधिष्ठात्री स्कंदमाता की पूजा की जाती है। स्कंदमाता के विधि विधान से पूजन करने से संतान का सुख प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा को नारियल चुनरी चढ़ाकर सुख शांति की कामना की। शहर के प्रसिद्ध चौरा देवी, गौरा देवी, दुर्गा देवी शीतला माता मंदिर सहित भेड़ी जलालपुर की मां महेशवरी देवी मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए लंबी कतार लग गई थी। सभी श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने कतार में खड़े खड़े माता रानी के जयघोष लगाए, जिससे मंदिर गूंज उठे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस तैनात रही। वहीं सुमेरपुर कस्बे बीती रात रामलीला मैदान के देवी पंडाल में कानपुर के मुकुल जागरण पार्टी के कलाकारों ने शिव पार्वती, राधा कृष्ण आदि की लीलाओं की जीवंत झांकियां प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। मुकुल ने देव गीत प्रस्तुत करके शमा बांध दिया। पार्टी की महिला कलाकारों ने मां दुर्गा के शानदार गीत, भजन प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी।

## गांधी जयंती पर होगी साइकिल व पैदल चाल स्पर्धा

**हमीरपुर।** खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर पुरुष ओपन वर्ग साइकिल रेस, व पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिला क्रीड़ाधिकारी बृजेश कुमार सोनी ने बताया कि साइकिल स्पर्धा का शुभारंभ राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रातः 06:30 बजे होगा। वहीं ओपेन पुरुष/महिला वर्ग की 3 किमी पैदल चाल का आयोजन साढ़े आठ बजे राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा।

# किसान कृषि मेला का विधायक ने किया शुभारंभ

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)



फीता काटकर कृषि मेले का शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के गहरौली गांव में किसान कृषि मेले और शान आपके द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष व विधायक राठ तथा जिलाधिकारी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

शुक्रवार को कस्बा के गोविंद इंटर कॉलेज में आयोजित कृषि मेला का उद्घाटन करने के बाद विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत व जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने सभी 18 स्टॉल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने शासन द्वारा दी जारी विभिन्न योजनाओं के विषय में बिंदुवार विस्तार से जानकारी दी। लोगों द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्रों को सभी विभागों ने से प्राथमिकता के आधार पर समय रहते निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मातृ शक्ति की सशक्तिकरण पर जोर दिया। विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि खाद अब गहरौली गांव में ही वितरित होगी, एक ट्रक उतर चुकी है। विधायक ने ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्रों के विषय में बताया कि राठ डिपो की दो बसें गहरौली होकर विभिन्न मार्गों में संचालित की जाएगी। कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी अरुण सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मुस्करा ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, बीडीओ शिवनारायण कश्यप, पंचायत सदस्य प्रतिनिधि करण दद्दू, विमल चंद गुरुदेव, कार्यवाहक ग्राम प्रधान महेंद्र राजपूत, अरविंद राजपूत विकास सक्सेना, राजदेव आदि मौजूद रहे।

## पटाखा फैक्ट्रियों का किया निरीक्षण, दिशा-निर्देश दिए

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- अधिकारियों की संयुक्त टीम को देखकर मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को नगर के औंडेरा रोड और सरसई रोड में संचालित पटाखा फैक्ट्री का निरीक्षण किया है।

क्षेत्र के औंडेरा रोड व सरसई रोड इलाके में स्थित पटाखा फैक्ट्रियों का एडीएम (न्यायिक) रिजवान शाहिद व उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों का अवलोकन कर फायर सेफ्टी की व्यवस्था देखी तथा स्टॉक की जांच की। एडीएम रिजवाना शाहिद ने पटाखा फैक्ट्री में कार्य करने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी ली। तथा पटाखा फैक्ट्री के संचालक को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि पटाखा फैक्ट्री में कोई भी बाल मजदूर नहीं मिलना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने संबंधित पटाखा फैक्ट्री के संचालक को सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पटाखा फैक्ट्री के संचालक रामसहाय पुत्र मैकू लाल ने बताया कि बीते अभी तक काफी वर्षों से आतिशबाजी का काम करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी पर्व विजयदशमी और दीपावली के पर्व पर पटाखों की खासी बिक्री होती है। जिसको लेकर प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए वह नगर से दूर औंडेरा रोड इलाके में बीच खेत पर पटाखों का निर्माण करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह मुर्गा छाप पटाखा, मेहताब, अनार, और फुलझड़ी और बच्चों के पटाखों का निर्माण करते हैं।

# सैयद एनुल्ला शाह के उर्स में अकीदतमंदों ने चढ़ाई चादर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



मजार में चादरपोशी करते अकीदतमंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यालय के अमन शहीद मोहल्ले में हजरत सैयद एनुल्ला शाह उर्फ काले शाह बाबा का 33 वां उर्स धूमधाम से मनाया गया। अकीदतमंदों ने उनकी मजार में पहुंचकर चादरपोशी की और इसके बाद लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम लोगों ने लंगर छका।

हजरत सैयद एनुल्ला शाह उर्फ काले बाबा रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक शुक्रवार को मनाया गया। जिसमें सुबह बाद नमाज फजर गुस्ल और दोपहर एक बजे चादरपोशी की गई। कांशीराम कालोनी हजरत साबिर बाबा के यहां से चादर सुबह 11 बजे हजरत पहलवान शाह बाबा होते हुए अमन शहीद स्थित काले शाह बाबा की मदार पहुंची। जहां पर सभी अकीदतमंदों ने मजार में चादरपोशी की। इस मौके पर दानिश, अफसर खान, इमरान, मकसूद अख्तर, अंसार खान, परवेज खान, अरमान, अल्तमश सलीम, कलीम, जीशान, रिजवान, हनीफ, रजनी देवी, विक्रम, तौसीब, सलीम, असलम, मंसूर, वाहिद समेत तमाम लोग मौजूद रहे। चादरपोशी के बाद शाम को मुख्यालय के कांशीराम कालोनी परिसर में लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम लोगों ने लंगर छका।

**जागरूकता** | सुभाष बाजार में स्वदेशी अपनाओ-विदेशी भगाओ अभियान के तहत निकाली पदयात्रा

# आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी वस्तुओं का करें उपयोग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



व्यापारियों से मिलते व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ अभियान के तहत उप्र. उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने शुक्रवार को सुभाष बाजार में जनजागरण पदयात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी सामानों के क्रय-विक्रय पर जोर दिया।

नगर उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रकाश ऊर्फ धीरू गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने सूफी गंज चौराहा से सुभाष बाजार तक व्यापारियों से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने दुकान-दुकान जाकर ऑनलाइन कंपनियों का विरोध करते हुए स्थानीय उत्पादन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए स्टीकर चिपकाए। वहीं व्यापारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर उसका निवारण कराने का आश्वासन दिया। पदयात्रा में शामिल हुए व्यापारियों ने विदेशी भगाओ, स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग आवश्यक है। कहा कि ऑनलाइन कंपनियों के द्वारा छोटे व्यापारियों का रोजगार छीना जा रहा है। उन्होंने सभी व्यापारियों से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने और बेचने की अपील की है। साथ ही सरकार से ऑनलाइन कंपनियों को रेगुलेटरी एक्ट के अंदर लाने की मांग की है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, जिला महामंत्री सूर्य कुमार तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष अंजनी कुमार गुप्ता, संरक्षक रविकांत पुरवार, नगर कोषाध्यक्ष जय किशोर गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुभाष साहू, किराना अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, ईशू पुरवार, मकबूल साबरी, अंकित सचान, निखिल गुप्ता, मुकेश ओमर, राजेन्द्र ओमर, राजेन्द्र सोनी, शशिकान्त तिवारी, विकास ओमर, शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहें।



रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल।

## शिविर में पांच लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** महिला सशक्तीकरण के अंतर्गत सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 5 लोगों ने रक्तदान किया। सीएचसी में महिला सशक्तीकरण के अंतर्गत शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल रहे। जिन्होंने रक्तदान के प्रति लोगो को जागरूक किया। इस अवसर पर रामबालक प्रजापति भाजपा मंडल मंत्री, देवीचरन भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री, रामजी अनुरागी, सुभाष पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी भाजपा बूथ अध्यक्ष ने शिविर में रक्तदान किया और कहा की रक्तदान सभी को करना चाहिए। जिससे लोगों को नया जीवनदान मिल सके। रक्तदान शिविर में सीएचसी अधीक्षक डॉ सुनील कुमार जायसवाल, संयोजक रामविलास श्रीवास, बबलू सिंह, जुनैद, हरेंद्र यादव एलटी आदि मौजूद रहे।



# आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश

# मिशन 2047



**विज़न 2047 हमारे लिए एक संकल्प है। एक ऐसा संकल्प कि हम उत्तर प्रदेश को न केवल भारत का सबसे सशक्त और समृद्ध राज्य बनाएँगे, बल्कि दुनिया के सामने विकास, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का आदर्श भी पेश करेंगे। हम वो प्रदेश बनाएंगे जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपने विकास, अपनी तकनीकी ताकत, अपने उद्योग और अपनी अद्वितीय संस्कृति के लिए जाना जाएगा। यहाँ विकास की गंगा व परंपरा की यमुना साथ-साथ बहेंगी। आइए, हाथ से हाथ, मन से मन और कदम से कदम मिलाकर हम सब इस महान यात्रा का शुभारंभ करें।**

## चिन्हित 12 सेक्टर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कृषि एवं संबद्ध | पशुधन संरक्षण | स्वास्थ्य | शिक्षा | पर्यटन | सुरक्षा एवं सुशासन |
| अवस्थापना | समाज कल्याण | संतुलित विकास | नगर एवं ग्राम्य विकास | औद्योगिक विकास | आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी |

## पर्यटन सेक्टर

1947-2017 तक उपेक्षा के कारण उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय पर्यटन हिस्सेदारी घटकर 13.1% रह गई

2017 के बाद तीव्र उछाल से यह 18.99% पहुँची

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, श्रीराम जन्मभूमि, दीपोत्सव, ब्रज विकास, पर्यटन परिपथ और हेलीपोर्ट सुविधाओं से यूपी बना धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र

महाकुंभ 2025 ने यूपी को विश्व मानचित्र पर स्थापित कर अर्थव्यवस्था व रोजगार को नया आयाम दिया

### 2047 तक पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

नैमिषारण्य, विंध्याचल, मथुरा जैसे नए पर्यटन कॉरिडोर, रामायण-कृष्ण-बौद्ध सर्किट का विस्तार, ईको टूरिज्म और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने पर फोकस

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

यूपी को विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रुप में स्थापित कर परंपराओं और समृद्ध वैभव को वैश्विक पहचान दिलाना

## नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर

1947-2017 तक शहरीकरण अव्यवस्थित रहा निकाय और बजट आबादी के अनुरुप नहीं थे, बुनियादी सुविधाएँ अधूरी और विकास असंतुलित था

2017 के बाद योजनाबद्ध और तकनीक-सक्षम शहरीकरण शुरु हुआ

नए व विस्तारित निकाय, स्मार्ट सिटी मॉडल बने

राज्य राजधानी क्षेत्र और क्षेत्रीय विकास योजनाओं से जल-सीवर का संयोजन

हरित क्षेत्र और स्वच्छता में हुआ सुधार

### 2047 तक नगर विकास

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

हर शहर को आधुनिक स्मार्ट सिटी बनाना, जहाँ स्वच्छ पेयजल व स्वच्छता उपलब्ध हो

24x7 बिजली और पक्का आवास उपलब्ध हो

मेट्रो, लाइट मेट्रो और इको-फ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट से शहरी कनेक्टिविटी सुदृढ़ करना

तीन नए रीजनल आर्थिक जोन, पारदर्शी नगर वित्तीय प्रबंधन, आधुनिक सीवेज व अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लागू करना

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

पाँच अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट शहर विकसित करना, जो कनेक्टिविटी, जीवन स्तर और निवेश के मामले में वैश्विक मानकों के अनुरुप हों

पूरे प्रदेश में 100% ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा वैज्ञानिक पुनर्चक्रण व्यवस्था सुनिश्चित करना

## आपके सुझाव से बनेगा विकसित उत्तर प्रदेश

UP 2047

## मिशन

**समग्र विकास**
हर नागरिक को घर, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य

**आर्थिक नेतृत्व**
उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बढ़त

**सांस्कृतिक पुनर्जागरण**
परम्परा और आधुनिकता का संतुलित संगम

## पशुधन संरक्षण सेक्टर

वर्ष 2017 तक अपार संभावनाओं के बाद भी पशुधन और दुग्ध विकास सेक्टर उपेक्षित रहा

पहले दुग्ध, अंडा और मत्स्य क्षेत्र में योगदान सीमित था

2017 के बाद नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, चारा व चिकित्सा प्रबंधन और गोवंश संवर्धन- संरक्षण से बड़ा बदलाव आया

प्रदेश में 414 लाख मी. टन दुग्ध उत्पादन हो रहा है (राष्ट्रीय योगदान 16.2%, देश में प्रथम)

अंडा उत्पादन में दोगुनी वृद्धि, मत्स्य उत्पादन में क्रांतिकारी बदलाव का साक्षी बना उत्तर प्रदेश

यह सेक्टर रोजगार-सेवायोजन के नए अवसरों का सहज माध्यम बन कर उभरा है

### 2047 तक पशुधन संरक्षण

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

प्रदेश में दुधारु पशुओं की उत्पादकता दोगुनी, अंडा उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादन में देश का शीर्ष राज्य बनना

गोवंश नस्ल सुधार, सॉर्टेड AI, प्रोटीनयुक्त आहार और निर्यातोन्मुख मछली प्रजातियों का विस्तार करना

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

उत्तर प्रदेश को दूध व अंडा उत्पादकता में विश्वस्तरीय स्तर पर पहुँचाना

मत्स्य व पशुपालन को निर्यातोन्मुख बनाना और पशुधन विज्ञान व प्रबंधन के अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की स्थापना करना

## अवस्थापना सेक्टर

1947-2017 तक प्रदेश में आधारभूत ढांचा लगभग ठहरा रहा

सीमित सड़क और हवाई कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास हेतु कोई ठोस नीति नहीं थी और ऊर्जा उत्पादन मात्र 12,000 मेगावॉट तक सीमित था

2017 के बाद जल, थल और नभ तीनों मोर्चों पर अभूतपूर्व प्रगति हुई। 22 एक्सप्रेसवे, 16,000 किमी रेल लाइन, मल्टीमोडल लाजिस्टिक्स हब, 16 संचालित व 5 निर्माणाधीन हवाई अड्डे तथा जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स ने उत्तर प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर पॉवरहाउस बना दिया

ऊर्जा उत्पादन 20,000 मेगावॉट से अधिक और विद्युतीकृत मजरों की संख्या दोगुनी हो गई

### 2047 तक अवस्थापना

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

जेवर एयरपोर्ट को आधुनिक कार्गो ट्रांजिट हब बनाना

सभी जिलों को एक्सप्रेसवे से जोड़ना

स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार तथा नेपाल सीमा पर ट्रांजिट हब और पर्यटन स्थलों पर रोपवे विकसित करना

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

"एक मंडल-एक एयरपोर्ट" के तहत हर मंडल में विश्वस्तरीय हवाई अड्डे का विकास

उत्तर प्रदेश को वैश्विक विमानन और अवसंरचना का केंद्र बनाने पर फोकस

**अपने विचार और संकल्प साझा करने के लिए अभी QR कोड स्कैन करें या विज़िट करें:**

**https://samarthuttarpradesh.up.gov.in**

## शिक्षा सेक्टर

1947-2017 तक शिक्षा अवसंरचना कमजोर रही ड्रॉपआउट दर अधिक और तकनीकी-कौशलपरक शिक्षा का अभाव था

बेरोजगारी, भर्तियों में भेदभाव और महिलाओं की सीमित भागीदारी बड़ी चुनौतियाँ थीं

2017 के बाद व्यापक सुधार हुए, स्कूल चलो अभियान और ऑपरेशन कायाकल्प से विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएँ पहुँचीं

अटल आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय और प्रोजेक्ट अलंकार जैसे अभिनव प्रयास हुए

10 नए राज्य विश्वविद्यालय, आधुनिक आईटीआई और लगभग 50 लाख टैबलेट-स्मार्टफोन से युवाओं का डिजिटल सशक्तिकरण हुआ

पारदर्शी भर्तियों से लाखों युवाओं को रोजगार और महिला श्रम भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई

### 2047 तक शिक्षा क्षेत्र

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

थीम आधारित विश्वविद्यालयों की श्रृंखला, ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना

IIT-IIM समकक्ष संस्थानों की स्थापना, साथ ही अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के कैम्पस व एक्सचेंज प्रोग्राम से युवाओं को वैश्विक अवसर देना

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

उत्तर प्रदेश को शिक्षा व कौशल विकास का वैश्विक केंद्र बनाना

प्रदेश में विश्वस्तरीय अनुसंधान और नवाचार केंद्र स्थापित हों और प्रदेश की उच्च शिक्षा संस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाने पर जोर

## समाज कल्याण सेक्टर

1947-2017 तक योजनाओं का लाभ सीमित और अपारदर्शी रहा

2017 के बाद लक्षित व पारदर्शी मॉडल से 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए

जीरो पावर्टी अभियान, पेंशन, सामूहिक विवाह, उज्ज्वला, अन्नपूर्णा भवन व राशन कार्ड बना सुरक्षा कवच

### 2047 तक सामाजिक सुरक्षा एवं गरीब कल्याण

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

वंचित वर्गों को शिक्षा स्वास्थ्य आवास-आजीविका में समान अवसर

महिलाओं की श्रम भागीदारी को 50% तक बढ़ाना, बहुआयामी गरीबी का उन्मूलन और हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का लक्ष्य

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**


पूर्वांचल बुंदेलखंड का संतुलित विकास

युवाओं को नवाचार, खेल-संस्कृति में वैश्विक अवसर

यूपी को स्किल्ड मानव संसाधन का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनाना

ADVERTORIAL

# उत्तर प्रदेश
# विकासशील परिवेश सुरक्षित निवेश





**ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर, 2025 तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (UPITS) का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह मेगा शो प्रदेश की औद्योगिक ताकत, सांस्कृतिक धरोहर और "मेड इन यूपी" की वैश्विक पहचान को सामने लाएगा। 80 से अधिक देशों के बायर्स, हजारों एग्जिबिटर्स और लाखों विजिटर्स की मौजूदगी इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खास बनाएगी। ओडीओपी और जीआई उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ेगी। साथ ही 17 प्रमुख सेक्टर्स की भागीदारी, विभागीय स्टॉल्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन को और भी आकर्षक बनाएंगे।**

"यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के एमएसएमई क्षेत्र की उल्लेखनीय वृद्धि और असीम संभावनाओं का सच्चा प्रतिबिंब है। पिछले दो संस्करणों की अपार सफलता ने हमारे लोगों की उद्यमशीलता की भावना में हमारे विश्वास को और मजबूत किया है। तीसरे संस्करण की तैयारी करते हुए, हम वैश्विक खरीदारों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जो हमारे राज्य की ताकत, कौशल और परंपरा का प्रतिनिधित्व करने वाले बेहतरीन उत्पादों को देखेंगे और खरीदेंगे"

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो

**25 से 29 सितंबर, 2025**

**ग्रेटर नोएडा में सजेगा यूपीआईटीएस का ग्लोबल मंच, दिखेगी मेड इन यूपी की ताकत**

"आज यूपी इतनी तेज गति से औद्योगिक विकास कर रहा है, देश और दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ यहाँ निवेश कर रही हैं, इसके पीछे यूपी सरकार की विकासपरक नीतियों की बड़ी भूमिका है। पिछली सरकारों में यूपी में अपराधी बेखौफ थे और निवेशक यहां आने से भी डरते थे। लेकिन, यूपी की सरकार में अपराधियों में खौफ है और निवेशक यूपी के भविष्य में भरोसा देख रहे हैं। मैं विकास की इस रफ्तार के लिए यूपी सरकार को बधाई देता हूँ"

**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023

**1914** एग्जिबिटर्स | **70 हजार** B2B विजिटर्स | **1 लाख+** बिजनेस लीड्स

**66 देशों के 400+** विदेशी खरीदार

**10 लाख बार** #UPITS2023 इंटरनेट पर अंकित किया गया

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024

**2122** एग्जिबिटर्स | **1 लाख+** B2B विजिटर्स | **2 लाख+** बिजनेस लीड्स

**70 देशों के 350+** विदेशी खरीदार

**3.2 करोड़ बार** #UPITS2024 इंटरनेट पर अंकित किया गया

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025*

**2500** एग्जिबिटर्स | **2.5 लाख+** B2B विजिटर्स | **2 लाख+** बिजनेस लीड्स

**80+ देशों के 500+** विदेशी खरीदार

**5 करोड़ बार** #UPITS2025 इंटरनेट पर अंकित किया जायेगा

*लक्ष्य

- पंजीकरण: मोबाइल ऐप के माध्यम से क्यूआर कोड (QR Code) आधारित पंजीकरण।
- यह आयोजन प्रदेश की औद्योगिक शक्ति, सांस्कृतिक पहचान और "मेड इन यूपी" की ताकत दुनिया के सामने रखेगा।
- 80 देशों से 500+ बायर्स के आने की उम्मीद, अब तक 75 देशों के 340 बायर्स ने पुष्टि की।
- ओडीओपी की विशेष प्रदर्शनी से स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा।
- उद्देश्य – यूपी को निर्यात में शीर्ष पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना।
- यूरोप और सीआईएस से 110 बायर्स की संभावना, 88 ने सहमति दी।
- शो में 17 प्रमुख सेक्टर्स के उत्पाद प्रदर्शित होंगे, विशेष फोकस ओडीओपी व जीआई प्रोडक्ट्स पर।
- सरकार के विभिन्न विभाग 37085 स्क्वायर मीटर में अपने-अपने स्टॉल्स लगाएँगे (28649 स्क्वायर मीटर बुक)।




- उद्देश्य – प्रदेश की औद्योगिक शक्ति, सांस्कृतिक विरासत और मेड इन यूपी उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना।
- विदेशी सहभागिता – लगभग 80 देशों से खरीदार और निवेशक इसमें भाग लेंगे।
- बायर्स और निवेशक – 500 से अधिक इंटरनेशनल बायर्स की मौजूदगी की उम्मीद है।
- प्रमुख सेक्टर्स – कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र एवं हैंडलूम, आईटी, स्टार्टअप, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा।
- स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा – MSME और स्टार्टअप्स को अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा।
- सांस्कृतिक झलक – कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की कला, शिल्प, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी।
- राज्य सरकार का विजन – इस आयोजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक ग्लोबल इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना।

### मुख्य आकर्षण

इन्वेस्ट यूपी, यूपीसीडा, जीएनआईडीए, यीडा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा विभाग।

विजिटर्स के लिए विशेष स्टॉल – नगर विकास, पर्यटन, स्वच्छ गंगा मिशन, स्वास्थ्य, आयुष, पर्यावरण व वन विभाग।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस – कृषि, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य और यूपीएसआरएलएम।

अतिरिक्त सेक्टर्स – शुगर व केन, टेक्सटाइल्स, हैंडलूम, क्रेडाई, बैंकिंग-फाइनेंस, ऑटो-ईवी, यूपीएसडीएम और हायर एजुकेशन।

खास आकर्षण – सीएम युवा, न्यू एंटरप्रेन्योर्स और पार्टनर कंट्री पवेलियन।

आयोजन स्थल पर फूड कोर्ट्स, B2B - B2C स्टेज और कल्चरल स्टेज भी होंगे, जहां सांस्कृतिक गतिविधियाँ और शोज होंगे।

### यूपीआईटीएस में निर्यात

**2023**

पहले संस्करण के दौरान भी 1000 करोड़ रुपए से अधिक रहा था ओवरऑल बिजनेस वॉल्यूम।

**2024**

बी2बी और बी2सी के माध्यम से 2200 करोड़ रुपए से अधिक के मिले निर्यात ऑर्डर।

शीर्ष 20 उद्यमियों को ही 630 करोड़ रुपए से अधिक के निर्यात ऑर्डर मिले। इनमें मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, कानपुर, बागपत, बाराबंकी, मिर्जापुर, मथुरा, संभल और ग्रेटर नोएडा जैसे जिलों के उद्यमी शामिल रहे।

### भारत सरकार से सहयोग

वाणिज्य मंत्रालय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइज़ेशन (FIEO) के समर्थन से दुनियाभर से विदेशी खरीदारों को जुटाने के लिए वित्तीय सहायता।

विदेश मंत्रालय (MEA): अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रचार और खरीदारों को भारतीय वाणिज्य दूतावासों के माध्यम से वीजा सहायता एवं यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का प्रचार।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय : पीएमएस (खरीद और विपणन) योजना के तहत उद्यमियों और स्टार्टअप को वित्तीय और विपणन सहायता।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई): सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूपीआईटीएस का प्रचार।

# अमृत विचार

शनिवार, 27 सितंबर 2025




उम्र दिमाग पर हावी होने का मामला है। अगर आपको कोई फर्क नहीं पड़ता, तो कोई फर्क नहीं पड़ता।

–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक



## भारत की आत्मनिर्भर दिशा

भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान और रणनीतिक स्वतंत्रता से भी जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत अब विदेशों पर निर्भर रहकर आगे नहीं बढ़ सकता। यह विचार केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान की पुनरावृत्ति नहीं है, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका को परिभाषित करने वाला एक दृढ़ संकल्प भी है। आज दुनिया जिस बहु-ध्रुवीय स्थिति में है, वहां हर राष्ट्र अपने हितों को सर्वोपरि रखकर नीतियां बना रहा है। ऊर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी तक, हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। ऐसे में भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह उत्पादन, नवाचार और व्यापार के हर मोर्चे पर स्वयं सक्षम बने। प्रधानमंत्री ने जो कहा वह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इस बात की कि यदि हम आत्मनिर्भर नहीं बने, तो बदलते हालात में पिछड़ जाएंगे और अवसर इस रूप में कि भारत के पास विशाल जनशक्ति, बढ़ता हुआ बाजार और तकनीकी क्षमता है, जिनके बल पर हम आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हो सकते हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे आयोजन इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश, जो कभी रोजगार के लिए पलायन की पहचान रखता था, अब निवेश और औद्योगिक विकास का केंद्र बन रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य को नई दिशा दी है और यही कारण है कि आज देश-विदेश के निवेशक यहां अवसर तलाश रहे हैं। मोदी का यह कहना कि यूपी अब निवेश और प्रगति का नया केंद्र है, इस बदली हुई स्थिति का प्रमाण है। यह भी सही है कि आत्मनिर्भरता केवल उत्पादन बढ़ाने से नहीं आएगी। इसके लिए शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और डिजिटलीकरण पर जोर देना होगा। प्रधानमंत्री ने डिजिटल ड्राइव, एयरोस्पेस, रक्षा उत्पादन और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों का उल्लेख करके यह संकेत दिया है कि भारत का लक्ष्य केवल आयात घटाना नहीं बल्कि विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा करना भी है। जब देश का 55 प्रतिशत मोबाइल उत्पादन उत्तर प्रदेश से हो रहा है, तो यह केवल एक सांकेतिक उपलब्धि नहीं बल्कि संभावनाओं की झलक है। हालांकि चुनौतियां कम नहीं हैं। अभी भी भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर्याप्त संसाधनों और तकनीकी सहयोग के अभाव से जूझ रहे हैं। कृषि क्षेत्र, जो आज भी बड़ी आबादी को रोजगार देता है, तकनीकी आधुनिकीकरण की प्रतीक्षा में है।

अब जब नए भारत की परिकल्पना सामने है, तो जरूरी है कि पारदर्शिता, सुशासन और जनसहभागिता को प्राथमिकता दी जाए। इसका अर्थ है ऐसा भारत, जो अपनी जरूरतें स्वयं पूरी करे, अपने उद्योगों को मजबूती दे और साथ ही विश्व के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री का यह संदेश केवल नीति निर्माताओं और उद्योगपतियों के लिए नहीं है, बल्कि आम नागरिक के लिए भी है। जब उपभोक्ता स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे और युवा नवाचार को अपनाएंगे तभी आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार होगी।

### प्रसंगवश

## वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है भारत

विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की नवीनतम आर्थिक प्रभाव प्रवृत्ति रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2025 में विश्व की सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में अपने पिछले दसवें स्थान से 8वें स्थान पर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है। अनुमान है कि अगले दशक में भारत चौथे स्थान पर होगा। भारत का पर्यटन क्षेत्र 2025 में 231.6 अरब डॉलर का योगदान देगा, जो बुनियादी ढांचे, विपणन और सेवा वितरण में मजबूत वृद्धि और रणनीतिक विकास को दर्शाता है। आज विश्व पर्यटन दिवस है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की स्थापना की है और 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाया जाता है।



रमेश सर्राफ

स्वतंत्र पत्रकार

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है, जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं।

यूरोपीय देश जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली और स्पेन प्रमुख खिलाड़ी बने हुए हैं। वहीं हांगकांग एसएआर, मलेशिया और फिलीपींस जैसे एशियाई गंतव्य पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन खर्च में तीव्र वृद्धि देखने वाले देशों में सऊदी अरब (+91.3%), तुर्की (+38.2%), केन्या (+33.3%), कोलंबिया (+29.1%), और मिस्र (+22.9%) शामिल हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म काउंसिल की रिपोर्ट में इस ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका से जुड़े हुए हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है, जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है।

## समझौता होने की वजह अमेरिका से निराशा तो नहीं!





अनिल यादव

वरिष्ठ पत्रकार

17 सितंबर को पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच एक ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे न सिर्फ भारतीय विदेश नीति की बड़ी विफलता के रूप में देखा जा रहा है, बल्कि यह निकट भविष्य में कई तरह की चुनौतियां खड़ी कर सकता है। इस्लामी छाप वाले दोनों देशों के बीच हुए म्युचुअल स्ट्रेटजिक डिफेंस एग्रीमेंट के मुताबिक एक देश पर हमला दोनों देशों पर हुआ हमला माना जाएगा और उससे निपटने के संयुक्त प्रयास किए जाएंगे। इसका सीधा सा मतलब है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध होता है, तो सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा। याद रखने लायक है कि पाकिस्तान पहले ही चीन के साथ सैन्य गठजोड़ कायम कर चुका है, जो हालिया आपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाई दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर इस समझौते की घोषणा की गई, लेकिन इसके पीछे एक अहम घटना है, जिससे अरब जगत को अमेरिका से निराशा हुई और अपनी हिफाजत का डर सताने लगा है। इसी नौ सितंबर को इजराइल ने दोहा की राजधानी कतर के एक ठिकाने पर हमला किया, जहां हमास के पांच पदाधिकारी और कतर का एक सुरक्षा अधिकारी मारे गए।

> कतर पर इजराइली हमले के बाद ट्रंप ने लापरवाही भरा बयान दिया कि हम क्या कर सकते हैं, यह इजराइल का अपना फैसला था। अमेरिकी रुख से 'अरब' सकते में आ गए हैं।

कतर ने इस हमले को इजराइल का राज्य प्रायोजित आतंकवाद कहा। आश्चर्यजनक यह था कि इस समय कतर के अल-उदेद एयरबेस पर आठ हजार अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं, लेकिन वे अपनी जगह से हिले नहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने लापरवाही भरा बयान दिया कि हम क्या कर सकते हैं, यह इजराइल का अपना फैसला था। अमेरिकी रुख से 'अरब' सकते में आ गए हैं, क्योंकि अमेरिका 1945 से तेल के भारी मुनाफा वाले व्यापार पर अधिपत्य के बदले अरब और खाड़ी देशों को सुरक्षा देता रहा है।

बदलते हालात में अमेरिका अब इजराइल को रोकना नहीं चाहता। 1991 के खाड़ी युद्ध में अमेरिका ने यहां पांच लाख सैनिक तैनात किए थे, लेकिन कतर पर इजराइली हमले ने अमेरिका पर अरबों का भरोसा डिगा दिया है। इजराइल परमाणु हथियारों से लैस है। उसके खिलाफ वैसे ही एक वैकल्पिक प्रतिरक्षा तंत्र की जरूरत थी। पाकिस्तान के पास परमाणु बम है और वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अरब देशों के समर्थन में जरूरत पड़ने पर उसके इस्तेमाल का इरादा भी जताया है। सउदी अरब के संबंध फिलिस्तीन के मुद्दे पर अमेरिका से हमेशा से तनावग्रस्त रहे हैं, लेकिन कतर पर हमले के बाद निर्णायक स्थिति बन गई है।

यह समझौता भारत के लिए चिंताजनक है, क्योंकि पाकिस्तान ने अपनी गोलबंदी में ऐसे देशों को भी खींच लिया है, जो भारत के मित्र समझे जाते रहे हैं। 26 अप्रैल को पहलगाम में हुए आंतकी हमले में बेकसूर पर्यटकों की जानें गईं। भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान के भीतर आतंकवादियों के ठिकानों पर मिसाइलें दागी गईं। चार दिन बाद इसे न्यू नार्मल बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर सिर्फ स्थगित किया गया है। मतलब भारत अभी भी युद्ध की स्थिति में है और यदि कोई कार्रवाई करता है, तो इस बार सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दे सकता है।

कूटनीतिक हलकों में सहज ढंग से यह प्रश्न उठाया जाने लगा है कि क्या अब सऊदी अरब भी पाकिस्तान-चीन गठजोड़ में शामिल हो गया है। आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान का खुला समर्थन किया था और इसे भारतीय सेना ने स्वीकार भी किया था।

भारत को चीन-पाकिस्तान की संयुक्त ताकत का सामना करना पड़ा। तो क्या अब भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की स्थिति में पहले से बड़े तीन देशों के सामरिक गठजोड़ का सामना करना पड़ेगा? भारत के सऊदी अरब से आजादी के समय से ही राजनयिक संबंध रहे हैं और यह हमें तीसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्ति करने वाला देश है। प्रधानमंत्री अब तक तीन बार सऊदी अरब जा चुके हैं और पिछले ही साल 225 मिलियन डालर का एक रक्षा समझौता भी हुआ है। इस सबके बावजूद सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ सैन्य गठजोड़ बनाया, जो आश्चर्य की बात है।

यहां ध्यान जाए बिना नहीं रह सकता कि गाजा पर अन्यायपूर्ण युद्ध में इजराइल का साथ देकर अमेरिका न सिर्फ यूरोप में कमजोर हुआ है, बल्कि मध्यपूर्व में भी उसकी पकड़ काफी कमजोर हुई है। इसी का नतीजा है कि अरब देश जो उस पर पूरी तरह निर्भर हो चुके थे, अब अपने लिए स्वतंत्र रूप से सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम कर रहे हैं।

इस रक्षा समझौते में ऐसी क्षमता है कि यह मध्यपूर्व और दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन की स्थिति को आने वाले दिनों में बदल सकता है। भारत के लिए जटिल स्थिति है, क्योंकि आपरेशन सिंदूर के बाद से अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का दायरा सिकुड़ता जा रहा है और अमेरिका-चीन के बीच हमारी स्थिति पेंडुलम जैसी हो गई है। उधर, आंतकवाद को समर्थन देने और आंतरिक अशांति से त्रस्त होने के बावजूद पाकिस्तान अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहा है। यह अपनी विदेश नीति की गंभीर समीक्षा का समय है।

### आमने



उत्तर भारत में जब आप महिला से मिलते हैं, तो पहला सवाल होता है कि आपके पति कहां काम करते हैं? तमिलनाडु में महिला से पूछा जाता है कि आप कहां काम करती हैं? यह बदलाव रातों-रात नहीं आया है। इसमें 100 साल लग गए।

–टीआरबी राजा, मंत्री, तमिलनाडु

### सामने



एक बार फिर डीएमके ने सीमा लांघी है। यूपी, बिहार और उत्तर भारत का अपमान किया है। कांग्रेस ने कहा, बिहार बीड़ी है। रेवंत रेड्डी ने बिहार के डीएनए को गाली दी। बिहार और यूपी की महिलाओं का ऐसा अपमान! तेजस्वी यादव चुप क्यों हैं?

–शहजाद पूनावाला, प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी

## शक्ति का संचार करते मां के शक्ति पीठ



सुरेश बाबू मिश्रा

साहित्यकार

हिंदू धर्म के पुराणों के अनुसार जहां-जहां सती के अंग या शरीर के टुकड़े, धारण किए वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां तीर्थ बन गए। यही तीर्थ शक्तिपीठ कहे जाते हैं। शक्तिपीठ शाक्त मत के अनुसार साधना के अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल हैं। ये तीर्थ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैले हुए हैं। देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों का वर्णन है। यद्यपि देवी भागवत में 108 तथा देवी गीता में 72 शक्तिपीठों की चर्चा मिलती है। तंत्र चूड़ामणि में शक्तिपीठों की संख्या 52 बताई गई है। भारत विभाजन के बाद इनमें से एक शक्ति पीठ पाकिस्तान में चला गया और चार बांग्लादेश में। इनके अतिरिक्त एक शक्तिपीठ श्रीलंका, एक तिब्बत तथा दो नेपाल में हैं। इस प्रकार आज के भारत में केवल 42 शक्तिपीठ हैं।

> जहां-जहां सती के अंग या शरीर के टुकड़े, धारण किए वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां तीर्थ बन गए। यही तीर्थ शक्तिपीठ कहे जाते हैं।

किरीट शक्तिपीठ : पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के तट पर लालबाग कोट पर स्थित है किरीट शक्तिपीठ। यहां सती माता का किरीट अर्थात् मुकुट गिरा था। कात्यायनी पीठ वृंदावन : उत्तर प्रदेश मथुरा जनपद स्थित वृंदावन में स्थित है कात्यायनी वृंदावन शक्तिपीठ। यहां सती का केशपाश गिरा था। करवीर शक्तिपीठ : महाराष्ट्र के कोल्हापुर में स्थित 'महालक्ष्मी' अथवा 'अंबाई का मंदिर' ही यह शक्तिपीठ है। यहां माता का त्रिनेत्र गिरा था। श्रीपर्वत शक्तिपीठः यहां की शक्ति श्रीसुंदरी एवं भैरव सुंदरानंद हैं। कुछ विद्वान इसे लद्दाख (जम्मू-कश्मीर) में मानते हैं, तो कुछ असम के सिलहट से चार किमी दक्षिण-पश्चिम स्थित जौनपुर में मानते हैं। यहां सती के 'दक्षिण तल्प' (निपटी) का निपात हुआ था।

विशालाक्षी शक्तिपीठ : उत्तर प्रदेश, वाराणसी के मीरघाट पर स्थित है। यहां माता सती के दाहिने कान की मणि गिरी थी। गोदावरी तट शक्तिपीठ : यह शक्तिपीठ आंध्र प्रदेश के राजमुंद्री जिले में गोदावरी नदी के तट पर अवस्थित है। यहां माता का बायां कपोल गिरा था। शुचींद्रम शक्तिपीठ : तमिलनाडु में तीन महासागर के संगम-स्थल कन्याकुमारी से 13 किमी दूर शुचींद्रम में स्थायु शिव का मंदिर है। उसी मंदिर परिसर में यह शक्तिपीठ है। यहां माता सती के ऊपरी दांत गिरे थे। पंचसागर शक्तिपीठ : यह शक्तिपीठ वाराणसी के निकट स्थित है। यहां माता के निचले दांत गिरे थे। ज्वालामुखी शक्तिपीठ : हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में स्थित है यह शक्तिपीठ। यहां सती की जिह्वा गिरी थी।

उज्जयिनी शक्तिपीठः कुछ उज्जैन के निकट शिप्रा नदी के तट पर स्थित भैरव पर्वत को, तो कुछ गुजरात के गिरनार पर्वत के सन्निकट भैरव पर्वत को वास्तविक शक्तिपीठ मानते हैं। इस स्थान पर सती की कोहनी गिरी थी। अट्टहास शक्तिपीठः अट्टहास शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल में कटवा-अहमदपुर रेलवे लाइन पर है। यहां सती का निचला होंठ गिरा था। जनस्थान शक्तिपीठः ये महाराष्ट्र के नासिक में पंचवटी में स्थित है। यहां माता की ठुड्डी गिरी थी।

कश्मीर शक्तिपीठः कश्मीर में अमरनाथ गुफा के भीतर हिम शक्तिपीठ है। माना जाता है कि यहां माता सती का कंठ गिरा था। नंदीपुर शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बोलपुर के पास वटवृक्ष के नीचे एक देवी मंदिर है। यहां देवी का कंठ हार गिरा था। श्रीशैल शक्तिपीठः आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद के कुर्नूल के पास श्रीशैलम है। यहां पर माता सती की 'ग्रीवा' गिरी थी।

नलहाटी शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में है यह शक्तिपीठ। यहां माता की उदरनली गिरी थी। मिथिला शक्तिपीठः यहां माता सती का बायां कंधा गिरा था। रत्नावली शक्तिपीठः रत्नावली शक्तिपीठ का निश्चित स्थान अज्ञात है, किंतु बंगाल पंजिका के अनुसार यह तमिलनाडु के मद्रास (चेन्नई) में कहीं है। यहां सती का दायां कंधा गिरा था। अंबाजी शक्तिपीठः यहां माता सती का उदर गिरा था। गुजरात में जूनागढ़ के गिरनार पर्वत पर स्थित मां अंबाजी का मंदिर ही शक्तिपीठ है। मान्यता है कि इसी स्थान पर माता सती का ऊपरी होंठ गिरा था। जालंधर शक्तिपीठः यह शक्तिपीठ पंजाब के जालंधर में स्थित है। यहां माता सती का बायां स्तन गिरा था।


रामगिरि शक्तिपीठः रामगिरि शक्तिपीठ की स्थिति को लेकर मतांतर हैं। कुछ विद्वान मैहर स्थित शारदा मंदिर को शक्तिपीठ मानते हैं तो कुछ चित्रकूट के शारदा मंदिर को। यहां देवी के दाएं स्तन का निपात हुआ था। वैद्यनाथ का हार्द शक्तिपीठः झारखंड के गिरिडीह जनपद में स्थित वैद्यनाथ का हार्द या हृदय पीठ शिव तथा सती के ऐक्य का प्रतीक है। यहां सती का हृदय गिरा था। बकरेश्वर शक्तिपीठः माता का यह शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित है, जहां माता का त्रिकूट (दोनों भौंहों के मध्य का स्थान) गिरा था।

कन्याकुमारी शक्तिपीठः तमिलनाडु में तीन सागरों-हिंद महासागर, अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी के संगम स्थल पर कन्याकुमारी का मंदिर है। यहीं भद्रकाली का शक्तिपीठ है। यहां माता सती की पीठ गिरी थी। बहुला शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बर्दवान जनपद में स्थित है बहुला शक्तिपीठ, जहां सती के वाम बाहु का पतन हुआ था।

इसके अलावा भैरव पर्वत शक्तिपीठ, भैरव पर्वत शक्तिपीठ, मणिवेदिका शक्तिपीठ, प्रयाग शक्तिपीठ, विरजा शक्तिपीठ, कांची शक्तिपीठ, कालमाधव शक्तिपीठ, शोण शक्तिपीठ, कामाख्या शक्तिपीठ, जयंती शक्तिपीठ, मगध शक्तिपीठ, त्रिस्तोता शक्तिपीठ, त्रिपुरसुंदरी शक्तिपीठ, विभाष शक्तिपीठ, देवीकूप शक्तिपीठ, युगाद्या शक्तिपीठ, विराट शक्तिपीठ, कालीघाट काली मंदिर, मानस शक्तिपीठ, लंका शक्तिपीठ, गंडकी शक्तिपीठ, गुह्येश्वरी शक्तिपीठ, हिंगलाज शक्तिपीठ, सुगंधा शक्तिपीठ, करतोया घाट शक्तिपीठ, चट्टल शक्तिपीठ, यशोर शक्तिपीठ भी इनमें शामिल हैं।

### सोशल फोरम

## निराला की रायलटी और भिखारी बुढ़िया का किस्सा





मधु सिंह

ब्लॉगर

एक बार हिंदी के महान साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' रॉयल्टी के एक हजार रुपये लेकर, इक्के में बैठकर, इलाहाबाद की एक सड़क पर चले जा रहे थे। रास्ते में सड़क के किनारे एक बूढ़ी भिखारिन बैठी हुई थी। ढलती उम्र में भी वह हाथ पसार कर भीख मांग रही थी। उसे देखकर निराला जी ने इक्का रुकवाया और उनके पास गए और पूछा, "माई! आज कितनी भीख मिली?"

बुढ़िया ने जवाब दिया, "सुबह से आज कुछ नहीं मिला बेटा!"

बुढ़िया के इस उत्तर को सुनकर निराला जी सोच में पड़ गए कि बेटे के रहते मां भीख मांग रही है।

एक रुपये बुढ़िया के हाथ पर रख कर बोले, "मां अब कितने दिन भीख नहीं मांगोगी?"

बुढ़िया ने सोचते हुए जवाब दिया, "तीन दिन बेटा!"

निराला ने फिर पूछा, "दस रुपये दे दूं तो?"

बुढ़िया ने हिसाब लगाते हुए कहा, "बीस या पच्चीस दिन।"

निराला फिर बोले, "सौ रुपये दे दूं तो?"

"चार-पांच महीने तक!" बुढ़िया ने जवाब दिया।

चिलचिलाती धूप में सड़क के किनारे मां मांगती गई और बेटा देता गया।

इक्के वाला हक्का-बक्का देखता रहा।

बेटे की जेब हल्की होती गई और मां के भीख न मांगने की अवधि बढ़ती चली गई।

जब निराला जी ने रुपयों की अंतिम ढेरी भी बुढ़िया की झोली में डाल दी तो बुढ़िया खुशी से चीख उठी और कहने लगी, "अब कभी भी नहीं मांगूंगी बेटा, कभी नहीं।"

निराला जी ने संतोष की सांस ली। बुढ़िया के पैर छुए। बुढ़िया ने उन्हें ढेरों आशीष और दुआएं दीं।

निराला जी इक्के में बैठकर घर की राह चल दिए। उनके चेहरे पर एक अजीब संतोष का भाव था।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## नेपालः युवाओं ने अपनी ही संपत्ति तबाह कर दी

नेपाल हाल ही में एक असाधारण राजनीतिक उथल-पुथल का गवाह बना। जेन जी आंदोलन के बाद वहां सत्ता परिवर्तन बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, लेकिन इस क्रांति से उभरे हालात से दुनिया भर के युवाओं को सीख लेने की भी जरूरत है। देश के कई हिस्सों में आगजनी, तोड़फोड़ और सरकारी संपत्तियों का नुकसान देखने को मिला। ये घटनाएं यह सोचने पर विवश करती हैं कि क्या यह आक्रोश सही दिशा में जा रहा था? आखिर क्यों अपने ही देश की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाकर खत्म करने पर तुले हुए थे। आज नेपाल के लोग भी संभवतः इस पर मंथन और पछतावा कर रहे होंगे।



हरीश उप्रेती करन

लेखक


हम अक्सर भूल जाते हैं कि सरकारी संपत्ति, चाहे वह कार्यालय, पुल, बस हो या कोई अन्य इमारत, वह सब हमारे ही टैक्स के पैसों से आकार लेती है। यह हमारी ही मेहनत की कमाई का रूप है। जब गुस्से में हम इन्हें आग के हवाले कर देते हैं, तो हम दरअसल अपने ही भविष्य को राख में बदल रहे होते हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इन चीजों को दोबारा बनाने में भी हमारा ही पैसा खर्च होगा। सरकारी खजाना कोई अलग इकाई नहीं है, वह जनता की जेब से ही आता है, इसलिए यदि हम अपने गुस्से का इजहार इस प्रकार करेंगे, तो यह आत्मघाती ही नहीं, मूर्खता भी है।

युवाओं का आक्रोश समझ में आता है। वे परिवर्तन चाहते हैं, वे साफ-सुथरी राजनीति चाहते हैं और वे अपने भविष्य को संवारना चाहते हैं। यह बिल्कुल जायज है, लेकिन जब यह आंदोलन इमारतों को जलाने और वाहनों को तोड़ने की शक्ल ले लेता है, तब इसका असली उद्देश्य खो जाता है। आंदोलन की शक्ति दिशा में होती है, केवल जोश में नहीं। जब युवा जोश में होश खो बैठते हैं, तो नुकसान तय होता है। यही हाल इन प्रदर्शनों का रहा है।

हमारे समाज में हर बड़े आयोजन चाहे वह शादी हो, तीर्थ यात्रा हो या कोई सामाजिक सभा, वरिष्ठ जनों की उपस्थिति को अनिवार्य माना जाता है। उत्तराखंड से लेकर नेपाल तक की सांस्कृतिक परंपराओं में यह बात रची-बसी है। कारण स्पष्ट है कि युवाओं में जोश होता है, पर अनुभव नहीं। वहीं, बुजुर्गों में वह दृष्टि होती है जो किसी भी उथल-पुथल को समझदारी से संभाल सकती है। इस आंदोलन में भी यही कमी दिखाई दी। युवाओं का समूह, दिशा विहीन, बिना किसी रणनीति के, केवल आक्रोश के सहारे मैदान में उतर गया। यदि इनके साथ कुछ अनुभवी और विचारशील नेतृत्व होता, तो शायद यह आंदोलन इतिहास में केवल और केवल एक सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बन जाता, न कि विनाश और क्षति का। उनका आक्रोश अगर कथित तौर पर भ्रष्टाचारियों के प्रति था, तो गुस्सा भी उन पर और उनकी अकूत संपत्तियों पर निकलना चाहिए था न कि सरकारी संपत्ति पर।

अब वक्त संभलने का है, युवा अपने आक्रोश को संकल्प में बदलें। नेपाल की जनता ने अपनी ताकत दिखाई है। सरकार गिर गई, मंत्री भाग गए। यह दर्शाता है कि जनता की आवाज में दम है, लेकिन अब समय है कि इस आक्रोश को संकल्प में बदला जाए। सरकारी संपत्तियों को नष्ट करना, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। अब जरूरत है स्थिरता की, विवेक की और निर्माण की। युवा अगर सचमुच बदलाव चाहते हैं, तो उन्हें नेताओं को जवाबदेह बनाने, नीतियों पर सवाल उठाने, और लोकतांत्रिक तरीकों से दबाव बनाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए, तभी उनका आंदोलन सफल और सार्थक कहा जाएगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)



# गांव अब खोते जा रहे हैं अपनी पहचान

प्राचीन काल से लेकर अंग्रेजों के आगमन तक अपनी सादगी, साफगोई, भोलापन और अपनी भलमनसाहत के लिए साहित्यिक कृतियों में बहुचर्चित और सुविख्यात हमारे गांव हमारे देश की हर शासन व्यवस्था की मौलिक, प्राथमिक तथा आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर इकाई रहे हैं। इसका अपवाद पश्चिमोत्तर भारत में सिंधु और रावी नदी के तट पर सुविकसित अबसे साढ़े चार हजार साल पुरानी कांस्ययुगीन सिंधु घाटी सभ्यता रही हैं, जो पूर्णतः नगरीय सभ्यता थी। हालांकि इसकी उत्तरवर्ती वैदिक सभ्यता पूरी तरह से ग्रामीण सभ्यता थी। ध्यातव्य हो कि पूर्णतः ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति के रूप विख्यात वैदिक काल में ही भारतीय ज्ञान-विज्ञान और आध्यात्म के महान ग्रंथों वेदों, अरण्यको और भारतीय आध्यात्मिकता, तार्किकता, दार्शनिकता और बौद्धिकता की पराकाष्ठा को स्पर्श करने वाले उपनिषदों की रचना की गई। यह तथ्य उन शहरी और कस्बाई मानसिकता से ग्रसित और बुरी तरह कुंठित लोगों के लिए चिंतनीय और विचारणीय है, जो गांवों में गुजर बसर करने वालों को अनपढ़, असभ्य, गंवार, अशिक्षित और जाहिल समझते हैं। वैदिक काल से लेकर मुगलों के शासनकाल तक लगभग संपूर्ण उत्तर भारतीय शासकों के समय लगभग समस्त भारतीय गांव शासन व्यवस्था की प्राथमिक मौलिक और अक्क्षुण ईकाई रहे हैं।

उत्तर भारत की तरह सुदूर दक्षिण भारत में चोल, चालुक्य, सातवाहन और चेर राजाओं ने अपनी शासन व्यवस्था में आम लोगों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं ग्रामीण जन-जीवन में उन्नति और समृद्धि लाने के लिए उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था का प्रबंधन किया था। वर्तमान दौर के मंत्रिपरिषदों की तर्ज पर ग्रामीण स्तर पर विभिन्न कार्यों को सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न और संचालित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया था। समितियों के माध्यम से दक्षिण भारतीय शासकों ने सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण शासन व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया था। इतिहासकार मेगस्थनीज की प्रसिद्ध पुस्तक इंडिका में उत्तर भारत के विशेष रूप से मगध साम्राज्य के गांवों में पाई जाने वाली उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था के साथ-साथ उत्तम उन्नत और समृद्ध ग्रामींण जन-जीवन का उल्लेख मिलता है। इंडिका में मगध साम्राज्य की उन्नति और समृद्धि के साथ-साथ उत्कृष्ट साहित्यिक और सांस्कृतिक हलचलों का भी पता चलता है। इस प्रकार ऐतिहासिक अवलोकन से पता चलता है कि संपूर्ण भारत में हर प्रकार की शासन प्रणालियों में उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था पाई जाती रही है। हमारी शासन व्यवस्था की मौलिक स्वाभाविक और प्राथमिक ईकाई रहे गांव पहचान खोते जा रहे हैं। आपसी सहयोग, सहकार, समन्वय, साहचर्य, सामंजस्य और सदियों से हमारे चलन का हिस्सा रही है। संयुक्त परिवार प्रणाली के माध्यम जीवन जीने के आदती ग्रामीण लोकजीवन में अब एकाकी परिवार प्रणाली और एकाकी जीवनशैली तेजी से आगे बढ़ने लगी है। गावों में सदियों से प्रचलित समूहगत और सामूहिक जीवन पद्धति विलुप्त होती जा रही है। आधुनिकीकरण, तकनीकीकरण, शहरीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों के दुरूपयोग ने गांवों की आपसदारी को न केवल तहस-नहस किया हैं, बल्कि आधुनिकता की इस अंधी दौड़-भाग ने गांवों को आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक रूप से प्रदूषित व कुपोषित किया है। तोता, मैना, कोयल, बुलबुल गौरेय्या और कौवे की बोलियां सुनने के लिए आज हमारे कान तरस जाते हैं। इसके साथ ही साथ गांवों के पर्यावरण और आबो-हवा में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल सकता हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों का बुलेट ट्रेन की रफ्तार से बढ़ता प्रयोग और हाईटेक होते जन-जीवन ने गांवों में मोबाइल कंपनियों के टावरों की संख्या बढ़ा दी है। इन टावरों की तरंगों ने तमाम चहचहाती पक्षियों की जान ले ली। अंग्रेजों के आगमन के पूर्व भारतीय गांव अपनी सहज-सरल आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह आत्मनिर्भर थे। अंग्रेजों ने अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं और संपूर्ण भारत को बाजार बनाने की मंशा से गांवों की सदियों पुरानी आत्मनिर्भरता के साथ-साथ गांवों की स्वाभाविक सहजता भोलापन, भलमनसाहत और मौलिकता को तहस-नहस कर दिया। अग्रेंजों ने भारतीय ग्रामीण अर्थतंत्र और अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ रहे भारतीय लोगों की बहुविविध हुनरमंद दस्तकारी, परंपरागत कुशल शिल्पकारी, हुनर और हाथों की जादूगरी से लबरेज हस्तकला को छिन्न-भिन्न कर दिया। स्वाधीनता उपरांत भारतीय गांवों को फिर से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर अनगिनत प्रयास किए गए, परंतु तमाम प्रयासों और प्रयत्नों के बावजूद आज भी हमारे गांव राजधानियों और चमचमाते शहरों की अनुषंगी पूरक और पराश्रित अर्थव्यवस्था के रूप में जीने के लिए अभिशप्त हैं। शहरों और राजधानियों को चमकाने के लिए सारा संसाधन उपलब्ध कराने वाले गांव आज बदहाली और बदत्तरी के शिकार हैं। गावों में गुजर-बसर करने वाले लोगों की आजीविका का साधन आज भी खेती-किसानी और खेती-किसानी पर आधारित लघु कुटीर उद्योग हैं। इसलिए खेती-किसानी को लाभकारी स्थिति में पहुंचाने के लिए व्यावसायिक स्वरूप प्रदान किया जाए तो आज फिर से गांव आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकते हैं।

गांवों को फिर से सुसज्जित करने के लिए गांवों की प्राकृतिक और स्वाभाविक बुनावट व सजावट की तरफ लौटना होगा। गावों में फिर से साक्षात सहकारी और जिंदा संवाद कायम कर गांवों की मौलिक पहचान फिर से वापस लाई जा सकती है। बाजारवादी चकाचौंध और लगातार विज्ञापनों के शोर ने गंवई व्यंजनों की सुगंध और स्वाद को न केवल क्रूरता से कुचल दिया है, बल्कि हमारे खान-पान की पौष्टिक और प्रचलित परंपरा से हमको बहुत दूर कर दिया हैं। गुड़ भेली से तरह-तरह की बनी मिठाइयों खाद्य और पेय पदार्थों का स्थान पेप्सी, कोका-कोला जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेय और खाद्य पदार्थों ने ले लिया है। भारतीय गांवों की मौलिक पहचान पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। जनमानस में गंगा को बचाने के लिए जो तड़प और बेचैनी पाई जाती है उसी तरह की तड़प और बेचैनी गांवों को बचाने के लिए जनमानस के हृदय में पैदा करने की आवश्यकता है।

लेखक
मनोज कुमार सिंह

# स्वर्ग के करीब की एक जगह : त्रियुंड



दूर किसी मैदानी शहर से किसी पहाड़ी शहर तक आना, आरामदायक होटल में रुकना, कुछ खास जगहों को देखना और फिर वापस लौट जाना। हम में से अधिकतर लोगों का घूमने का प्लान यही होता है, लेकिन कुछ हम जैसे भी होते हैं, जिनके लिए घूमने का मतलब है हर पल को जीना, उस जगह के जर्रे-जर्रे को महसूस करना और एडवेंचर ही जिंदगी है। आप भी एडवेंचर के शौकीन हैं और प्रकृति को करीब से महसूस करना चाहते हैं तो बस बैग पैक करिए और निकल पड़िए त्रियुंड ट्रैकिंग के लिए।

मार्च से जून और सितंबर से नवंबर तक त्रियुंड यात्रा के लिए सबसे उपयुक्त समय है। मैं अपने मित्र के साथ जब हिमाचल के खूबसूरत शहर मैक्लोडगंज पहुंचा तो चारों तरफ मनमोहक नजारे थे। आप इस यात्रा में मैक्लोडगंज को बेस कैंप की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। हमने शाम को वहीं एक ट्रैवल एजेंट से त्रियुंड में रहने के लिए टेंट बुक कर लिया। टेंट का किराया एक हजार रुपये प्रति व्यक्ति था, जिसमें रात का खाना और सुबह का नाश्ता भी शामिल था। मैक्लोडगंज से करीब चार किलोमीटर ऊपर है गोलू मंदिर यानी वो जगह, जहां से कोई वाहन आगे नहीं जा सकता। त्रियुंड की असली यात्रा यहीं से शुरू होती है। यहीं पुलिस का एक पिकेट है, जहां ऊपर चढ़ने से पहले आपको रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। यह औपचारिकता पूरी करके हमने त्रियुंड की तरफ कदम बढ़ाए।

घड़ी बता रही थी कि दोपहर के ग्यारह बजने वाले हैं। सामने था पथरीला और जोखिम भरा रास्ता न कोई सड़क, बस दोनों तरफ पेड़ों से ढकी पगडंडी। शुरुआत में भरपूर जोश था इसलिए कदम तेजी से चल रहे थे, लेकिन कुछ ही मिनटों में हकीकत समझ आ गई। तेज धूप, बिना अभ्यास की चढ़ाई और तेज रफ्तार का असर। नतीजा, हमें पांच मिनट में ही पहला स्टॉप लेना पड़ा। फिर तय किया कि अब धीरे-धीरे चलेंगे। करीब एक घंटे बाद लगा जैसे पहाड़ ने हमसे दोस्ती कर ली हो। तेज धूप ठंडी हवा में बदल गई। नीचे मठों से आती घंटियों की आवाज एक प्यारी धुन-सी बन गई। हमारा बदन अब हमारे इरादों का साथ देने लगा। धीरे-धीरे प्रकृति का घूंघट उठने लगा और हम महसूस करने लगे एक नई और अनदेखी दुनिया को।

कहीं रास्ते का नामोनिशान नहीं था तो कहीं चट्टानों के बीच से राह खोजनी पड़ी। कहीं जंगली फूलों की खुशबू हमें अपनी ओर बुला रही थी तो कहीं डरावनी खाई थी। हरे-भरे मैदान मिले तो कुछ सहमी-सफेद भेड़ें हमारा स्वागत करती दिखीं। कभी सहयात्रियों का कोई झुंड दोस्त बन रहा था। इस बीच हम पहुंच गए "मैजिक व्यू कैफे" त्रियुंड ट्रैक का एक अहम पड़ाव।

थोड़ा आगे बढ़ते ही मौसम खुशगवार हो गया, लेकिन कुछ कदमों बाद बारिश ने हमें तरबतर कर दिया। ठंड काफी बढ़ गई थी। अब मुझे अपनी ऊनी टी-शर्ट का महत्व समझ आने लगा। कुछ दूरी पर आसमान से ओले गिरने लगे। हाथ-पांव ठंड से कांप रहे थे। तभी एक छोटी-सी दुकान दिखी और हम वहां जाकर छिप गए। त्रियुंड का अंतिम एक किलोमीटर ट्रैकिंग सबसे थकाने वाला है। इसमें करीब 22 खतरनाक मोड़ हैं। यहां तक पहुंचते-पहुंचते ऑक्सीजन भी कम होने लगती है, जिससे सांसें तेजी से फूलने लगती हैं। मैंने अपनी बोतल में बचे पानी का आखिरी घूंट पिया और साथी का हाथ पकड़कर सामने की चट्टान पार की। हमारे सामने हरा-भरा मैदान था, जो जैसे हमारा स्वागत कर रहा हो। यही तो हमारी मंजिल थी, हम त्रियुंड पहुंच चुके थे।

इस पड़ाव को पार करने के बाद जो दृश्य सामने था, वो बेमिसाल था। हमारे सामने फैला था बड़ा मैदान, जिस पर मानो हरी घास की कालीन बिछी हो। यहां-वहां रंग-बिरंगे टेंट चमक रहे थे। सामने खड़ा था धवल सफेद बर्फ से ढका हिमालय (धौलाधार पर्वत श्रृंखला)। हमारी सारी थकान न जाने कहां गुम हो गई थी। मैं अपनी जिंदगी की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक का दीदार कर रहा था। जल्द ही हमने अपने लिए एक टेंट लगवा लिया। मैदान के अंतिम छोर पर, ताकि हिमालय का दृश्य बिना किसी रुकावट के सामने हो। टेंट छोटा था, लेकिन काम चल सकता था। कभी चारागाह रहा त्रियुंड अब बेहद रौनक से भरा था। सूरज ढलने ही वाला था और मौसम में काफी ठंडक थी। कई एकड़ में फैले मैदान में हर तरफ बस और बस प्रकृति थी।

मैदान के अंतिम सिरे पर पड़ी एक शिला पर बैठकर मैं विराट हिमालय को निहार रहा था। ठंडी घास पर रखे मेरे पैर जैसे हिमालय को छूने को मचल रहे थे। धीरे-धीरे हिमालय सूरज को अपनी गोद में ले रहा था और कुछ देर के लिए सफेद हिमालय के रंग बदलते रहे। सचमुच यह अद्भुत नज़ारा था। इतना कि मुझे तस्वीर लेना भी याद नहीं रहा। यह वो खूबसूरती थी, जिसके बारे में शायद ही आपने कभी कल्पना की हो। हल्की-हल्की ठंडी हवा बालों और चेहरे को जैसे किसी अपने की तरह सहला रही थी। मुझे लग रहा था कुछ जगहें देखने से ज्यादा महसूस करने के लिए होती हैं, जैसे त्रियुंड।

शाम के सात बज चुके थे। त्रियुंड में घिरते अंधेरे ने रात होने की दस्तक दी। दुनियादारी से परे एक खामोश और सुनहरी-सी रात थी। यहां की कुछ दुकानों में लालटेनें जल रही थीं या कहीं-कहीं टेंट में हल्की-सी टॉर्च की रोशनी थी बस। अंधेरा गहरा चुका था। जल्द ही अलग-अलग देशों और कोनों से आए लोग दोस्त बन गए। हमने साथ में ही डिनर किया। भूख इतनी ज्यादा थी कि उस वक्त मिला दाल-चावल-राजमा बेहद स्वादिष्ट लगा। थोड़ी देर बाद हम अपने कैंप की तरफ लौट आए।

मैं सुबह साढ़े चार बजे ही टेंट से बाहर निकल आया। एक मासूम सी सुबह हमारा स्वागत कर रही थी। सूरज धीरे-धीरे ऊपर आ रहा था। चारों तरफ खामोशी थी। बर्फीले बादल पास से गुजर रहे थे। ठंड और बढ़ गई थी। शायद मैं उस मैदान में पहला इंसान था जो उस समय टेंट से बाहर खड़ा था। मैं उस पल के हर लम्हे को अपने अंदर समेट लेना चाहता था। दिल कह रहा था- काश, वक्त थोड़ा और रुक जाए, लेकिन 'काश' हमेशा एक खतरनाक शब्द होता है। वापस लौटते समय मेरे पास थे, उस खूबसूरत जगह पर बिताए गए शानदार पल।



लेखक
मृदुल कपिल

## किस्सा रहस्य

मनीष को अपनी दुकान में समय से पहुंचना होता था। आज सुबह से बारिश होने के कारण उसे दुकान के लिए निकलने में देर हो गई। वह सोच रहा था कि दुकान अभी तक बंद होगी। रामप्रसाद तो अभी पहुंचा ही नहीं होगा। अतः उसने मोबाइल से रामप्रसाद से संपर्क किया तो पता चला कि वह दुकान में मौजूद है। यह सुनकर उसे घोर ताज्जुब हुआ कि इतनी बरसात में वह समय पर कैसे पहुंच गया? वह काम पर सदा देर से आता था, जिसके लिए वह कई बार झिड़कियां सुन चुका था और मनीष उसे हटाने का भी निर्णय ले चुका था। वह दुकान में पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान की अच्छी तरह सफाई हो चुकी थी। दुकान में कोई ग्राहक नहीं था और रामप्रसाद स्टूल पर बैठा ऊंघ रहा था। अपनी कुर्सी पर बैठते हुए मनीष ने उससे पूछा, "रामप्रसाद! मुझे यह बताओ कि पहले तो तुम हमेशा लेट से आते थे, लेकिन आजकल इतनी जल्दी कैसे आ रहे हो? बरसात में प्रायः लोगों को अपने कार्यस्थल पर पहुंचने में देर हो जाती है। तुम्हारे सवेरे पहुंचने का क्या कारण है?" यह सुनकर रामप्रसाद ने कहा , "मालिक! क्या बताऊं? जब बारिश होती है तो मेरी छत टपकने लगती है और मैं रात-भर बैठकर सवेरा करता हूं। कमरे में चारों ओर सीलन भरी हुई है। इसीलिए सवेरे उठकर चल देता हूं। यहां रहता हूं ,तो कम-से-कम भींगता तो नहीं हूं।"



अंजना वर्मा

# कैनवास की मोनालिसा



यूं तो गाहे-बगाहे अपने अगल-बगल मैंने रेल से कई यात्राएं की है, लेकिन उन यात्राओं की दूरी ज्यादा से ज्यादा बीस से तीस किलोमीटर तक ही रही है। कभी कोई लंबी रेलयात्रा नहीं की। इसलिए इन छोटी रेल यात्राओं को मैं अपनी मुकम्मल रेलयात्रा नहीं कह सकता। हां! सन 2018 की गंभीर बीमारी की परिस्थितियों ने मुझे पहली बार एक मुकम्मल और पूर्ण रेलयात्रा कराई। इस रेलयात्रा को ही मैं अपनी सार्वकालिक व पूर्ण रेलयात्रा मानता हूं। मुंबई से लौटते समय ज्योहीं रेल ने पटरियों पे चलना और दौड़ना शुरू किया तो मुझे ऐसा लगा कि जैसे मुझे दुनिया जहान की सारी खुशियां मिल गईं हों। ऐसा नहीं की मुंबई जैसे महानगर और अर्थ की राजधानी में हमारे वृहद उत्तर प्रदेश जैसे राज्य का जौनपुर जैसा जिला अनुपस्थित हो। यह सच है कि मेरे बीमार होने की दशा में इलाज के मामले में मुंबई जौनपुर से कहीं ज्यादा बेहतर और सर्वोत्कृष्ट रहा, लेकिन हम संवेदनशील कलम वाले न जाने क्यों जीवन की मशीनी आपाधापी और इतने बड़े-बड़े कंक्रीट के जंगल से अपनी संवेदना बैठा नहीं पाते। वैसे भी मुंबई प्रवास के समय लगा कि इस महानगर में हमारे जनपद जौनपुर के हर घर से कोई न कोई अपने घर की रोटियां अपने प्रयास से चला पा रहे हैं। इतना ही नहीं, यहां पर हमारे जौनपुर के चंद लोग तो आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक कड़ी के वे मील के पत्थर है, जिसे मुंबई नकार नहीं सकती।

मेरी दवा व इलाज करवाने के बाद की वापसी केवल एक मरीज की वापसी नहीं थी, बल्कि मेरे अंदर के एक साहित्यकार की भी वापसी थी। जिसे मैंने अपने रेल के डिब्बे में बखूबी महसूस किया, जो रेल का डिब्बा जाते वक्त नीरस व बेजान सा लगा था, वही रेल का डिब्बा घर वापसी के समय महज एक रेल का डिब्बा भर नहीं अपितु वह रेल का डिब्बा हमारे यहां का पूरा गांव सा लग रहा था। रेल के डिब्बे का गांव अपने में सब कुछ समेटे था। इसमें गांव की सरलता के साथ ही वह सोंधापन पन था, जिसके चलते हमारे जौनपुर का हर गांव जाना जाता है। इस रेल के डिब्बे से बातकर कुछ लोगों का खिलखिलाना जीवन की आयुर्वेदिक ऊर्जा का आभास करा रहा था। बीच में ग्रामीण तंज के अंदाज में कुछ राजनैतिक चर्चा-परिचर्चा इस यात्रा को और यादगार बना रहे थे। मैं खुद इस रेलयात्रा को किसी लेखक के यात्रा-वृत्तांत को जी रहा था।

हां इस रेलयात्रा में मेरे अंदर के लेखक को एक बात कचोट जरूर रही थी कि इस रेलयात्रा के कचोटपन की पात्र उस डिब्बे की खुली खिड़की के पास बैठी बिल्कुल शांत सी अपने अपने में खोई हुई सी लड़की, जिसके अंदर इस यात्रा का कहीं दूर-दूर तक कोई उल्लास नहीं दिख रहा था। वह जैसे अपनी किसी असहाय पीड़ा के आकंठ में डुबी बस बाहर देख रही थी। मुझे लगा कि शायद इसने रेलयात्रा नहीं कि, बल्कि इस पूरी रेलयात्रा में वह केवल अपने प्रश्नों का आत्ममंथन कर रही थी या उनके उत्तर को तलाश रही थी। मेरे इस प्रथम पूर्ण रेलयात्रा में वह नीली सलवार पहनी हुई लड़की चुभ रही थी और मुझे लगा कि यह अपने प्रेम के विश्वास की कस्तुरी किसी धोखेबाज को दे बैठी है। सच मैं कवि तो था, लेखक भी था, लेकिन किसी कैनवास का चित्रकार न था, लेकिन फिर भी ये लड़की मेरे रेलयात्रा के कैनवास की एक मोनालिसा बनके रह गई है।



लेखक
रंगनाथ द्विवेदी

## बतकही



लेखक
शिवालिक अवस्थी

आज यदि कोई सबसे ज्यादा खुश है तो वह है कुमार साहब का बेटा रोहन। आखिर रोहन के चचेरे भाई की शादी जो है। रोहन को पहले दिन से ही उसके चाचा राजेश ने शादी का सारा तय कार्यक्रम कह सुनाया था ताकि रोहन को किसी भी कार्य में परेशानी न हो। रोहन भी पूरी जिम्मेदारी के साथ हर कार्य को पूरी तरह निभाने में मशगूल था। शाम को बारात जाने का समय हो गया। रोहन जल्दी तैयार हुआ और अपने ताया के लड़के योगेश के साथ अलग गाड़ी पर बारात के साथ चल पड़ा। बीच रास्ते में योगेश ने गाड़ी को कहीं ओर घुमा दिया और थोड़ी देर गाड़ी रोकने के बाद वह दुकान से शराब की बोतल ले आया। रोहन ने शराब पीने से इनकार किया और बोला कि चाचा जी ने मुझे बहुत काम सौंपे हैं मुझे उन्हें पूरा करना है, यह काम नहीं करना है, लेकिन योगेश ने रोहन को भी शराब पिलाई और खुद भी शराब का खूब सेवन किया। उन दोनों ने इतनी शराब पी कि कुछ भी होश न रहा। वे दोनों शादी की रस्में तक नहीं देख सके। उधर रोहन के पिता समझ चुके थे कि असली माजरा क्या है? लेकिन शादी के बीच में उन्होंने माहौल को संभाले रखा। रोहन को सुझाए गए सारे काम, उन्होंने ही किए। अगले दिन रोहन घर आ पहुंचा। उसके बाल बिखरे थे और कपड़े भी गंदे हो चुके थे। यह देखकर रोहन के पिता ने सबके सामने उसकी पिटाई की। रोहन, जो पहले पूरी जिम्मेदारी के साथ हर कार्य करने में मशगूल था, एक शराब ने उसका खूब मजाक बनाया। रोहन की तरह ऐसे कई लोग हैं, जो किसी भी समारोह का आनंद तो उठाना चाहते हैं, लेकिन शराब पीने की लत उन्हें सब कुछ भुला देती है। उन्हें यह ज्ञात नहीं रहता कि समारोह की स्मृतियां कितनी महत्वपूर्ण होती हैं, जो असल आनंद देती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डीआईजी,एसपी ने दुर्गा पंडालों का किया दौरा

महोबा। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मंडल बांदा राजेश एस और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत शहर कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान दुर्गा पंडालों में महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर महिला सुरक्षा के बावत जागरूक किया। डीआईजी और एसपी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनीष पांडेय को शहर में गश्त करने के निर्देश दिए।

### भागवत महापुराण में सती की कथा का वर्णन

कुलपहाड़। शारदीय नवरात्र पर्व के मौके पर नगर के काली माता मंदिर सोनीगंज में चल रही दैवी भागवत महापुराण में कथा व्यास पंडित प्रतीक मिश्रा श्रीधाम वृंदावन ने कहा कि जब जगत जननी मां की शरण में प्राणी जाता है, तब उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं रह जाता। धार्मिक कार्यक्रम में सोनी गंज नवरात्र समिति कुलपहाड़ के अध्यक्ष रामजी सोनी, पंडा दोहे दिव्य गगन, कौशल, गट्टू, देवेश सोनी सहित आशुतोष सोनी, दीपक, ऋषि सोनी, मनु, देवेंद्र, छुट्टू, अमित, सक्षम, अभिषेक, रिंकू, रवि, अमन, अंशु, शांतनु, नीलेश आदि का सहयोग रहा।

### नवरात्र, जुमे की नमाज पर पुलिस रही सर्तक

महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को नवरात्र, दशहरा पर्व एवं जुमे की नमाज के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया। जुमे की नमाज के दौरान सभी संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई तथा उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी गई। अधिकारियों व पुलिस टीमों ने मस्जिदों एवं प्रमुख मंदिरों के आसपास भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।

### स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

महोबा। मिशन शक्ति फेज- 5 के अन्तर्गत राजकीय बालिका इंटर कालेज महोबा में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सैनेटरी नैपकिन वितरित कर किशोरियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्कूल की किशोरियों को आयरन की नीली गोली खिलाई। जिलाधिकारी के निर्देशन पर कुल 24,432 किशोरियों को सैनेटरी नैपकिन पैकेट एवं आयरन की गोलियां वितरित की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं और बेटियां स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम, साईं कालेज के प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य सरगम खरे आदि मौजूद रहे।

### 7,540 छात्र-छात्राओं को बांटी गई छात्रवृत्ति

महोबा। जीजीआईसी महोबा में जिलाधिकारी की मौजूदगी में शुक्रवार को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें कक्षा 9, 10, 11 व 12 की 7,540 छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति की धनराशि खातों में निदेशालय स्तर से भेजी गई। कालेज में छात्रवृति खातों में पहुंचने की जानकारी दी गई।

# घंटों इंतजार के बाद भी खाद नहीं, बैरंग लौटे किसान

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)



खाद न मिलने से समिति में नाराज खड़े किसान। अमृत विचार

अमृत विचार। जैतपुर साधन सहकारी समिति में डीएपी खाद आने के बाद भी वितरण न किए जाने से किसानों में गुस्सा है। किसानों ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों और जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात कर डीएपी खाद का वितरण कराए जाने की मांग की, जिससे किसानों की समय से रबी फसल की बुवाई हो सके।

जैतपुर साधन सहकारी समिति में खाताधारक किसान खाद के लिए सुबह से ही समिति में डेरा जमा लेते हैं और घंटों खाद के इंतजार में बैठे रहते हैं, लेकिन खाद का वितरण न होने से मायूस होकर अपने गांव लौट जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से खाद के लिए आने वाले किसान किराया भाड़ा खर्च करके जैतपुर आते हैं,

**• डीएपी खाद के लिए रात से ही समितियों में पहुंच रहे किसान**

इसके बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पाती है।


बुधौरा गांव के प्रताप सिंह राजपूत, बेरी गांव के देवेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र राजपूत, मगरौल के काशीराम राजपूत, फूल सिंह विश्वकर्मा, मवईया के प्रहलाद राजपूत, बछेहर कला के देवेंद्र सिंह, बुधौरा गांव के रविकरण सहित सैकड़ों किसान तड़के सुबह से जैतपुर साधन सहकारी समिति में घंटों डेरा जमाए रहे। कहना है कि समिति में दस दिन पूर्व डीएपी खाद का वितरण हुआ था, जिससे खाता धारकों के साथ नकद लेने वाले किसानों को भी तहसील प्रशासन द्वारा शामिल कर दिया गया, जिससे भीड़ जमा हो जाने के कारण खाताधारकों को खाद नहीं मिल सकी। कुछ खाताधारक किसानों को खाद का वितरण हो सका। नकद पैसे पर खाद लेने वाले किसानों को अधिक मात्रा में खाद दी गई। किसानों का कहना है कि सहकारी विभाग समिति के खाताधारकों के अलावा नकद दाम पर खाद दे रहे हैं, जिससे भीड़ बढ़ जाने के कारण खाताधारक किसान खाद पाने से वंचित हो गए हैं। किसानों ने यह भी बताया कि नकद दामों पर किसानों के लिए अलग केंद्र खोले गए हैं। पीसीएफ सहकारी संघ के अलावा अन्य प्राइवेट लाइसेंस धारकों के केंद्रों पर भी खाद उपलब्ध होती है, लेकिन कुछ किसान हर जगह जाकर खाद के लिए लाइन में खड़े हो जाते हैं, जिससे भीड़ बढ़ जाती है, इससे खाताधारक किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रहा है।

# सैयद मोहम्मद अली का धूमधाम से मनाया उर्स

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। मोहल्ला चौसियापुरा में स्थित हजरत सैयद मोहम्मद अली का संदल और सालाना उर्स अकीदतमंदों ने धूमधाम से मनाया।

गुरुवार देर रात सैय्यद शमीद अली के मकान से चादर जुलूस निकाला गया, मजार पर पहुंचकर चादर पोशी की गई। फातिहा के बाद मुस्लिम भाइयों ने बुलंद आवाज में सलाम पढ़ा और फिर दुआ का सिलसिला जारी हुआ। रात दस बजे से मौदहा के मशहूर कव्वाल मुईन निजामी और असलम निजामी मौदहा द्वारा कव्वाली की महफिल सजाई गई। मुईन निजामी एण्ड पार्टी की प्रस्तुति ने माहौल में चार चांद लगा दिए। कव्वाल मुईन कलाम सुनाए। इस दौरान मजार के गद्दी नशीन सैयद शमीम अली, मोजान अली, एहतिशाम अली, अलकाफ अहमद अली आदि मौजूद रहे।



मजार में हो रही फातिहा में शामिल अकीदतमंद। अमृत विचार

# डीआरएम को रेलवे स्टेशन पर मिलीं अव्यवस्थाएं, फटकारा

## यात्री प्रतीक्षालय बंद और शौचालयों में मिला गंदगी का अंबार, यात्रियों से जानी समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम अनिरुद्ध सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के डीआरएम ने रेलवे स्टेशन महोबा का शुक्रवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाएं देख डीआरएम भड़क उठे, उन्होंने स्टेशन प्रबंधक की क्लास लेकर जल्द से जल्द अव्यवस्थाएं दूर करने के निर्देश दिए। डीआरएम ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से वार्ता कर समस्याओं की जानकारी की। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों में खासी बेचैनी दिखाई दी। डीआरएम ने स्टेशन के पहले चरण की प्रगति की समीक्षा के बाद दूसरे चरण की योजनाओं का निरीक्षण भी किया।

उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के डीआरएम अनिरुद्ध सिंह ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण मानिकपुर स्टेशन से शुरू करते हुए रेलवे स्टेशन महोबा पहुंचे। निरीक्षण के दौरान यात्री प्रतीक्षालय बंद मिला, इसके बाद सफाई व्यवस्था को देखा तो परिसर में कूड़ा करकट मिला, डीआरएम ने शौचालयों का निरीक्षण किया तो वहां पर गंदगी और बदबू से उनका बुरा हाल हो गया, जिस पर उन्होंने स्टेशन प्रबंधक अरविंद कुमार दोहरे को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। कहा कि यात्रियों को रेलवे स्टेशन में किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

डीआरएम ने बताया कि महोबा रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के 1337 स्टेशनों में शामिल है, इसलिए यहां बेहतर सुविधाएं होनी चाहिए। निरीक्षण करते हुए डीआरएम ने यात्रियों से बातचीत करते हुए समस्याओं के बावत जानकारी की, जिस पर यात्रियों ने बताया कि बांदा मेमो ट्रेन अक्सर लेट चलती है और ट्रेन में अवैध वेंडरों से यात्री परेशान हैं। यात्रियों ने बताया कि रेलवे परिसर में बनी दुकानों से भी उन्हें आवागमन में दिक्कत होती है। डीआरएम ने आरपीएफ और कमर्शियल विभाग को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन परिसर में दुकानों से यात्री आवागमन में बाधा को दूर करने के लिए आरपीएफ और जीआरपी को कार्रवाई के आदेश दिए गए। वहीं कुछ यात्रियों ने बेलाताल स्टेशन में प्रकाश की समुचित व्यवस्था न होने की समस्या बताई। जिस पर अधिकारियों को स्थाई प्रकाश व्यवस्था के निर्देश दिए। डीआरएम ने महोबा स्टेशन के ब्लॉक सेक्शन के दोहरीकरण और नए स्टेशन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। बताया कि सभी कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं, नया स्टेशन जल्द तैयार होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे स्टेशन की सफाई, सुविधा और सुरक्षा स्तर यात्रियों की सुविधा के अनुरूप होना चाहिए और इसके लिए सभी विभाग सतर्कता से काम करें।

# निखर रहा रोडवेज बस स्टैंड, यात्रियों कर्मचारियों को जल्द मिलेंगी सुविधाएं

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**• चेयरमैन के प्रयासों के बाद सौंदर्यीकरण को थी मिली मंजूरी**

**• निर्माण कार्य के साथ स्टैंड परिसर में स्ट्रीट लाइटें भी लगेंगी**



बस स्टैंड परिसर में पड़ी निर्माण सामग्री। अमृत विचार

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के महोबा डिपो अंतर्गत कस्बे के बस स्टैंड का कायाकल्प कराया जा रहा है। कायाकल्प की जिम्मेदारी आदित्य कंस्ट्रक्शन कंपनी अलीगढ़ को सौंपी गई है। कार्यदायी संस्थान युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य कराने में जुटी हुई है। इससे जल्द ही बस स्टैंड का कार्य पूरा होने की उम्मीद बढ़ गई है। बस स्टैंड का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद जहां रोडवेज के कर्मचारियों को कूलर पंखों में बैठकर काम करने का मौका मिलेगा, वहीं यात्रियों को भी पेड़ के नीचे बैठकर बसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

नगर पंचायत कुलपहाड़ के अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने शासन स्तर पर काफी प्रयास करके बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति कराई थी, जिसके तहत बस स्टैंड के परिसर में बाउंड्रीवाल, नाली और मैदान में इंटरलाकिंग सहित दो नई दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ बस ही बस स्टैंड के कार्यालय भवन का उच्चीकृत कर तथा यात्री प्रतिशालय सहित कार्यालय भवन का कायाकल्प कराया जा रहा है। रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए यहां रोडवेज परिसर में स्ट्रीट लाइटें, बिल्डिंग में लाइटें भी लगवाई जा रही हैं। साथ ही यात्री प्रतिक्षालय, कार्यालय भवन और दुकानों में बिजली फिटिंग कराकर प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ पंखे भी लगवाए जा रहे हैं।

कार्यदायी संस्था की ओर से कार्य करा रहे सुपरवाइजर बृजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण होने की उम्मीद है। सब स्टैंड का सौंदर्यीकरण होने से नगर की जनता ने नगर पंचायत अध्यक्ष के अलावा प्रशासन की भी सराहना की है। बता दें कि यहां अभी यात्रियों से लेकर कर्मचारियों को भी सुविधा के अभाव में काम करना पड़ रहा है। कायाकल्प होने से सभी को राहत मिलेगी। कार्यदाई संस्था का कहना है काम समय से पूरा करेंगे।

# कालीपहाड़ी हत्याकांड के चार आरोपी मय आलाकत्ल गिरफ्तार

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। कालीपहाड़ी हत्याकांड का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। हत्या के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके हवाले से आलाकत्ल भी बरामद किया है।

एसपी प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय एवं एसओजी प्रभारी शिवप्रताप सिंह के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीमों ने बृजेंद्र की हत्या के आरोप में अरुण सिंह राजपूत (26), दिलीप उर्फ बब्लू (30), गोकरन (29) पुत्रगण स्व. जयपाल राजपूत व महेश कुमार राजपूत (26) पुत्र हरगोविन्द उर्फ भूरा निवासीगण ग्राम कालीपहाड़ी को मय हत्या के बाद प्रयुक्त ट्रैक्टर व कल्टीवेटर के साथ गांव के समीप से गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशादेही पर आलाकत्ल कुल्हाड़ी व रस्सी व मृतक का मोबाइल भी बरामद किया गया है।

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरांत में धारा 3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी के अलावा उपनिरीक्षक दिनेश तिवारी, कॉस्टेबल मुकेश सिंह, अभिषेक पटेरिया के अलावा एसओजी के उपनिरीक्षक विवेक यादव, कॉस्टेबल दीपक वर्मा, रंजीत सिंह, निर्भय यादव, आशीष बघेल, कुलदीप यादव, अभिषेक दुबे, सत्यम सिंह जादौन आदि शामिल हैं।

बता दें कि पांच दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने बृजेंद्र की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी, बाद में उसके सिर को पत्थर से कुचल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे।

# बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में उमड़ रहे भक्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र के त्योहार पर देवी भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को देवी मंदिरों में सुबह से आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं शाम होते ही महिलाएं टोलियां बनाकर दुर्गा पंडालों में पहुंची और आरती में शामिल होने के बाद देर रात तक देवी भक्ति गीत का आनंद लेती रहीं। शुक्रवार को यहां के बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ दिखी। नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के प्रेम और ममता स्वरूप स्कंदमाता की आराधना भक्तजनों ने श्रद्धा और आस्था के साथ पूर्ण की।



मंदिर में पूजा करने जाते भक्त। अमृत विचार

शारदीय नवरात्र को लेकर नगर की छोटी चंद्रिका देवी मंदिर, शारदा देवी मंदिर, शीतला देवी मंदिर, काली माता मंदिर, विंध्यवासिनी देवी मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर में भक्त पैदल, ई-रिक्शा, बाइक, कार से पहुंच कर पूजा अर्चना कर रहे हैं।

शहर के ऊदल चौक में गुरुवार की रात मां चंद्रिका नवयुवक समिति द्वारा बनाए गए दुर्गा पंडाल में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने मां पर झांकी के माध्यम से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम दौरान ऊदल चौक पूरी तरह लोगों से भरा नजर आया। कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई जो भीड़ के चलते वाहनों पर सवार लोगों को दूसरे रास्ते से अपने अपने गन्तव्य स्थानों पर पहुंचने की अपील करते रहे। नवरात्र के तहत महिला भक्तों ने मां की पूजा अर्चना कर संतान प्राप्ति की मनोकामना के साथ बच्चों की लम्बी आयु की प्रार्थना की। स्कंदमाता की प्रतिमा को गंगाजल चढ़ाया और मां का श्रृंगार किया।

## निगरानी

### संवाद कर लोगों को सुरक्षा का कराया एहसास

# एसडीएम व सीओ ने किया पैदल मार्च

संवाददाता, कालपी (जालौन)



पुलिस जवानों के साथ पैदल मार्च करते एसडीएम, सीओ व कोतवाल। अमृत विचार

अमृत विचार। नवरात्र पर्व तथा जुमे की नमाज को दृष्टिगत रखते हुये दोपहर को एसडीएम मनोज कुमार सिंह तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार की अगुवाई में पुलिस के जवानों ने पैदल मार्च किया। मार्च के साथ साथ उन्होंने लोगों से संवाद स्थापित करते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

शुक्रवार को जुमे की नमाज,नवरात्र व दशहरा के त्योहारों को कुशलता पूर्वक निपटाने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क बना हुआ है। इसी को मद्देनजर रखते हुए दोपहर को उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह,टरनंनगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल,

समेत पुलिस जवानों ने कालपी नगर के फुल पावर चौराहा से फुट मार्च शुरू किया।जुलैहटी मार्केट, बड़ी मस्जिद, हरीगंज,काली देवी मंदिर चौराहा, बड़ा बाजार,शाही जामा मस्जिद,आनन्दी देवी,राम चबूतरा,बाईपास, हाईवे सर्विस लेन, खानकाह मुहम्मदिया दरगाह देवी मंदिरों, आदि स्थानों में घूम घूम कर पैदल मार्च किया। जगह-जगह एसडीएम ,सीओ ने जनता से संवाद स्थापित कर जानकारियां ली। फुट मार्च के दौरान रास्ते में संदिग्ध लोगों से पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ की गई। इस मौके पर विपलेंद्र कुमार, आशीष कुमार, सुनील कुमार के अलावा सिपाही शामिल रहे। दरअसल पर्वो के अवसर पर कालपी नगर में श्रद्धालुओं की भीड़ भाड़ रहती है।

# भक्तों की आस्था का केंद्र हैं पचपिण्डा देवी

कालपी। कालपी नगर के मोहल्ला कागजीपुरा (रामगंज) में स्थित पचपिण्डा देवी मंदिर में स्थापित देवी को नगर व क्षेत्र के लोग कुलदेवी के रूप में पूजते हैं।

नवदुर्गा के पावन पर्व पर अन्य शक्तिपीठों के अलावा यहां भी हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ लगती है। नवरात्र में वैसे तो पूरी कालपी का वातावरण भक्ति में नजर आता है मगर कालपी में स्थित मां बनखंडी देवी, पचपिण्डा देवी, शीतला देवी में भक्तों की ज्यादा ही भीड़ रहती है। मान्यताओं के अनुसार कालपी के पचपिण्डा देवी मंदिर का निर्माण महाभारत काल के समय का बताया जाता है। मंदिर के पुजारी पंडित संजय महाराज के अनुसार पचपिण्डा देवी मंदिर में पांडवों ने अपने अज्ञात वास का कुछ समय बिताया और यहां से पांडव राजा विराट की राजधानी चले गए थे।

# शिक्षा की गुणवत्ता का लिया जायजा

संवाददाता, कालपी (जालौन)



विद्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम मनोज कुमार सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। स्कूलों में शिक्षा की हकीकत को परखने के लिए उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह शुक्रवार को उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की साफ सफाई देखने के अलावा विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से सवाल जवाब कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

कालपी नगर के मोहल्ला हरीगंज में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह औचक तरीके से निरीक्षण करने पहुंचे। विद्यालय में प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार, शिक्षिका संगीता श्रीवास्तव, रेखा भास्कर, ऊषा, प्रियंक सिंह उपस्थित मिले। उन्हें विद्यालय में 80 छात्र-छात्राएं अध्ययन करते मिले, जबकि विद्यालय में 115 विद्यार्थियों का नामांकन है। उन्होंने प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार के साथ विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था तथा मिड-डे मील की हकीकत परखी। उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों में प्रश्न पूछे।

बच्चों के सही जवाब देने पर एसडीएम ने संतोष जताया। प्रधानाध्यापक की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से शैक्षणिक जानकारियां हासिल की। उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने शिक्षकों से विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने विद्यालयों में बनने वाले मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता ठीक रखी जाए।

न्यूज ब्रीफ

## उप महालेखाकार ने बैठक में दी जानकारी

**चित्रकूट**। सामान्य भविष्य निधि खाताधारकों को सुगमतापूर्वक भुगतान की सुविधा देने के मद्देनजर शुक्रवार को उप महालेखाकार विजय सिंह पंवार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने कोषागार का निरीक्षण किया। कार्यशाला में सामान्य भविष्य निधि एवं वित्त लेख के संबंध में सुनवाई की। जीपीएफ अदालत में वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह सहित महालेखाकार कार्यालय प्रयागराज के वरिष्ठ लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी व आहरण एवं वितरण अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। उप महालेखाकार ने बताया कि जीपीएफ भुगतान की सभी प्रक्रियाएं आनलाइन कर दी गई हैं।

## अलसी का नि:शुल्क बीज प्राप्त करें किसान

**चित्रकूट**। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि राज्य सहायतित नि:शुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के तहत अलसी का मिनीकिट प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर पंजीकृत कृषक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर है।

## किराने की दुकान में चोरी

**मऊ**। गुरुवार रात चोरों ने एक दुकान में हाथ साफ कर दिया। थाने से चंद कदम की दूरी पर बस अड्डे में आशुतोष केशरवानी की दुकान है। उसने बताया कि शुक्रवार सुबह जब वह दुकान आया तो ताला टूटा हुआ देखकर उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो चोर 10 किलो काजू, एक पेटी मखाना और नमकीन सहित 1500 रुपये गायब थे।

## नदी में नहाने गए वृद्ध की डूबकर मौत

**पहाड़ी**। एक वृद्ध की मंदाकिनी नदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, चिल्ला माफी गांव निवासी सुनाद प्रसाद (65) शुक्रवार को गांव के पास मंदाकिनी नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान वह गहराई में चले गए और जबतक उनको निकाला जाता, मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचीं एसओ अनुपमा तिवारी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**पहाड़ी**। बाइक और चारपहिया वाहन की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, राजापुर-कर्वी मार्ग पर सुषमा स्वरूप स्कूल के पास एक चार पहिया वाहन के पहिये में हवा भरी जा रही थी। इसी दौरान कर्वी की ओर से आ रही बाइक ने इस पर टक्कर मार दी। इससे बाइकसवार बलराम निषाद (42) निवासी शाहपुर एवं राममिलन (40) निवासी महेवा घाट कौशांबी के साथ हवा भर रहे संतलाल (50) व राजेंद्र (23) निवासी चौरा घायल हो गए। पुलिस ने इनको सीएचसी में भर्ती कराया।

## मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**चित्रकूट**। मिशन शक्ति के तहत एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कटिया मऊ व शिवरामपुर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्चिहा में छात्राओं को जागरूक किया गया। थानों की एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।

## ग्रामोदय विवि. में राष्ट्रीय संगोष्ठी का पहला दिन

**सीतापुर**। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत की गई। इसका विषय भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण संगोष्ठी है। पद्मश्री महेश शर्मा, झाबुआ उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने की। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने मुख्य वक्तव्य दिया।

## घर-घर जाकर करेंगे जांच

**सीतापुर**। श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय अंतर्राष्ट्रीय संस्था साइटसेवर्स इंडिया के सहयोग से नेत्रवसंत ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाएगा। इसके तहत घर घर जाकर मोतियाबिंद पीड़ितों का इलाज किया जाएगा। शुक्रवार को डॉ. रमेश कुमार वर्मा, डॉ. यशवंत वर्मा, डॉ. राज सिंह ठाकुर, एसएस मरावी एवं राजेश सिंह ने इसकी शुरुआत की। बताया गया कि चिकित्सालय की टीम घर घर जाकर 50 वर्ष एवं उस से अधिक उम्र के लोगों की नेत्र जांच करेगी और मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

# भेड़-बकरी चोर गिरोह के चार सदस्य दबोचे गये

### 12 भेड़ें, कार, मोबाइल और तमंचा कारतूस हुआ बरामद

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


पुलिस की गिरफ्त में भेड़ चोरी के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। भरतकूप पुलिस ने भेड़-बकरी चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा किया है। चोरी के आरोप में चार लोगों को पकड़ा गया है। इनसे 12 भेड़ों के साथ, घटना में प्रयुक्त कार, तीन मोबाइल और तमंचा-कारतूस बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, दयाशंकर पाल निवासी सिंहपुर परसेटा थाना बिसंडा (बांदा) ने थाना भरतकूप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह गुरुवार को भेड़ें लेकर रौली कल्याणपुर चराने गया था। पतौडा मंडी क्रासिंग के पास रात में वह सो रहा था कि किसी ने 12 भेड़ें चोरी कर लीं।

शुक्रवार को थाना भरतकूप को मुखबिर ने बताया कि एक कार संदिग्ध अवस्था में भरतकूप मंदिर की ओर गई है। इस पर पुलिसकर्मियों ने इसे भरथौल गांव के पास पकड़ लिया। कार में बैठे लोगों ने अपने नाम राजेश केशरवानी निवासी प्रयागराज, पप्पू, इकालस खां और बल्ले उर्फ याशिद खां निवासीगण ग्राम सेमरा थाना बरगढ़ बताए। इनसे पुलिस ने कार से 12 भेड़ें बरामद कीं। कार चालक राजेश वाहन के कागजात नहीं दिखा सका। इस पर इसे सीज किया गया।

### अन्य जगहों से चोरी की बात स्वीकारी

- पुलिस के अनुसार, इन लोगों ने कबूला कि भेड़ें पतौडा मंडी क्रासिंग के पास से चोरी की थीं। इन लोगों ने ग्राम वुधवल थाना रैपुरा से पांच बकरियां, मानिकपुर क्षेत्र से 10 भेड़ चोरी करने की बात भी स्वीकारी। पुलिस ने भेड़ों के मालिकों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दीं।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

- पुलिस टीम की अगुवाई प्रभारी निरीक्षक भरतकूप मनोज कुमार ने की। टीम में एसआई अतींद्र सिंह चौहान, बलवंत यादव, हेड कांस्टेबिल शैलेंद्र सिंह, कांस्टेबिल शक्ति सिंह, होलिकेंद्र, रणवीर सिंह, प्रवीण पांडेय, एहसान अली और संदीप लोधी शामिल रहे।

## बेटे को बचाने आई मां की अंगुलियां तोड़ने वालों को सजा

**चित्रकूट**। बेटे को पिटता देख बचाने आई मां की पिटाई कर अंगुलियां तोड़ देने के मामले में कोर्ट ने तीन हमलावरों को सजा दी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि 30 सितंबर 2015 को कर्वी कोतवाली क्षेत्र के चितरा गांव के निवासी दिनेश कुमार कोटार्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने खेत के पास खड़ा था। इस दौरान गांव के हरिश्चंद्र पटेल व बाबू चंद्र पटेल ने उससे अभद्रता की। विरोध करने पर दोनों ने गालीगलौज करते हुए पीट दिया। बचाव में आई मां मुन्नी देवी को भी दोनों ने पीटा। मारपीट में मुन्नी देवी की अंगुलियां तोड़ दीं। शाम को फिर हरिश्चंद्र अपने भाई मुखिया और बाबूचंद्र के साथ घर आया और तीनों ने धमकी दी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। मुखिया को दो वर्ष सश्रम कारावास के साथ 1,500 रुपये अर्थदंड तथा हरिश्चंद्र व बाबूचंद्र को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास के साथ 3,000-3,000 रुपये अर्थदंड दिया है।


अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते सदर विधायक अनिल प्रधान, साथ में अधिशासी अभियंता सिंचाई। अमृत विचार

# चहेतों को मिल रही खाद बाकी लौट रहे मायूस

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार**। सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले में खाद की किल्लत पर रोष जताया है। उनका कहना है कि किसानों ने बताया है कि साधन सहकारी समितियों में जिम्मेदार अपने चहेतों को मनमाने तरीके से खाद दे रहे हैं।

सपा विधायक ने शुक्रवार को खाद की कमी सहित अन्य समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को पत्र भेजा। उनका कहना है कि खाद के लिए किसान हताश-परेशान घूम रहा है। वह सुबह से लाइन में लगता है और शाम को निराश घर को लौट जाता है। रबी की बुआई का समय है और खाद नहीं मिल रही। प्रशासन दावा कर रहा है कि खाद पर्याप्त मात्रा में है। डीएम से अनुरोध किया कि सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर खाद बंटवाई जाए। अनिल प्रधान ने इसके अलावा सिंचाई खंड प्रथम कार्यालय में अधिशासी अभियंता शशिकांत प्रसाद से मिलकर किसानों की दिक्कतों का पत्र सौंपा। विधायक ने बताया कि चिल्लीमल नहर से हस्ता देवारी होते हुए गुरगौला तक पानी नहीं पहुंच रहा है। फसलें सूखने की कगार पर हैं। एक्सईएन ने विधायक को बिजली आपूर्ति की दिक्कत बताई तो विधायक उनको लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत आरके यादव से मिले। जिले में विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

## मंदाकिनी के हर घाट पर बनवाए जाएं विसर्जन कुण्ड

**चित्रकूट**। पुल घाट के पास बने हवन पूजन सामग्री के विसर्जन कुंड के परिणाम से खुश बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने मंदाकिनी नदी के अन्य घाटों पर भी ऐसे ही विसर्जन कुंड बनाने की मांग की है।

अजीत ने बताया कि लोगों ने बड़े पैमाने पर हवन पूजन सामग्री सीधे नदी में फेंकने की बजाय कुंड में डाली है। बताया कि विसर्जन कुंड की मांग के समय अधिकारी उपहास करते थे और अपने तर्कों से इस मांग को खारिज करने की कोशिश करते थे। तमाम जद्दोजहद के बाद नगर पालिका ने कर्वी पुल के पास कुंड बनवाया। अब लोग नदी की बजाय पालीथिन में भरी पूजन सामग्री इसी विसर्जन कुंड में फेंकते हैं। अब इसी तरह के हवन पूजन विसर्जन कुंडों की जरूरत नदी के विभिन्न घाटों पर है। राजाघाट और सुंदरघाट के अलावा रामघाट में भी विसर्जन कुंड बनवाए जायें। साथ ही कर्वी और सीतापुर में मंदाकिनी किनारे बने मुक्तिधाम स्थलों के पास भी एक बड़ी चरही बनवाने का अनुरोध किया है कि अंतिम संस्कार के बाद इधर उधर फेंके जाने वाले मृतक के कपड़े व अन्य सामग्री लोग उसी चरही में डाल दें और उसे बाद में आसानी से नष्ट करा दिया जाए।


प्रधानाचार्य बनीं कक्षा 10 की छात्रा अंकिता। अमृत विचार

## अंकिता बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य

**पहाड़ी (चित्रकूट)**। मिशन शक्ति के तहत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कलवारा खुर्द में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रभारी निरीक्षक अनुपमा तिवारी ने बालिकाओं को मोबाइल का सही इस्तेमाल करने और समाज में हो रही घटनाओं के बारे में अवगत कराया। सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी कुलदीप सिंह ने कहा कि बालिकाएं गुडटच-बैंडटच को समझें। प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, शिक्षक आनंद यादव, ग्राम प्रधान कलवारा खुर्द रणजीत सिंह यादव, प्रबंध समिति अध्यक्ष महेश प्रसाद, नोडल संकुल शिक्षक कमलेश कुशवाहा, बुधराज, कृष्णचंद्र, मयंक तिवारी, कुशल सिंह प्रमोद कुमार, ज्योति गुप्ता, रामनारायण साहू, संध्या देवी आदि मौजूद रहे।

# जल संरक्षण में चित्रकूट प्रदेश में चतुर्थ

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- जिलाधिकारी को मिलेंगे जिले के विकास के लिए एक करोड़ रुपये


जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

**अमृत विचार**। जिले में जल संरक्षण में प्रदेश में चौथा स्थान मिला है। इस संबंध में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को प्रधानमंत्री द्वारा जिले के विकास के लिए एक करोड़ धनराशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। औद्योगिक विकास, बढ़ती जनसंख्या एवं जलवायु परिवर्तन से भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने विभिन्न कदम उठाए हैं। इनमें अमृत सरोवर के अंतर्गत फेज वन में 159, फेज 2 में 29 तालाब बनवाए गए। 1700 सोक पिट का निर्माण कराया गया। मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत से गुजरने वाले नालों में वाटर हार्वेस्टिंग टैंक, ग्राम पंचायत के तालाबों में सिल्ट सफाई, घाट मरम्मत, खुदाई एवं सुंदरीकरण कराया गया। जल संरक्षण के लिए खेतों के मेडबंदी, पौधरोपण कराया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल ही जीवन है अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जनजागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, गोष्ठियां एवं विद्यालयों में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सबका यह कर्तव्य है कि वह जल की एक-एक बूंद का महत्व समझे और अपव्यय को रोके।

उद्यान विभाग द्वारा संचालित ड्रिप सिंचाई के संबंध में किसानों को जागरूक किया जा रहा है। जल संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित हो सकता है। नागरिकों से अपील की कि जल संरक्षण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर जल बचाएं।


प्रार्थनापत्रों की लड़ी बनाकर लटका दी। अमृत विचार

## ग्रामीण ने किया अनोखा प्रदर्शन

**चित्रकूट**। ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में अनोखा प्रदर्शन कर अधिकारियों का ध्यान अपनी ओर खींचा। बताया जाता है कि पहाड़ी थाना क्षेत्र पटिया जब्ती गांव के द्वारिका प्रसाद आदि जब समस्या के संबंध में अधिकारियों को अप्लीकेशन देकर थक गए तो उन्होंने कलेक्ट्रेट जाकर तीन सालों के प्रार्थनापत्रों को एक रस्सी के सहारे लड़ी बनाकर लटका दिया। ग्रामीण का आरोप है कि दबंग ने उसकी जमीन को कब्जा कर लिया है और जोतने बोने नहीं दे रहे।

# समस्याओं पर बसपा ने दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे बसपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार**। बहुजन समाज पार्टी की जिला इकाई ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा एडवोकेट की अगुवाई में प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इसमें जिले में खाद की किल्लत, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, देवांगना हवाई पट्टी रोड बनने से उड़ रही धूल से लोगों को होने वाली दिक्कतों का जिक्र किया गया है। इस मौके पर मान सिंह कुशवाहा, बृजमोहन वर्मा, जगदीश यादव, विनय कुमार पाल एडवोकेट, सोनपाल वर्मा, प्रखर सिंह पटेल, रोहित सिंह पटेल, रावेंद्र कुमार वर्मा, राजकमल वर्मा, अमरेंद्र विक्रम, विक्रांत यादव, छत्रपाल वर्मा, फूलचंद यादव, चुनबाद वर्मा, चैतू राम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, शिवबाबू गर्ग, अंकित पटेल, अंकुर पटेल, रामपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जय मां काली...



**चित्रकूट**। नवरात्र में मुख्यालय में जगह-जगह देवी प्रतिमाओं की पूजा अर्चना हो रही है। पूरा वातावरण देवीमय है। रोजाना प्रतिमाओं का श्रृंगार किया जा रहा है। इनको देखने के लिये भारी भीड़ उमड़ रही है। पुरानी बाजार में गोला बाजार के युवाओं ने मां द्वार भवानी छात्र संघ के तत्वावधान में प्रतिमा स्थापित की है। इसमें रुद्र केशरवानी, प्रशांत गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, कुनाल सिंह, अर्पित केशरवानी, निशांत चौहान, मयंक गुप्ता आदि युवाओं का सहयोग है। • अमृत विचार

## वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रतिभा देख बड़े हुए मंत्रमुग्ध

**रामनगर (चित्रकूट)**। श्री संजय गांधी इंटरमीडिएट कालेज हन्ना बिनैका में शुक्रवार को संस्थापक प्रधानाचार्य स्व. भीमसेन त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत बड़ों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी, ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र, अशोक कुमार राठौर, राजरानी तिवारी भुवनेश्वर मिश्र, अरुण कुमार, विनोद मिश्र, जेपी मिश्र, प्रेमनारायण गुप्ता, वंदना गुप्ता, श्यामसुंदर चंदेल, रामप्रकाश शुक्ला, बृजभूषण द्विवेदी, राजेश कुमार, चंदन बाबू, नोरख लाल, शंकर सिंह, आयुष कुमार, मधु तिवारी, लवकुश आदि मौजूद रहे।

नवरात्रि, धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
बम्पर धमाका लोन एवं एक्सचेंज मेला
डाउन पेमेंट 19999*/- मात्र या एक्सचेंज ऑफर 0* डाउन पेमेंट पर
लोन की बेहतरीन सुविधाएं
• Low Down Payment
• कम ब्याज दर पर फाइनेंस
• No Cost EMI का विकल्प उपलब्ध
आसान फाइनेंस सुविधा
1 चार्ज पर 130 से 200 किमी रेंज
बैटरी की गारण्टी 3 वर्ष व 5 वर्ष तक
पुराना ई-रिक्शा लाओ नया ई-रिक्शा ले जाओ, बेहतरीन वैल्यू के साथ
MAYURI
के. आर. इण्टरप्राइजेज
Mob: 7398886766, 7398615366, 8318583760
बैटरियों पर फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है।
पता - विकास नगर कपसेठी प्रयागराज रोड, कर्वी, चित्रकूट

समस्या — जुगनू की तरह टिमटिमाते बल्ब, पेयजल की भी किल्लत

# बरगढ़ सहित पूरे पाठा क्षेत्र में लो वोल्टेज से लोग परेशान

संवाददाता, बरगढ़ चित्रकूट


जर्जर पोल के ऊपर उलझे तारों से हादसों का खतरा। अमृत विचार

**अमृत विचार**। बरगढ़-पाठा क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति से लोग परेशान हैं। लगभग एक महीने से दिक्कतें और बढ़ी हैं। बिजली आती है तो लो वोल्टेज रहता है। जुगनू की तरह बल्ब टिमटिमाते हैं। इससे पेयजल की समस्या भी बढ़ी है।

बरगढ़ और आसपास के इलाकों में बिजली की दिक्कत बढ़ती जा रही है। लोगों ने बताया कि बिजली की समस्या के साथ साथ पीने के पानी के लिए भी परेशानी हो रही है। लोगों को काफी दूर से पानी लाने को विवश होना पड़ता है। सुबह से शाम तक लोग पानी के जुगाड़ में लगे रहते हैं। कुओं के प्रदूषित पानी पीने की भी मजबूरी है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के लोगों को समस्या पता है पर इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही। ग्रामीणों और समाजसेवियों का कहना है कि बिजली विभाग के कर्मचारी अधिकारियों को गुमराह करते हैं। बताया कि बिजली तारें लगभग 15 किमी तक जंगल के रास्ते निकली हैं। रात में बिजली कर्मी वहां फाल्ट बनाने से डरते हैं। एक खाली लाइन पड़ी है, जो कि हाईवे के किनारे से होकर रेलवे लाइन के नीचे से जाती है। अगर इस रूट से बरगढ़ की आपूर्ति कर दी जाए तो समस्या नहीं आएगी। लो वोल्टेज की दिक्कत बरगढ़ टाउन का फीडर अलग होने से दूर हो जाएगा। बताया कि ओबरी पावर हाउस में मात्र दो फीडर हैं, जिनसे लगभग 19 गांव व 25 मजरों को आपूर्ति की जाती है।

### नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली : एसडीओ




- एसडीओ मऊ ललित कुमार बाजपेई ने लो वोल्टेज समस्या पर अपना पक्ष रखा। बताया कि शंकरगढ़ पावर हाउस से पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही। इससे दिक्कत हो रही है। बताया कि उच्चाधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से लगातार अवगत कराया जा रहा है।

### एक किमी दूर से लोग लाते हैं पानी : प्रकाश चंद्र



- प्रकाश चंद्र मिश्रा ने बताया कि लोग एक किलोमीटर दूरी से पीने का पानी लेकर आते हैं। नल तो लगा है मगर एक महीने से पानी नहीं आ रहा है। इसकी मुख्य वजह बिजली है।

### कुओं का पानी पीने की मजबूरी : रामकुमार



- रामकुमार द्विवेदी ने कहा कि बिजली की समस्या से लोग प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं। कुओं से पीने का पानी लेकर पीना पड़ता है। लो वोल्टेज के चलते यह समस्या बनी हुई है।

### जिम्मेदारों को चिंता नहीं : शेष नारायण



- शेष नारायण शुक्ला ने कहा कि न तो ठीक से बल्ब जलते हैं और न कोई उपकरण काम करते हैं। पानी की तो बात ही न करिए। जगह जगह पाइप टूटे हुए हैं। इसके लिए प्रशासन और विभागीय लोग जिम्मेदार हैं।

### बिजलीकर्मी करते हैं गुमराह : सुजीत



- समाजसेवी सुजीत जायसवाल ने बताया कि उन्होंने सीडीओ को इस बात की जानकारी दी है कि लोकल बिजलीकर्मी गुमराह करते हैं। रात में बिजली जाने पर इसे ठीक नहीं किया जाता।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं अब्दुल्ला मो.हलीम सिद्दीकी पुत्र मो.हलीम सिद्दीकी जन्मतिथि 01.04.2001, निवासी ग्राम -अहमदाबाद कटौली परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला- लखनऊ मेरे पासपोर्ट संख्या P0038145 में मेरा नाम ABDULLAH MOHAMMED HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का नाम MOHAMMED HALIM SIDDIQUI दर्ज है। जबकि आधार कार्ड संख्या 9734 5020 9194 में मेरा नाम ABDULLAH MOHD HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का नाम MOHD- HALEEM SIDDIQUI दर्ज है। मेरे पासपोर्ट मे मेरे आधार के अनुसार मेरा सही नाम ABDULLAH MOHD HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का सही नाम MOHD- HALEEM SIDDIQUI अंकित किया जाय। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना पहचाना जाये

**सूचना**

प्रापर्टी संख्या 111 A/116 अशोक नगर कानपुर की कुछ मूल प्रपत्र (मूल लीज डीड 10.12.1952 जिल्द न. 3618,मूल फ्री होल्ड डीड 27.06.1998 जिल्द न.1183 एवं मूल डीड 26.10.2004 जिल्द न.2853 कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा, किसी भी व्यक्ति को यदि मिल जाए तो शाखा में देने की कृपा करे। **सौ. बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा तिलक नगर**

**सूचना**

मैं **सन्दीप कुमार तिवारी सुत नरेन्द्र तिवारी, नि0- ग्राम पूरे बाघराय पोस्ट भरथीपुर पर0 मीरानपुर तह0 लम्भुआ ब्लाक भदैया जिला सुलतानपुर पिन नं0-227304 उ0प्र0**, मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0-827912754850 पर नाम किशन तिवारी तथा अभिभावक सुभाष व जन्मतिथि 01.01.2012 ई0 लिखा है। वह पी0एम0 श्री राजकीय अभिनव विद्यालय टिकरी पन्ना भदैया जनपद सुलतानपुर उ0 प्र0 में संकल्प तिवारी नाम से कक्षा-8 में शिक्षारत है। पुत्र का वास्तविक नाम संकल्प तिवारी है, उक्त किशन तिवारी नाम घरेलू नाम है। पुत्र संकल्प तिवारी व किशन तिवारी दोनों नाम मेरे पुत्र का ही है वह दोनों नामों से से जाना जाता है तथा उसकी जन्मतिथि 01.01.2012 ई0 विद्यालय के परिचय पत्र अनुसार वास्तविक नाम संकल्प तिवारी नाम से जाना समझा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुनील कुमार पुत्र शियाराम वर्मा निवासी ग्राम तियरी मछरौली पो0 तियरी थाना- गोसाईगंज जिला- सुलतानपुर** मेरी पुत्री एंजल वर्मा जिसका आधार क्रमांक 7732442435 में पिता का नाम सुनील कुमार वर्मा है। जबकि मेरा सही नाम सुनील कुमार है जोकि मेरे आधार कार्ड में अंकित है पुत्री एंजल वर्मा के स्कूली दस्तवेजों व आधार कार्ड मे सुनील कुमार वर्मा लिखा गया है वह गलत अंकित हो गया है। अत: मेरे आधार कार्ड के अनुसार ही मेरी पुत्री के पिता के नाम सुनील कुमार वर्मा के स्थान पर सुनील कुमार अंकित किया जाय।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 80,426.46 | 24,654.70 |
| गिरावट | 733.22 | 236.15 |
| प्रतिशत में | 0.90 | 0.95 |

सोना : 1,17,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,41,900 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शनिवार, 27 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रहा। एक सप्ताह पहले कुल भंडार 4.69 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के अनुसार, 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 86.4 अरब डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

### व्हाट्सएप की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने मेटा प्लेटफॉर्म्स और व्हाट्सऐप की अपीलों पर सुनवाई पूरी कर ली है और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन अपीलों में 2021 अद्यतन व्हाट्सएप गोपनीयता नीति के लिए सोशल मीडिया दिग्गज पर सीसीआई के जुर्माने को चुनौती दी गई थी। चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य (तकनीकी) अरुण बरोका की एनसीएलएटी पीठ ने सभी पक्षों को छह अक्टूबर तक लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया है। पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा, सभी पक्ष छह अक्टूबर, 2025 तक अधिकतम दस पेज की संक्षिप्त दलीलें दाखिल करें।

### अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरता हुआ डॉलर के मुकाबले चार पैसे की बढ़त के साथ 88.72 पर बंद हुआ। विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने तथा वैश्विक कच्चेतेल के मूल्य में आई गिरावट के कारण रुपये में यह सुधार आया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और घरेलू शेयर बाजार में जोखिम से बचने की धारणा ने स्थानीय मुद्रा में तेज वृद्धि पर अंकुश लगाया।

# भारत-रूस के कारोबारी रिश्तों को उड़ान, यूपी अहम किरदार

## ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन हुआ भारत-रूस बिजनेस डायलॉग

- **30 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य में उत्तर प्रदेश निभाएगा अहम भूमिका : राकेश सचान**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा




यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रूस के साथ बिजनेस डॉयलॉग बैठक में विदेशी निवेशकों का स्वागत करते मंत्री राकेश सचान।

अमृत विचार। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित भारत-रूस बिजनेस डायलॉग में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2025 तक रूस के साथ व्यापार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है, और इसमें उत्तर प्रदेश अहम भूमिका निभाएगा।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सचान ने कहा कि यूपी में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां हैं, जो 15 प्रतिशत आबादी को रोजगार देती हैं। 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' योजना ने प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाई है।

सचान ने कहा कि भारत-रूस संबंध दशकों पुराने हैं। कभी भारत के औद्योगिकीकरण में मदद करने वाले रूस के साथ आज हमारी साझेदारी रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष सहित अनेक क्षेत्रों में रणनीतिक स्तर तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत ने 2025 तक रूस के साथ द्विपक्षीय व्यापार को 30 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है और यह लक्ष्य अवश्य हासिल होगा।

**निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर :** सचान ने कहा कि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला उत्तर प्रदेश विशाल बाजार है। यहां निवेशकों को उत्पादन और उपभोग दोनों स्तर पर मजबूत अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने रूस से आग्रह किया कि वह अपनी उन्नत तकनीक से प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में सहयोग करे। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने किया। इस मौके पर इनवेस्ट यूपी पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। संचालन रूस की उपप्रमुख (आर्थिक विभाग) ज्लाटा अंटुशेवा ने किया और स्वागत भाषण उप व्यापार आयुक्त डॉ. इवगेनी जेंचेंको ने दिया।

### कारोबारी रिश्तों को नया आयाम : रूस

रूस की प्रतिनिधि ज्लाटा अंटुशेवा ने कहा कि भविष्य में दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक डॉ. अजय सहाय ने कहा कि व्यापार के साथ-साथ शिपिंग रूट और बीमा जैसे क्षेत्रों में भी दोनों देशों के सहयोग की संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी विवेक अग्रवाल ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो भारत-रूस रिश्तों के लिहाज से एक महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब 'उत्तम प्रदेश' बन चुका है और यहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं। पैरामाउंट कम्युनिकेशन के प्रबंध निदेशक संदीप अग्रवाल ने कहा कि भारत और रूस एक-दूसरे के भरोसेमंद साथी हैं। ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार और औषधि क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी और आगे बढ़ेगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के विशाल ढींगरा ने एमएसएमई क्षेत्र में सहयोग की उम्मीद जताई।

## युवाओं में दिखा जोश, उद्यमिता से जुड़े विचारों को जाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी (यूपीआईटीएस-2025) का दूसरा दिन युवाओं की उमंग और नए अवसरों की तलाश का गवाह बना। मुख्यमंत्री युवा संवाद के तहत हजारों छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में पहुंचकर न केवल नवीन उद्योगों और उद्यमिता से जुड़े विचारों को जाना, बल्कि बड़ी संख्या में व्यापारिक पूछताछ भी दर्ज कराई। मुख्यमंत्री युवा संवाद का दूसरा दिन इस बात का प्रतीक बना कि प्रदेश का युवा अब अवसरों को पहचानकर उन्हें साधने के लिए तैयार है। उत्साह, जिज्ञासा और नवाचार से भरी यह भीड़ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक ठोस कदम है। आयोजन ने साबित कर दिया है कि योगी सरकार की पहल युवाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा दे रही है। लखनऊ, बरेली, कानपुर, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, गौतमबुद्ध नगर, मैनपुरी और मथुरा से आए करीब 700 और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से 1500 युवा प्रदर्शनी में आए। सभी स्टॉलों पर मिलाकर युवाओं ने दो हजार से अधिक व्यापारिक पूछताछ की। खासकर ओसियान इंटरप्राइजेज के उपहार सामग्री वाले स्टॉल पर 125 से अधिक छात्रों ने गहरी रुचि दिखाई। वहीं क्यूटीएम, ग्रिप इंटरनेशनल, प्रॉस्पर समूह और कोशिश सस्टेनेबल समाधान जैसे मशीनरी आपूर्तिकर्ता स्टॉलों पर भी जबरदस्त भीड़ रही। कॉनक्लेव के दौरान 20 से अधिक बी-टू-बी मीटिंग्स आयोजित हुईं। इसके साथ ही डॉ. गैराज, मिस्टर सैंडविच, धोबीलाइट, अर्द्धसैनिक कैंटीन और अमूल इंडिया जैसे स्टार्टअप्स व ब्रांड्स ने छात्रों को अपने बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए।




- युवाओं की संख्या : 1500
- व्यापारिक पूछताछ : 2000 से अधिक
- आकर्षण : ओसियान इंटरप्राइजेज (125 से अधिक युवाओं की रुचि)
- मेन स्टॉल : क्यूटीएम, ग्रिप इंटरनेशनल, प्रॉस्पर समूह, कोशिश समाधान
- नव उद्यम : डॉ. गैराज, मिस्टर सैंडविच, धोबीलाइट, अर्द्धसैनिक कैंटीन

## भारत-ईयू के बीच एफटीए को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है इटली

न्यूयॉर्क, एजेंसी



वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ इटली के उपप्रधानमंत्री एंतोनियो तजानी।

इटली के उप प्रधानमंत्री एंतोनियो तजानी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की और भारत तथा यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के प्रति उनके देश की प्रतिबद्धता दोहराई। तजानी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बैठक को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वह आने वाले महीनों में भारत की यात्रा करेंगे।

उन्होंने लिखा, न्यूयॉर्क में मैंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इटली व भारत के बीच रणनीतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी है। हम आगामी महीनों में मेरी भारत यात्रा के साथ इसे और मजबूत करना चाहते हैं। कहा, मैंने मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए इटली के समर्थन की पुष्टि भी की। ईयू भारत का दूसरा सबसे बड़ा साझेदार है।

## आरबीआई ने मृत ग्राहकों से संबंधित दावों के निपटान को बनाया सरल

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बैंकों के मृत ग्राहकों के खातों और लॉकर से संबंधित दावों का 15 दिनों के भीतर निपटान करने के लिए संशोधित मानदंड जारी किए। रिजर्व बैंक ने कहा कि निपटान में देरी होने पर नॉमिनी यानी नामित व्यक्तियों को मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। संशोधित निर्देशों का उद्देश्य मृत ग्राहकों से संबंधित दावों के निपटान में बैंकों की गतिविधियों को सरल बनाना है। इसमें ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए दस्तावेजीकरण को भी मानकीकृत किया गया है।

## दवाओं पर अमेरिकी शुल्क लगने से सहमा बाजार

मुंबई, एजेंसी



अगले महीने से दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद शुक्रवार को फार्मा एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली होने से स्थानीय शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में 733 अंक व निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 733.22 अंक यानी 0.90 प्रतिशत टूटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 80,426.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 827.27 अंक गिरकर 80,332.41 पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 236.15 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ तीन सप्ताह के निचले स्तर 24,654.70 अंक पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,587.50 अंक यानी 3.16 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।

### समझौते को जल्द पूरा करने के लिए वार्ता जारी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी रखने का फैसला किया। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के दौरे के बाद 24 सितंबर को स्वदेश लौट आया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सरकार के अधिकारियों के साथ समझौते के संभावित स्वरूप को लेकर रचनात्मक बातचीत की। मंत्रालय ने कहा, "दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया। बयान के मुताबिक, अपनी यात्रा में गोयल ने अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से भी मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के प्रमुख उद्योगपतियों एवं निवेशकों से भी दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की।



# महिलाएं तय करें कि राजद व उसके सहयोगी सत्ता में न लौटें

## प्रधानमंत्री ने बिहार की महिलाओं को किया संबोधित, कहा- इनके शासनकाल में भारी तकलीफें झेलनी पड़ीं

पटना, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसके शासनकाल में बिहार की महिलाओं को भारी तकलीफें झेलनी पड़ीं। साथ ही उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली पार्टी और उसके सहयोगी दल राज्य में दोबारा सत्ता में न लौट सकें।

प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत के अवसर पर बिहार की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के तहत राज्य की 75 लाख महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के लिए 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री ने कहा, नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओं का आशीर्वाद मेरे लिए बड़ी शक्ति है। आज से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत हुई है। अब तक 75 लाख बहनें इस योजना से जुड़ चुकी हैं और सभी के खातों में 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं। उन्होंने कहा, जब कोई बहन या बेटी रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ती है, तो उसके सपनों को पंख लगते हैं और समाज में उसका सम्मान भी बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जनधन योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि यदि महिलाओं के बैंक खाते न खोले गए होते, तो यह राशि सीधे उनके खातों में नहीं पहुंच पाती। पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पहले एक प्रधानमंत्री कहा करते थे कि दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता है, तो जमीन पर सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं और 85 पैसे कोई पंजा मार लेता है। लेकिन आज जो 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं, उन्हें कोई लूट नहीं सकता। उन्होंने कहा, इस योजना से केंद्र सरकार के 'लखपति दीदी अभियान' को भी नई ताकत मिली है। अब तक दो करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं और हमारा लक्ष्य तीन करोड़ तक पहुंचने का है। मुझे उम्मीद है कि सबसे अधिक 'लखपति दीदी' बिहार से बनेंगी। महिला सशक्तीकरण पर प्रधानमंत्री ने कहा, आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में सेना और पुलिस बलों में शामिल हो रही हैं। वे लड़ाकू विमान भी उड़ा रही हैं- यह हर महिला के लिए गर्व की बात है।

### दो लाख तक की अतिरिक्त सहायता और उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण देंगे

प्रधानमंत्री ने राजद सरकार के कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा, लेकिन हमें वे दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद का शासन था। लाल टेन (राजद का चुनाव चिह्न) का राज था, उस दौरान अराजकता और भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं-बहनों ने झेली। वो दिन जब बिहार की बड़ी-बड़ी सड़कें टूटी-फूटी होती थीं, पुल-पुलिया का नाम नहीं था। इन हालातों में सबसे अधिक तकलीफ हमारी माताओं-बहनों को ही उठानी पड़ी। मोदी ने महिलाओं से आग्रह किया, ये प्रण भी करना है कि माताएं-बहने अब बिहार को फिर कभी, उस अंधेरे में नहीं जाने देंगी, अपने बच्चों को बर्बाद होने से बचाने का यही रास्ता है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने महिलाओं को कठिन परिस्थितियों से निकालने के लिए दिन-रात मेहनत की है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को भविष्य में दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता और उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा, आज आपके दो भाई, नीतीश और मोदी मिलकर आपकी समृद्धि और स्वाभिमान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आज का यह कार्यक्रम भी इसी का उदाहरण है।

## हिंदी दिवस कार्यक्रम के विरोध में होटल में घुसे कन्नड़ समर्थक संगठन के 41 सदस्य गिरफ्तार

- **गृह मंत्रालय की राजभाषा समिति ने हिंदी प्रचार सभा की थी आयोजित**

बेंगलुरु, एजेंसी



हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का विरोध करते कन्नड़ समर्थक।

बेंगलुरु में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के विरोध में एक पांच-सितारा होटल में जबरन घुसने और हंगामा करने के आरोप में एक कन्नड़ समर्थक संगठन के 41 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके बाद कर्नाटक रक्षण वेदिके (केआरवी) ने शनिवार से राज्य के सभी 31 जिलों में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है, जिसमें मांग की गई है कि उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मामले वापस लिए जाएं और उन्हें रिहा किया जाए।

सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय की राजभाषा समिति ने होटल में एक हिंदी प्रचार सभा आयोजित की थी, जिसमें छह संसद सदस्यों ने भाग लिया था, तभी बृहस्पतिवार को कन्नड़ समर्थक संगठन के सदस्य होटल में घुस आए। कार्यक्रम के खिलाफ नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह बैठक गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने का प्रयास है। पुलिस के एक बयान के अनुसार, संसदीय राजभाषा समिति ने 23 से 25 सितंबर तक यहां रेसकोर्स रोड स्थित होटल में एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इसके अंतिम दिन कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुआ। बैठक के अंतिम दिन सत्र सुबह 9.30 बजे शुरू हुआ। इसमें कहा गया है, सुबह लगभग 10:45 से 11 बजे के बीच एक संगठन के लगभग 30 से 40 सदस्य बैठक के एजेंडे के विरोध में अवैध रूप से आयोजन स्थल में घुस आए और उन्होंने उपस्थित सरकारी अधिकारियों के काम में बाधा डाली तथा हंगामा किया।

## आर्यन के खिलाफ समीर वानखेड़े की याचिका पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



- **दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरएस अधिकारी से पूछे सवाल**

दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरएस अधिकारी एवं एनसीबी के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेड़े से शुक्रवार को सवाल किया कि अभिनेता शाहरुख खान व उनकी पत्नी गौरी खान के स्वामित्व वाली 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' और 'नेटफ्लिक्स' के खिलाफ मानहानि याचिका कैसे विचारणीय है। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सवाल भी खड़े किए।

वानखेड़े ने इन कंपनियों पर वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के जरिये उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव नेवानखेड़े के वकील से पूछा कि दिल्ली में यह याचिका कैसे विचारणीय है। अदालत ने कहा, 'आपकी याचिका दिल्ली में विचारणीय नहीं है। यदि आपका मामला यह होता कि दिल्ली समेत विभिन्न स्थानों पर आपकी मानहानि हुई है और सबसे अधिक नुकसान दिल्ली में हुआ है, तो भी हम इस मामले पर दिल्ली में ही विचार करते। वानखेड़े का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने कहा कि वेब सीरीज दिल्ली समेत विभिन्न शहरों में प्रसारित की जा रही है और इसमें अधिकारी को बदनाम किया गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह याचिका में तदनुसार संशोधन करेंगे।

## चेक बाउंस के लंबित मामलों में कमी लाने को बदले नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

- **उच्चतम न्यायालय ने लंबित मामलों पर व्यक्त की चिंता**



प्रमुख शहरों की जिला अदालतों में बहुत अधिक संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कम करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें स्वैच्छिक समझौता और आरोपियों की परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रिहाई शामिल है।

न्यायमूर्ति मनमोहन और एनवी अंजारिया की पीठ ने, चेक बाउंस मामलों की सुनवाई करते हुए जहां मुंबई हाईकोर्ट ने जिला अदालतों के समान निष्कर्ष को पलटते हुए आरोपियों को रिहा कर दिया था परक्राम्य लिखत (एनआई) अधिनियम के तहत अपराधों के शमन/समझौते से संबंधित 15 साल पुराने दिशा-निर्देशों में बदलाव किया। खंडपीठ ने कहा कि यह न्यायालय इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेता है कि विभिन्न निर्णयों में इस अदालत द्वारा बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद भारत के प्रमुख महानगरों के जिला न्यायालयों में एनआई अधिनियम के तहत चेक बाउंस के लंबित मामलों की संख्या अब भी बहुत अधिक बनी हुई है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों का हवाला देते हुए खंडपीठ ने कहा कि एक सितंबर तक दिल्ली की जिला अदालतों में एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत लंबित मामले 6,50,283 थे, मुंबई जिला अदालतों में 1,17,190 और कलकत्ता जिला अदालतों में 2,65,985 थे।

### तिरुपति लड्डू विवादः हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सीबीआई के निदेशक द्वारा शीर्ष अदालत द्वारा गठित एसआईटी से बाहर के एक अधिकारी को प्रसिद्ध तिरुमला तिरुपति मंदिर के 'लड्डू प्रसादम' में इस्तेमाल होने वाले घी में मिलावट की जांच करने की अनुमति देने को न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन बताया गया था। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रसादम तैयार करने में इस्तेमाल किये जा रहे 'मिलावटी घी' की जांच करते समय सीबीआई निदेशक ने शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन किया। निदेशक की याचिका पर राहत प्रदान करते हुए सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इस जांच की निगरानी जांच एजेंसी के प्रमुख स्वयं कर रहे हैं, ऐसे में अगर विशेष अधिकारी को जांच में सहयोग को कहा जाता है, तो उसमें कुछ गलत नहीं है।

### रुश्दी की किताब पर प्रतिबंध के लिए दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने सलमान रुश्दी के विवादास्पद उपन्यास द सैटेनिक वर्सेज पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह याचिका न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले साल नवंबर के आदेश का हवाला दिया। उच्च न्यायालय ने 1988 में तत्कालीन राजीव गांधी सरकार द्वारा 'द सैटेनिक वर्सेज' के आयात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई बंद कर दी थी और कहा था कि चूंकि अधिकारी संबंधित अधिसूचना पेश करने में विफल रहे हैं, इसलिए यह मान लेना चाहिए कि वह (अधिसूचना) है ही नहीं।

## बाढ़ प्रभावित राज्यों के 27 लाख किसानों को 540 करोड़ रुपये दिए

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र सरकार ने शुक्रवार को तीन बाढ़ प्रभावित राज्यों - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के 27 लाख किसानों को पीएम-किसान योजना के तहत 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय योजना है, जिसे प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में भूमिधारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू किया था। इस योजना के तहत, डीबीटी से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करने की घोषणा की। यह किस्त विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के किसानों के लिए प्राथमिकता पर जारी की गई, जो हाल में आई बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। तीनों राज्यों के लगभग 2.7 लाख महिला किसानों सहित 27 लाख से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में कुल 540 करोड़ से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। केंद्र ने हिमाचल के 8,01,045 किसानों को 160.21 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। पंजाब के 11,09,895 किसानों को 221.98 करोड़ रुपये मिले, जबकि उत्तराखंड के 7,89,128 किसानों को 157.83 करोड़ रुपये मिले।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में आया मध्यम तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल के रामेछाप जिले में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर चार तीव्रता वाला भूकंप महसूस आया। भूकंप से हालांकि किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, अपराह्न दो बजकर 14 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र काठमांडू से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व में रामेछाप जिले के वटैली क्षेत्र में स्थित था। इससे पहले 17 अगस्त को भी इसी जिले में रिक्टर पैमाने पर चार की तीव्रता वाला भूकंप आया था।

### पाकिस्तान : हादसे में एक ही परिवार के 11 की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में देर रात हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। बचाव अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा बृहस्पतिवार देर रात डेरा इस्माइल खान जिले में उस समय हुआ, जब वाहन ब्रेक फेल हो जाने के कारण खाई में गिर गया। वाहन झोब जिले से डेरा इस्माइल खान को ओर जा रहा था। बचाव अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से पांच महिला, एक पुरुष और एक बच्चे के शव समेत सात शव बरामद किए गए। तीन घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया।

### टिकटॉक को अमेरिकी स्वामित्व की मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार सोशल मीडिया मंच 'टिकटॉक' को अमेरिका में, यहां के कानूनों द्वारा तय की गई राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को पूरा करते हुए संचालन जारी रखने की अनुमति होगी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले साल एक कानून पारित किया था, जिसमें चीनी कंपनी 'बाइटडांस' को निर्देश दिया गया था कि वह 'टिकटॉक' की संपत्तियां अमेरिकी कंपनी को बेच दे नहीं तो ऐप पर पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इसे मंजूरी दे दी है।

### मिस्र में आग लगने से आठ लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के नील डेल्टा क्षेत्र में शुक्रवार तड़के आग लगने से एक इमारत आंशिक रूप से ढह गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। गवर्नर के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गरबिया प्रांत के कपड़ा निर्माण के लिए प्रसिद्ध एल-महल्ला शहर में एक रंगाई इकाई की दूसरी मंजिल पर बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण बॉयलर फट गया और आग लग गई। इस वजह से इमारत आंशिक रूप से ढह गई।

## ब्रिटेन में काम पाने के लिए लोगों को दिखाना होगा डिजिटल पहचान पत्र

**लंदन, एजेंसी**

- अवैध आव्रजन रोकने के लिए नई व्यवस्था लागू करेगी सरकार

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने देश में अवैध रूप से काम करने वाले लोगों पर नकेल कसने के उद्देश्य से डिजिटल पहचान पत्र को अनिवार्य बनाने की अपनी योजना से शुक्रवार को पर्दा उठाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल पहचान पत्र के बिना कोई भी व्यक्ति ब्रिटेन में रोजगार हासिल नहीं कर सकेगा।

ब्रिटिश सरकार ने कहा कि यह पहचान पत्र ब्रिटेन के सभी नागरिकों और वैध निवासियों के लिए उपलब्ध होगा। उसने दावा किया कि इससे पहचान की पुष्टि के लिए दस्तावेजों के सत्यापन की जटिल प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी, समय की बचत होगी और कल्याणकारी योजनाओं का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

दस डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास और कार्यालय) ने दुनिया के अन्य देशों में लागू इसी तरह की योजनाओं का जिक्र करते हुए भारत का उदाहरण दिया। उसने बताया कि भारत में किस तरह आधार कार्ड ने कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में धोखाधड़ी और विसंगतियों को कम करके हर साल लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर की बचत करने में सरकार की मदद की है।

## दवाओं पर ट्रंप का टैरिफ

### भारतीय कंपनियों पर होगा सर्वाधिक असर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है जिससे सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। ट्रंप ने गुरुवार को एक पोस्ट में लिखा कि 1 अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। इससे सिर्फ उन्हीं कंपनियों को छूट मिलेगी जो अमेरिका में अपनी फैक्टरी लगा रही हैं। ट्रंप ने यह भी साफ किया है कि फैक्टरी लगाने से उनका आशय यह है कि यह है कि उन्होंने अमेरिका में अपनी फैक्टरी का शिलान्यस कर दिया है या फैक्टरी निर्माणाधीन है। ट्रंप के इस नए फैसले का सबसे ज्यादा असर भारतीय फार्मास्यूटिकल्स कंपनियों पर पड़ने की उम्मीद है, इससे बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने की भी आशंका जताई जा रही है। भारत से फिलहाल अमेरिका को करीब एक हजार करोड़ डॉलर की दवाओं का निर्यात होता है।



### भारत से दवाओं का निर्यात

- भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है।
- वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को निर्यात 21.09 प्रतिशत वृद्धि के साथ 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था।
- पिछले साल फिक्की की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत आपूर्ति भारतीय कंपनियां करती हैं।
- भारत ने पिछले वित्त वर्ष में 30.47 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया था। इसमें 31% अमेरिका को किया गया था।
- अमेरिका के अलावा ब्रिटेन की कुल दवाओं की मांग में से 25 प्रतिशत की आपूर्ति भारत कंपनियों की ओर से की जाती है।

### क्या होगा भारतीय कंपनियों पर असर

- भारत में करीब 3,000 दवा निर्माता और 10,000 से अधिक छोटी-बड़ी फार्मा इकाई हैं।
- इनमें लगभग 600-650 कंपनियों के पास अमेरिका को निर्यात करने का लाइसेंस है।
- इन कंपनियों की कॉस्ट प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाएगी क्योंकि उनकी काफी दवाएं सस्ती हैं।
- सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, सिप्ला जैसी कपनियों की 35% तक अमेरिका से आय होती है।
- इसके अलावा छोटी और मझोली कंपनियों के दौड़ से पूरी तरह बाहर होने की आशंका है।

### भारत में नौकरियों पर प्रभाव

- भारतीय फार्मा इंडस्ट्री में 3 लाख लोग सीधे और 27 लाख अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। 50 से 75 हजार सीधे और डेढ़ लाख तक अन्य रोजगार पर असर पड़ने का अनुमान।

### अमेरिका पर असर

- अमेरिका में हेल्थ केयर का खर्च काफी ज्यादा है और दवाओं की कीमतें पहले से विवादित हैं।
- भारतीय दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ से जेनेरिक दवाओं की कीमतें दोगुनी तक हो जाएंगी।
- इससे मध्यमवर्गीय अमेरिकियों का खर्च असहनीय हो जाएगा, बीमा कंपनियों पर बोझ बढ़ेगा।
- राजनीतिक रूप से ट्रंप को आलोचना झेलनी पड़ेगी क्योंकि वहां जनता सस्ती दवाएं चाहती है।

### यहां भी हमला

- भारी ट्रकों पर 25, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी पर भी 50-50% टैरिफ लगाया है।
- अपहोल्सटर फर्नीचरों पर भी 30% आयात शुल्क लगाने की घोषणा की गई है।
- पहले भारतीय उत्पादों पर 25% टैरिफ लगाया था जिसे बाद में 50% कर दिया गया।

### टैरिफ वार के कारण

- ट्रंप ने शुरू में भारत पर अमेरिकी उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाने का आरोप लगाया था।
- रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया गया।

# यूएन में नेतन्याहू ने दिखाए तेवर, बोले- गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करके रहेंगे

## हल्के शोर-शराबे के बीच दिया भाषण, कई देशों के प्रतिनिधियों ने किया सामूहिक रूप से बायकॉट

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इजराइल को गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करना ही होगा। उन्होंने गाजा में विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने से इन्कार पर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद संयुक्त राष्ट्र में एक मुखर भाषण दिया। शुक्रवार को जब वह भाषण देने ही वाले थे, तब कई देशों के प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र महासभा हॉल से सामूहिक रूप से बाहर चले गए।

जैसे ही इजराइली नेता ने बोलना शुरू किया, हॉल में हल्का शोर सुनाई दे रहा था। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल वहीं रुका रहा, जिसने हमास के खिलाफ नेतन्याहू के अभियान में उनका समर्थन किया था। जैसे ही उन्होंने अपना भाषण शुरू किया, कुछ लोगों ने तालियां भी बजाईं। जैसा कि नेतन्याहू अक्सर अतीत में करते आए हैं, उन्होंने एक दृश्य दिखाया जिसमें क्षेत्र का एक नक्शा था जिसका शीर्षक था 'द कर्स' यानी अभिशाप। उन्होंने उस पर एक बड़े मार्कर से निशान लगा रखे थे। वह मंच पर चढ़ते समय विशेष पिन पहने हुए थे जिस पर क्यूआर कोड लगा था। प्रधानमंत्री के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों, मंत्रियों और उनके साथ आए लोगों ने भी वही पिन लगाए हुए थे।

नेतन्याहू ने क्षेत्र में अपने राजनीतिक और सैन्य दृष्टिकोण में अपने प्रमुख सहयोगी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी बार-बार प्रशंसा की। नेतन्याहू को अंतरराष्ट्रीय अलगाव, युद्ध अपराधों के आरोपों और उस संघर्ष को समाप्त करने के बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है जिसे उन्होंने लगातार बढ़ाया है। शुक्रवार का भाषण उनके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिक्रिया देने का एक मौका था।



संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू।

### सीमा पर लगा दिए लाउडस्पीकर ताकि गाजा के लोग भी सुन सकें नेतन्याहू का भाषण

पश्चिम एशिया में इजराइली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है कि गाजा वासी और अन्य लोग नेतन्याहू की बात सुनें। सेना ने इजराइल-गाजा सीमा पर लाउडस्पीकर लगा दिए थे ताकि नेतन्याहू का भाषण सुनाई दे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह भी कहा था कि एक अभूतपूर्व अभियान में इजराइली सेना गाजा के निवासियों और हमास सदस्यों के मोबाइल फोन अपने कब्जे में लेगी और उनके भाषण का इन मोबाइल के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या ऐसा हो पाया और किस हद तक हो पाया।

### ट्रंप का एलान- इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्जा करने की अनुमति नहीं देंगे

- अरब नेताओं से वार्ता के बाद बदला रुख, बोले- गाजा पर समझौता जल्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने बृहस्पतिवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा, मैं इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्ज़ा करने की इजाजत नहीं दूंगा। ऐसा नहीं होगा। हाल के वक्त में इजराइल का वेस्ट बैंक पर कब्जे की संभावना की बात सामने आई है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू से बात की है और वह कब्जे की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, बस बहुत हो गया। गाजा पर समझौता जल्द होगा। गाजा की तरह वेस्ट बैंक पर भी फिलिस्तीनी प्राधिकारियों का शासन है। ट्रंप को गाजा में लंबे युद्ध के कारण अरब देशों के नेताओं के दबाव का सामना करना पड़ा है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि कब्जे संबंधी इजराइल का कोई भी कदम लक्ष्मण रेखा लांघने जैसा होगा। इजराइल का 1967 से वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी पर दखल है। फिलिस्तीनी चाहते हैं कि इन क्षेत्रों को मिलकर उनके देश का निर्माण हो।

### संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल की सहयोगी 68 कंपनियों को काली सूची में डाला

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली बस्तियों के साथ व्यापारिक संबंधों के जरिये फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के उल्लंघन में संलिप्तता को लेकर 68 और कंपनियों को शुक्रवार को काली सूची में डाल दिया। काली सूची में उन कंपनियों को शामिल किया गया है, जो वेस्ट बैंक में ज्यादातर लोगों की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध मानी जानी वाली इजराइली बस्तियों को सहयोग एवं सहायता प्रदान करती हैं। इनमें निर्माण सामग्री और खुदाई मशीनों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों से लेकर सुरक्षा, यात्रा और वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां शामिल हैं। 'डेटाबेस ऑफ कंपनी' नाम की इस सूची में अब कुल 158 कंपनियां हैं, जिनमें से ज्यादातर इजराइल की हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया हो एकजुट : भारत

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली, एजेंसी**

- संयुक्त राष्ट्र मंत्रिस्तरीय बैठक में शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण दोहराया

भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर जोर दिया है। भारत ने आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है।


सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा। उन्होंने सार्वजनिक सेवा वितरण में जवाबदेही, पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने, नागरिकों के बीच विश्वास, सामाजिक सामंजस्य एवं स्थायी शांति को बढ़ावा देने के लिए जन-केंद्रित तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने पर जोर देते हुए कहा कि समूचा विश्व एक परिवार की तरह है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि शांति निर्माण कार्य मांग-आधारित और राष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी की मंत्रिस्तरीय बैठक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। राजदूत जॉर्ज ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत इस एजेंसी का एक विश्वसनीय साझेदार है, और वह इस क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़ा रहेगा।

इसके अलावा, उन्होंने यूरोपीय संघ की 'बाह्य कार्रवाई सेवा' की महासचिव सुश्री बेलेन मार्टिनेज़ कार्बोनेल से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को मजबूत करने और वैश्विक एवं क्षेत्रीय विकास पर विचारों के आदान-प्रदान पर व्यापक चर्चा की।

### एफबीआई के पूर्व निदेशक कॉमी पर संसद में झूठ बोलने और कार्यवाही बाधित करने के आरोप में मामला दर्ज

**वाशिंगटन।** एफबीआई के पूर्व निदेशक जेम्स कॉमी पर झूठा बयान देने और कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अटॉर्नी जनरल से कॉमी और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर अभियोजन कार्रवाई शुरू करने का आग्रह के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है। एफबीआई के पूर्व निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज होने के कुछ ही मिनटों बाद उनके दामाद ट्रॉय एडवर्ड्स ने संघीय अभियोजक के पद से इस्तीफा दे दिया। एडवर्ड्स ने इस्तीफे में लिखा कि उन्होंने संविधान और देश के प्रति अपनी शपथ निभाने के लिए नौकरी छोड़ी है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे अमेरिका के लिए न्याय बताया। ट्रंप की करीबी मानी जाने वाली अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और एफबीआई निदेशक काश पटेल ने भी इस कार्रवाई का समर्थन किया। कॉमी ने आरोप लगने के बाद एक वीडियो में कहा, मुझे अदालतों पर पूरा भरोसा है, मैं बेगुनाह हूं। अब अदालत में ही बात करेंगे।



## परमाणु क्षमता बढ़ाने की दिशा में भारत के काम की सराहना

**मास्को, एजेंसी**

- विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक ने कहा- दुनिया भारत को देख रही

विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा कि भारत स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन, भारत और एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है।

यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। लियोन ने कहा कि कई देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है। लियोन ने परमाणु क्षेत्र में भारत-रूस संबंधों पर बातचीत करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग हैं।



## यमन की राजधानी पर इजराइली हमला नौ लोगों की मौत

**अदन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को कहा कि उनके कब्जे वाली देश की राजधानी सना पर एक दिन पहले हुए इजराइली हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए हैं।

इससे पहले, बुधवार को दक्षिणी इजराइली शहर ऐलात में हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए ड्रोन हमले में 22 लोग घायल हो गए थे, जिसके बाद इजराइल ने जवाबी हमला किया। यमन के हूती-नियंत्रित उत्तरी हिस्से के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मृतकों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन वृद्ध शामिल हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि घायलों में 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 वृद्ध शामिल हैं।

# व्हाइट हाउस में शहबाज और मुनीर से मिले ट्रंप

## शहबाज ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का श्रेय देकर ट्रंप को शांति पुरुष बताया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की, जहां उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, छह साल में व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज ने ट्रंप को दुनिया भर में संघर्षों को समाप्त करने के उनके ईमानदार प्रयासों के लिए शांति पुरुष बताया और पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम कराने में उनके साहसी और निर्णायक नेतृत्व की सराहना की। जुलाई 2019 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने वाशिंगटन की यात्रा की थी और राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की थी, जिन्होंने पाकिस्तान पर अरबों डॉलर की सहायता प्राप्त करते हुए अमेरिका से झूठ बोलने, धोखा देने आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया था। ट्रंप के उत्तराधिकारी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया था और व्हाइट हाउस में आमंत्रित करना तो दूर, किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से फोन पर बात तक नहीं की थी।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा करते हुए, शहबाज ने विशेष रूप से गाजा और पश्चिमी तट में शांति बहाली के लिए विचारों के आदान-प्रदान के वास्ते मुस्लिम नेताओं को आमंत्रित करने की ट्रंप की पहल की सराहना की। विश्वास जताया कि ट्रंप के नेतृत्व में पाकिस्तान-अमेरिका साझेदारी पारस्परिक लाभ के लिए और मजबूत होगी।



व्हाइट हाउस में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के साथ ट्रंप।

### आतंक पर समर्थन के लिए ट्रंप को धन्यवाद

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई में पाकिस्तान की भूमिका का सार्वजनिक समर्थन करने के लिए ट्रंप का आभार जताया और सुरक्षा एवं खुफिया क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी सुविधानुसार पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा करने का निमंत्रण भी दिया।

### ट्रंप ने शहबाज शरीफ को बताया महान नेता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैठक से पहले मीडिया को बताया कि व्हाइट हाउस में एक महान नेता आने वाले हैं। ट्रंप ने कहा, असल में हमारे पास एक महान नेता आ रहे हैं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल। फील्ड मार्शल एक शानदार इंसान हैं और प्रधानमंत्री भी। यह बैठक लगभग एक घंटे 20 मिनट तक चली।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 सितंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 12.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अनुराधा 28 सितंबर 01.08 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** — आज अति-आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में अधिक बड़ा प्रयोग न करें। जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचना चाहिए।

**वृष** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। बौद्धिक कार्यों में आप भाग लेंगे। शोध कार्य में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहने वाला है।

**मिथुन** — आज विरोधी आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आस्था कम हो सकती है। कार्यक्षेत्र में लक्ष्य सरलता से प्राप्त कर लेंगे। आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क** — आज तनाव का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है, इसीलिए तनाव से बचें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सीय परामर्श अवश्य लें। नए अनुबंध हो सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अपनी क्षमता पर अविश्वास न करें।

**सिंह** — आज व्यापार में आपकी लापरवाही अत्यधिक नुकसानदेह सिद्ध होगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। पारिवारिक वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**कन्या** — आज व्यापार में अचानक धन-लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च पद प्राप्त होने की संभावना है। आपकी आय बहुत ही अच्छी रहेगी। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। करियर को लेकर शुभ-सूचना मिल सकती है।

**तुला** — आज लंबी दूरी की यात्रा से आपको धन लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। दांपत्य संबंध बहुत ही अच्छा रहेगा। आप अध्ययन के प्रति रुचि लेंगे। छोटे बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। व्यापार में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपको अपनी योग्यता दिखाने का अवसर मिलेगा। आपकी दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। महिलाएं शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। पैतृक संपदा मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। नकारात्मक शब्दों का प्रयोग न करें। कानूनी मामलों में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। उच्च अधिकारियों के साथ आपको परेशानी हो सकती है। परिवार में कलह का वातावरण रहेगा।

**मकर** — आज नौकरी में उच्च पद मिलने की संभावना है। व्यवसाय में बड़ी साझेदारी करने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक सहायक सिद्ध होगी। बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है।

**कुंभ** — आज आप लोगों की सहायता करना चाहेंगे। संतान की उन्नति से आप प्रसन्न रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष रुचि लेंगे। आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों से आपके संबंध सुधरेंगे। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा।

**मीन** — आज आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा करेंगे। परिजनों के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। व्यापार कर रहे लोगों को नए निवेशक मिल सकते हैं। सहकर्मी आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे। माता की सेहत का ध्यान रखें।

## सुडोकू-112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |

### सुडोकू - 111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |



इस बार, महिला क्रिकेट टीम विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयार है। मेरे लिए, चाहे पुरुष टीम हो या महिला टीम, कोई फर्क नहीं है, हमेशा भारत खेलता है और हमेशा भारत जीतता है। मैं हमेशा टीम इंडिया के साथ खड़ा रहूंगा।
-टाइगर श्रॉफ


# स्टेडियम

कानपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को हराया

**लखनऊ :** केएल राहुल (नाबाद 176) और साई सुदर्शन (100) की शतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने शुक्रवार को दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां मैच के चौथे दिन भारत ए ने कल के दो विकेट पर 169 से आगे खेलना शुरू किया। भारत ए ने 93.3 ओवरों में पांच विकेट पर 413 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने 210 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 176 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 420 रन का स्कोर बनाया जिसके जवाब में भारत ए टीम पहली पारी में 194 रनों पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 412 रनों का लक्ष्य दिया था।

### जमाल ने गोलकोंडा मास्टर्स खिताब जीता

**हैदराबाद :** बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को यहां भारी बारिश के कारण अंतिम दौर रद्द किए जाने के बाद एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स का विजेता घोषित किया गया। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा उपविजेता रहे। टूर्नामेंट का नतीजा 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया। हुसैन (61-62-64) तीसरे दौर के बाद 54 होल में 23 अंडर 187 के स्कोर की बदौलत चार शॉट से आगे चल रहे थे। इस तरह उन्होंने अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता।

### पैसिफिक बैडमिंटन में चार पदकों पर कब्जा

**नई दिल्ली :** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। विशेष ओलंपिक भारत की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम हारी

**कैनबरा :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को यहां नेशनल हॉकी सेंटर में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-21 टीम से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए लालथंतलुआंगी (47वें मिनट) और सोनम (54वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए बियांका जुरर (36वें मिनट), एवी सांसबी (45वें मिनट) और सैमी लव (59वें मिनट) ने गोल दागे। मैच के शुरुआती हाफ में दोनों टीम गोल करने में नाकाम रहीं। जुरर ने मध्यांतर के बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर ऑस्ट्रेलिया का खाता खोला जबकि इसके नौ मिनट के बाद सांसबी के गोल से टीम ने 2-0 की बढ़त कायम कर ली।

# दबाव लिए बिना खेल का लुत्फ उठाना चाहती हूं : हरमनप्रीत

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को आगामी आईसीसी महिला वनडे विश्व कप से पहले प्रशंसकों की उम्मीदों के बारे में पता है लेकिन वह पहली बार खिताब जीतने के दबाव में आए बिना इस पल का लुत्फ उठाना चाहती हैं। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 30 अक्टूबर को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगा।

हरमनप्रीत ने आईसीसी द्वारा आयोजित कप्तानों की संवाददाता सम्मेलन में कहा मुझे लगता है कि अपने देश की कप्तानी करना किसी भी खिलाड़ी के लिए हमेशा एक खास पल होता है। वनडे विश्व कप में अपने देश की कप्तानी करना और भी खास होता है और उससे भी बढ़कर यह घरेलू विश्व कप है इसलिए यह और भी विशेष है। उन्होंने कहा मेरा मतलब है, यह अविश्वसनीय है। जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मुझे अपने देश की कप्तानी करने का मौका मिलेगा, यह बस एक सपना ही था।

उन्होंने कहा वनडे विश्व कप 12 साल बाद भारत में हो रहा है और मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए बेहद शानदार होने वाला है। हम दबाव लिए बिना इस पल का लुत्फ उठाना चाहते है। भारत पांच अक्टूबर को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा, लेकिन हरमनप्रीत इस मैच से जुड़ी राजनीतिक बातों की चिंता करने के बजाय क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं।



आईसीसी के कप्तानों के संवाददाता सम्मेलन में भाग लेती भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट और न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन। एजेंसी

### भारत को हराना मुश्किल होगा : हीली

गत विजेता ऑस्ट्रेलिया की टीम सात बार चैंपियन रही है। कप्तान एलिसा हीली से जब पूछा गया कि क्या यह रिकॉर्ड उनके लिए एक बड़ी मुसीबत है? तो उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि किसी भी समय चीजों को लेकर बहुत ज्यादा आत्ममुग्ध होना ऑस्ट्रेलिया की संस्कृति में है। मुझे नहीं लगता कि यह इससे आसान हो सकता है। मुझे लगता है कि भारत को उसके घरेलू मैदान पर हराना वाकई बहुत मुश्किल होगा। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में भारत को उसके घरेलू मैदान पर एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हराकर अपनी तैयारियों को मजबूत किया।

- कप्तानों के संवाददाता सम्मेलन में हरमनप्रीत ने कहा देश के लिए खेलना हमेशा होता है खास

### इन कप्तानों ने लिया ऑनलाइन भाग

पाकिस्तान (फातिमा सना), श्रीलंका (चामरी अटापट्टू), दक्षिण अफ्रीका (लौरा वोल्वार्ड्ट) और बांग्लादेश (निगार सुल्ताना जोती) की कप्तानों ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया।

### भारत के खिलाफ श्रीलंका दबाव में नहीं : अटापट्टू

अटापट्टू ने कहा कि गुवाहाटी में टूर्नामेंट के पहले मैच में प्रबल दावेदार भारत से भिड़ने से पहले श्रीलंका की टीम किसी दबाव में नहीं है।

### बेखौफ खेलने का मौका मिलेगा : सोफी

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि उनकी टीम के लिए यह अच्छा है कि सब का ध्यान भारत और ऑस्ट्रेलिया पर है। ऐसे में उनकी टीम को बेखौफ क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। मुझे लगता है कि लोगों ने इसका जिक्र किया है और आप इस बारे में बात करते रह सकते हैं कि हमने पिछले साल (टी20) विश्व कप कैसे जीता था, लेकिन यह बिल्कुल अलग प्रारूप है। हमें पिछले साल दुबई से मिली सीख को अपनाना होगा। नैट-साइवर ब्रंट को इंग्लैंड की कप्तान और उनकी मुख्य बल्लेबाज होने की दोहरी जिम्मेदारी निभानी होगी। दायें हाथ की यह बल्लेबाज इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# एशिया कप के आखिरी सुपर 4 में भारत ने श्रीलंका को दिया 203 रनों का लक्ष्य

## बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने खेली ताबड़तोड़ पारियां

दुबई, एजेंसी

अभिषेक शर्मा ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक लगाया जबकि संजू सैमसन ने 39 रन की उपयोगी पारी खेलकर श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप के आखिरी सुपर 4 मैच में शुक्रवार को भारत को पांच विकेट पर 202 रन तक पहुंचाया।

यह इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले भारत ने ओमान के खिलाफ और अफगानिस्तान ने हांगकांग के खिलाफ 188 रन बनाये थे। अभिषेक ने 31 गेंद में 61 रन बनाये जबकि पांचवें नंबर पर सैमसन ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा ने 34 गेंद में नाबाद 49 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट की तरह अभिषेक ने पावरप्ले में गेंदबाजों को खासी नसीहत दी और अर्धशतकों की हैट्रिक लगाई। उन्होंने इस पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाये जबकि शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव सस्ते में आउट हो गए। अभिषेक हालांकि तीसरी बार शतक से चूक गए और श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका की गेंद पर डीप मिडविकेट सीमा पर कैच दे बैठे। गिल चार रन बनाकर महीष तीक्षणा का शिकार हुए। कप्तान सूर्यकुमार (12) को वानिंदु हसरंगा ने पगबाधा आउट किया। नये बल्लेबाजी क्रम में अपनी लय तलाश रहे सैमसन टूर्नामेंट में पहली बार शानदार फॉर्म में दिखे। उन्होंने तीन छक्के लगाये जिनमें हसरंगा को लगाया गया छक्का शानदार था। उन्होंने जगह बनाने के लिए अपने फ्रंटफुट को लेग स्टंप के बाहर रखा और साइट स्क्रीन पर तूफानी छक्का लगाया। अगले ओवर में उन्होंने दासुन शनाका को छक्का लगाया। उन्होंने तिलक के साथ 66 रन की साझेदारी की। अक्षर पटेल ने पारी का अंत छक्के से किया।



भारत के अभिषेक शर्मा श्रीलंका के खिलाफ शॉट लगाते हुए। एजेंसी

### यॉर्कशायर के लिए मयंक अग्रवाल ने जड़ा बड़ा शतक

**हेडिंग्ले :** भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (175) ने डरहम के खिलाफ यॉर्कशायर के लिए हेडिंग्ले में एक बेहतरीन शतक लगाया। इस शतक की मदद से उनकी टीम पहली पारी की बढ़त लेने की कगार पर है, ताकि वे रेलिगेशन से बचने की उम्मीद कर सके। यह यॉर्कशायर का इस काउंटी सीजन आखिरी मैच है। धूप भरे लीड्स के मैदान में यह बल्लेबाजों का दिन था, जहां दो खिलाड़ियों ने शतक लगाए।

# भारत-पाक झड़पों पर आईसीसी ने की कार्रवाई

दुबई, एजेंसी : एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमों में बढ़ते तनाव के बीच आईसीसी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले पर टिप्पणी के लिए भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया है जिसके खिलाफ बीसीसीआई ने अपील की है। जबकि भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के हारिस रऊफ को भी समान सजा सुनाई गई है। वहीं रविवार को भारत के खिलाफ मैच के दौरान बंदूक चलाने के अंदाज में जश्न मनाने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की।

टूर्नामेंट के एक सूत्र ने कहा आईसीसी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए टूर्नामेंट खत्म होने तक कोई आधिकारिक विज्ञप्ति जारी नहीं करेगी। यह विज्ञप्ति सोमवार को आ सकती है चूंकि भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल रविवार को खेला जाना है। दोनों टीमों के बीच अभी तक दो मैच हुए और दोनों भारत ने जीते हैं। आईसीसी को सजा के बारे में प्रेस विज्ञप्ति जारी करनी थी लेकिन बाद में तय किया गया कि टूर्नामेंट खत्म होने के बाद ऐसा किया जाएगा।

- सूर्यकुमार यादव पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया
- सजा के खिलाफ बीसीसीआई ने की अपील
- हारिस रऊफ पर भी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना
- साहिबजादा फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया

### बीसीसीआई फैसले से सहमत नहीं

समझा जाता है कि बीसीसीआई रिचर्डसन की इस राय से सहमत नहीं है कि सूर्यकुमार ने आतंकवादी हमले के पीड़ितों और अपने देश की सेना के प्रति एकजुटता दिखाकर आचार संहिता का उल्लंघन किया है। जानकार सूत्र ने कहा अगर भारतीय सेना के लिए खड़े होने वाले अपने कप्तान को बीसीसीआई सजा से बचा नहीं पाती तो इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। बीसीसीआई को कप्तान के लिए फटकार भी स्वीकार नहीं करनी चाहिए क्योंकि इसके भी मायने होंगे कि कप्तान सूर्यकुमार यादव दोषी है।

# सिर्फ फाइनल का नतीजा रखेगा मायने : हेसन

दुबई, एजेंसी

एशिया कप में भारत के हाथों दो शर्मनाक पराजय झेलने के बावजूद पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन का मानना है कि अब सब सिर्फ फाइनल का नतीजा मायने रखता है। जिसमें टूर्नामेंट में 41 साल में पहली बार चिर प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने होंगे।

भारत ने ग्रुप लीग मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से और सुपर 4 में छह विकेट से हराया। बांग्लादेश को 11 रन से हराने के बाद हेसन से जब पूछा गया कि खिलाड़ियों को क्या संदेश दिया है तो उन्होंने कहा हमें पता है कि हम 14 सितंबर को और 21 सितंबर को खेले थे। लेकिन अब सिर्फ एक ही मैच मायने रखता है और वह है फाइनल।

हमारा फोकस उसी पर है। हम सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने की कोशिश करेंगे। भारत और पाकिस्तान 1984 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कभी भी फाइनल में नहीं भिड़े हैं।

# चाइना ओपन में गॉफ का विजयी आगाज

बीजिंग (चीनी), एजेंसी

अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शुक्रवार को रूस की कामिला राखिमोवा को सीधे सेटों में हराकर चाइना ओपन में अपने खिताब के बचाव के अभियान की शुरुआत की। आज यहां खेले गए मुकाबले में गॉफ ने राखिमोवा को 6-4, 6-0 से हराया।

21 वर्षीय अमेरिकी टेनिस स्टार के लिए पहले सेट में युवा खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, क्योंकि उन्हें चार ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट की शुरुआत में कुछ और ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, उन्होंने पहले दौर का मुकाबला मात्र 44 मिनट में जीत लिया।

मैच के बाद गॉफ ने कहा मुझे उम्मीद थी कि मुकाबला कांटे का होगा। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों में उन्होंने शीर्ष खिलाड़ियों के साथ कड़ी टक्कर दी है। मैंने अपनी लय पकड़ ली और लय में आ गई। कोई भी पहला राउंड हारना नहीं चाहता, इसलिए मुझे लगता है कि मैं थोड़ी तनाव में थी, लेकिन मैं खुद को संभालने में कामयाब रही और मुझे लगता है कि इसका असर मेरे स्कोर पर दिखा।

### सिनर ने सिलिच को आसानी से हराया

शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-2, 6-2 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिनर ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और पहले सेट में तेज रिटर्न और प्रभावशाली बेसलाइन खेल से दो बार विपक्षी की सर्विस तोड़ी। दूसरे सेट में, उन्होंने 5-1 की बढ़त बना ली और बिना किसी कठिनाई के मैच जीत लिया। इससे पहले चीन के झांग झिझेन पहले दौर में फ्रांस के टेरेंस एटमाने से 2-0 से हार गए।



चीन में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल मैच में अमेरिका की कोको गॉफ कामिला राखिमोवा के खिलाफ शॉट लगाती हुई। एजेंसी

# क्रिकेटरों के तरीके ने प्रेरित किया : बोल्ट

मुंबई, एजेंसी

महान धावक उसेन बोल्ट का कहना है कि प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखने के बाद क्रिकेट उनके लिए ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा बना था। बोल्ट का नाम रफ्तार और विश्व रिकॉर्ड का पर्याय है, उन्होंने अपने करियर का अंत आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पोडियम स्थान के साथ किया जो कभी भी किसी भी ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ने हासिल नहीं किया।

जमैका के इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को जमनाबाई नरसी परिसर में फायरसाइड चैट में कहा मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा मुरीद रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को बढ़ते हुए देखना, वे जिस तरह से काम करते, वे जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते और खुद को पेश करते थे, उसने मुझे कम उम्र में कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया। जमैका ने माइकल होल्डिंग, कर्टनी वॉल्श, क्रिस गेल और जेफ डुजॉन जैसे कई दिग्गज क्रिकेटर दिए हैं तो हो सकता है कि बोल्ट पर उनका प्रभाव पड़ा हो। बोल्ट के नाम 100 मीटर में 9.58 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड है।

जमैका के 39 वर्षीय एथलीट ने कहा यह कठिन सफर था क्योंकि शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता, लेकिन मैं सचमुच दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता था इसलिए, मैंने चोटों, शंकाओं और कठिन समय के बावजूद खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनने के लिए प्रेरित किया, इसलिए, यह सिर्फ समर्पण है।



मुंबई के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जमैका के पूर्व धावक उसेन बोल्ट।

खेल के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। मुझे ट्रैक एंड फील्ड बहुत पसंद है इसलिए यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं बचपन से पसंद करता रहा हूं और मैंने इस पर बहुत मेहनत की है।
-उसेन बोल्ट

# फीफा ने विश्व कप के लिए तीन शुभंकर घोषित किए

**ज्यूरिख :** फीफा ने गुरुवार को 2026 विश्व कप के लिए तीन आधिकारिक शुभंकर घोषित किए। कनाडा का मूस मेपल, मेक्सिको का जगुआर जायु और संयुक्त राज्य अमेरिका का बाल्ड ईगल क्लच, जो तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के पहले संस्करण का प्रतिनिधित्व करेंगे। मेपल, जायु और क्लच को एकता, विविधता और फुटबॉल के प्रति साझा जुनून के प्रतीक के रूप में पेश किया गया।

प्रत्येक शुभंकर को अपने देश की संस्कृति और भावना को प्रतिबिंबित करते हुए दुनिया भर के प्रशंसकों को प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया था। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा मेपल, जायु और क्लच फीफा विश्व कप की तरह ही खुशी, ऊर्जा और एकजुटता की भावना से भरपूर हैं।

इंतजार खत्म | विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के मुकाबले आज से होंगे शुरू


# घरेलू सरजमीं पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को भारत तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्लेड रनर, कृत्रिम अंगों और व्हीलचेयर की मदद से प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के कुछ बेहतरीन पैरा खिलाड़ी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद शनिवार से यहां शुरू हो रही अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अद्भुत साहस, संकल्प और संघर्ष क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

भारत विश्व पैरा खेलों की उभरती हुई ताकत बन चुका है और पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। पांच अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के 12वें सत्र का उद्घाटन बृहस्पतिवार को यहां के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। यह अब तक की सबसे बड़ी पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप है जिसमें 104 देशों के लगभग 2200 खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद हैं। भारत, कतर (2015), यूएई (2019) और जापान (2024) के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला चौथा एशिया देश बना है। इस दौरान 1500 से अधिक पैरा एथलीट 186 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे जो 2024 के जापान (कोबे) सत्र से 15 अधिक हैं।

पेरिस पैरालंपिक में 308 (112 स्वर्ण, 96 रजत और 100 कांस्य) पदक जीतने वाले 100 से अधिक पदक विजेता यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस बार कुल 101 पुरुष, 84 महिला और मिश्रित स्पर्धा होंगी। यह पहली बार है जब भारत इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। विश्व पैरा एथलेटिक्स के अध्यक्ष पॉल फिट्जगेराल्ड ने कहा कि इसमें कई विश्व रिकॉर्ड बनेंगे और नए चैंपियन सामने आएंगे। उन्होंने विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत की सराहना की। उन्होंने कहा अब तक की सबसे बड़ी पैरा विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी का श्रेय भारत को जाता है। यह पहली बार है जब पैरा एथलेटिक्स के लिए प्रतियोगिता और अभ्यास स्थल दोनों जगहों पर मोंडो ट्रैक बिछाई गई है। यह ट्रैक खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर करने के साथ चोट के खतरे को कम करती है। अभ्यास क्षेत्र में फ्लड लाइट्स भी लगाई गई हैं ताकि खिलाड़ी सुबह या सूर्यास्त के बाद भी अभ्यास कर सकें। इसके पास एक अत्याधुनिक फिटनेस सेंटर भी बनाया गया है।



शुभंकर विराज।

### शीर्ष पांच में जगह बनाने का लक्ष्य

भारत अपने अब तक के सबसे बड़े 74 एथलीटों के दल को मैदान में उतारते हुए पदक तालिका में शीर्ष पांच में जगह बनाने का लक्ष्य बना रहा है। भारत ने 2019 में दुबई सत्र में नौ पदक (दो स्वर्ण, दो रजत, पांच कांस्य), 2023 में पेरिस में 10 (तीन स्वर्ण, चार रजत, तीन कांस्य) और 2024 में जापान के कोबे में 17 पदक (छह स्वर्ण, पांच रजत, छह कांस्य) जीतकर छठा स्थान हासिल किया था। दीप्ति जीवनजी (महिला 400 मीटर टी20), सचिन खिलारी (पुरुष गोला फेंक एफ46), अजीत (पुरुष भाला फेंक एफ64), एकता भ्यान (महिला क्लब थ्रो एफ51) और सिमरन शर्मा (महिला 200 मीटर टी12) 2024 में जीते गए अपने स्वर्ण पदकों का बचाव करने की उम्मीद करेंगी।